* वर्ष 41 * अंक 95 * प्रभात * पंजीयन सं. 46518/85 * पृष्ठ 8 * मूल्य ₹ 3 /- * संस्थापक : स्व. श्री कुंजबिहारी आचार्य

# दैनिक पुकार

www.dainikpukar.com

उदयपुर रविवार दिनांक 4 जनवरी 2026

दक्षिणी राजस्थान का प्रमुख हिन्दी दैनिक

# वेनेजुएला पर अब अमेरिका का कब्जा

## 50 विमानों के साथ ऑपरेशन चलाकर राष्ट्रपति मादुरो को पकड़ा



अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर मादुरो की एक तस्वीर पोस्ट की है। तस्वीर में मादुरो ने ग्रे रंग का नाइकी स्वेटसूट पहना हुआ है। हथकड़ी लगे हाथों में वे पानी की एक बोतल पकड़े हुए हैं। आंखों पर काली पट्टी बंधी है, जबकि कान में हेडफोन लगे हुए हैं।



### बेडरूम से पत्नी के साथ घसीटकर निकाला

**काराकस (एजेंसी)।** डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि अब वेनेजुएला पर अमेरिका का कब्जा है। उन्होंने कहा कि जब तक वहां हालात ठीक नहीं हो जाते, वेनेजुएला को अमेरिका ही चलाएगा। ट्रम्प ने अमेरिकी सैनिकों की तारीफ कर कहा कि ऐसी बहादुरी दुनिया का कोई और देश नहीं दिखा सकता। वहीं अमेरिका के जॉइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ के चेयरमैन जनरल डैन केन ने बताया कि मादुरो को पकड़ने के ऑपरेशन में 150 से ज्यादा प्लेन शामिल थे। इससे पहले अमेरिका ने बीती रात करीब 2 बजे (भारतीय समय के मुताबिक शनिवार सुबह 11.30 बजे) वेनेजुएला के 4 शहरों पर एकसाथ हमला किया था। इस दौरान राष्ट्रपति निकोलस मादुरो एक मिलिट्री बेस में सो रहे थे। सीएनएन ने अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से बताया कि उन्होंने मादुरो और उनकी पत्नी को बेडरूम से घसीटकर बाहर निकाला और अपने कब्जे में ले लिया। फिलहाल मादुरो और उनकी पत्नी सिलिया एडेला को अमेरिकी सैनिक न्यूयॉर्क लेकर आ रहे हैं।

**वेनेजुएला में इमरजेंसी लागू**

अमेरिकी हमले के बाद वेनेजुएला के राष्ट्रपति मादुरो ने बयान जारी कर कहा था कि वे जवाब देंगे। उन्होंने देशभर में इमरजेंसी लगाने का ऐलान किया था। उनके बयान जारी करने के 1 घंटे बाद ट्रम्प ने उन्हें पकड़ने का ऐलान किया।

### वेनेजुएला पर हमले की 3 बड़ी वजह

1. अमेरिका का कहना है कि वेनेजुएला की सरकार अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा बन रही थी और वहां से अमेरिका के खिलाफ साजिशें हो रही थीं।
2. ट्रम्प का आरोप है कि वेनेजुएला उनके देश में कोकीन और फेंटेनाइल जैसी खतरनाक ड्रग्स की तस्करी का बड़ा रास्ता बन चुका है। इसे खत्म करने के लिए मादुरो को सत्ता से हटाना जरूरी है।
3. ट्रम्प का आरोप है कि मादुरो की नीतियों से लाखों वेनेजुएलाई लोगों को देश छोड़ अमेरिका भागना पड़ा। उन्होंने जेल और मानसिक अस्पताल से अपराधियों को अमेरिका भेजा।



फ्लोरिडा के मार-ए-लागो रिसॉर्ट से इस पूरे घटनाक्रम की लाइव देखते राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप

### ट्रंप ने बताया कहां हैं मादुरो और उनकी पत्नी

इस सैन्य ऑपरेशन के बाद ट्रंप ने फॉक्स न्यूज को बताया कि मादुरो और उनकी पत्नी वर्तमान में अमेरिकी नौसेना के युद्धपोत 'यूएसएस इवो जीमा' पर सवार हैं और उन्हें मुकदमे का सामना करने के लिए न्यूयॉर्क ले जाया जा रहा है। ट्रम्प ने एक फोटो भी जारी किया और कहा कि श्री मादुरो अमेरिकी जहाज पर हैं। राष्ट्रपति ट्रंप ने इस कार्रवाई को जायज ठहराते हुए कहा कि वेनेजुएला के राष्ट्रपति 'नार्को-आतंकवाद' (नशीली दवाओं की तस्करी) में शामिल थे। उन्होंने कहा, ट्रंप जो कहता है, वो करता है। मादुरो को कई मौके दिए गए थे, लेकिन उन्होंने अमेरिका के खिलाफ काम करना जारी रखा। अब वेनेजुएला के भविष्य का फैसला हम करेंगे। उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने भी सोशल मीडिया पर पुष्टि की कि अमेरिका ने मादुरो को सत्ता छोड़ने के कई रास्ते दिए थे, लेकिन उन्होंने इनकार कर दिया।

### उपराष्ट्रपति डेल्सी रोडिग्ज ने बताया साम्राज्यवादी हमला और अपहरण

वेनेजुएला की उपराष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज ने इसे अमेरिका का साम्राज्यवादी हमल और अपहरण करार दिया है। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से मादुरो और उनकी पत्नी के 'जीवित होने का प्रमाण' मांगा है। वेनेजुएला के रक्षा मंत्री व्लादिमीर पाद्रिनो लोपेज़ ने इस हमले को अवैध बताते हुए प्रतिरोध जारी रखने का संकल्प लिया है। इस हमले ने पूरे अंतरराष्ट्रीय जगत में हडकंप मच गया। चीन, रूस और ईरान ने अमेरिका की इस कार्रवाई की कड़ी निंदा की है और इसे एक संप्रभु राष्ट्र पर हमला बताया है। कोलंबिया के राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो ने मानवीय संकट की आशंका जताते हुए सीमा पर सेना को अलर्ट कर दिया है। यूरोपीय संघ ने सावधानी भरा बयान जारी करते हुए अंतरराष्ट्रीय कानूनों के सम्मान और शांति बनाए रखने की अपील की है।

### विपक्षी नेता बोली- आजादी का समय आ गया



वेनेजुएला की विपक्षी नेता और नोबेल शांति पुरस्कार विजेता मारिया कोरिना मचाडो ने शनिवार को कहा कि अमेरिका द्वारा निकोलस मादुरो को पकड़ने के बाद उनके देश के लिए आजादी का समय आ गया है। मचाडो, जो जुलाई 2024 में मादुरो के विवादित दोबारा चुनाव के बाद से ज्यादातर छिपी हुई थीं, ने एक बयान में कहा कि विपक्षी उम्मीदवार एडमंडो गोंजालेज उरुटिया, जिनके बारे में विपक्ष का कहना है कि उन्होंने चुनाव जीता है, को राष्ट्रपति के तौर पर तुरंत अपना संवैधानिक पद संभालना चाहिए। उन्होंने कराकस पर सुबह-सुबह अमेरिकी सेना के हमले के बाद सोशल मीडिया पर पोस्ट किया, वेनेजुएला के लोगों, आज़ादी का समय आ गया है। मचाडो दिसंबर में अपना नोबेल पुरस्कार लेने के लिए छिपकर ओस्लो जाने के बाद से विदेश में एक अज्ञात जगह पर हैं।

## वेनेजुएला पर हमले के बाद भारत की पहली प्रतिक्रिया, अपने नागरिकों के लिए जारी की एडवाइजरी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** वेनेजुएला में अमेरिका के हमले और पत्नी सहित राष्ट्रपति निकोलस मादुरो के पकड़े जाने के बाद भारत की भी प्रतिक्रिया सामने आई है। भारत सरकार ने अपने नागरिकों को वेनेजुएला के हालात को देखते हुए वहां की गैर जरूरी यात्रा से बचने की सलाह दी है। विदेश मंत्रालय ने एक एडवाइजरी जारी की है। विदेश मंत्रालय ने वेनेजुएला में मौजूद सभी भारतीयों से भी अत्यधिक सावधानी बरतने और अपनी आवाजाही सीमित रखने को कहा है। विदेश मंत्रालय के बयान में कहा गया, 'जो भारतीय किसी भी कारण से वेनेजुएला में हैं, उन्हें अत्यधिक सतर्क रहने, अपनी गतिविधियां सीमित रखने और काराकस स्थित भारतीय दूतावास के संपर्क में रहने की सलाह दी जाती है।' वेनेजुएला में लगभग 50 अनिवासी भारतीय (एनआरआई) और 30 भारतीय मूल के लोग रहते हैं।

## बांग्लादेशी क्रिकेटर मुस्तफिजुर रहमान केकेआर से बाहर

### बीसीसीआई के निर्देश के बाद निकाला

**मुंबई (एजेंसी)।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने बांग्लादेशी क्रिकेटर मुस्तफिजुर रहमान को टीम से बाहर कर दिया है। बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर हो रही हिंसा के बीच उन्हें टीम से हटाने की मांग उठ रही थी। इसके बाद बीसीसीआई ने शाहरुख खान की आईपीएल टीम केकेआर को मुस्तफिजुर रहमान को हटाने का निर्देश दिया था, जिसके बाद यह फैसला लिया गया। केकेआर ने ट्वीट किया- बीयीयीअसई के निर्देश के बाद सभी जरूरी प्रक्रियाओं और आपसी परामर्श के बाद मुस्तफिजुर को टीम से बाहर कर दिया गया है। आईपीएल नियमों के अनुसार बीसीसीआई ने केकेआर को एक रिप्लेसमेंट खिलाड़ी लेने की अनुमति दी है। इससे जुड़ी आगे की जानकारी समय आने पर साझा की जाएगी। इससे पहले बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने आज सुबह कहा, हाल के दिनों में जो घटनाक्रम सामने आए हैं, उन्हें देखते हुए बोर्ड ने केकेआर को मुस्तफिजुर को रिलीज करने का निर्देश दिया है। अगर फ्रेंचाइजी किसी रिप्लेसमेंट खिलाड़ी की मांग करती है, तो उसे इसकी अनुमति दी जाएगी। बांग्लादेश में हिंदुओं के साथ हो रही हिंसा के बीच रहमान के आईपीएल में खेलने का विरोध हो रहा है। वहां पिछले 14 दिन में 4 हिंदुओं की हत्या की जा चुकी है।



## यमन में सऊदी अरब का हवाई हमला, 20 की मौत

### सरकार-अलगाववादी गुट में जंग छिड़ी, सेना ने मिलिट्री बेस को कब्जे से छुड़ाया



**सना (एजेंसी)।** यमन में सऊदी अरब की एयरस्ट्राइक में 20 अलगाववादी लड़ाके मारे गए हैं। यह घटना शुक्रवार को दक्षिणी प्रांत के हद्रामौत में हुई जहां अलगाववादी संगठन सदर्न ट्रांजिशनल काउंसिल (STC) के एक ठिकाने को निशाना बनाया गया। इसमें 20 से ज्यादा लोग घायल भी हो गए हैं।

इस बीच यमन सरकार ने सैन्य कार्रवाई कर अलगाववादी गुट से अहम मिलिट्री बेस वापस अपने कब्जे में लेने का दावा किया है। हद्रामौत के गवर्नर सालेम अल-खानबाशी ने कहा कि सुरक्षाबल सिर्फ एसटीसी के कब्जे से सैन्य ठिकानों को वापस लेने की कोशिश कर रहे हैं। यह हमला ऐसे समय में हुआ है जब दो दिन पहले ही यूएई ने यमन से अपनी सेना वापस बुलाने की बात कही थी। इसके पहले सऊदी अरब ने श्व को देश से बाहर निकलने के लिए 24 घंटे की समय सीमा दी थी। STC यमन का एक अलगाववादी संगठन है, जो कि यमन के दक्षिणी हिस्से को आजाद कराने के लिए जंग लड़ रहा है। इस संगठन को यूएई का समर्थन मिलता है।

## जावर मंदिर में साढ़े 5 किलो चांदी चोरी, दान पात्र से 4-5 लाख रुपए भी ले गए चोर

### ग्रामीणों में आक्रोश, बोले- 6 महीने से बंद पड़े हैं सीसीटीवी कैमरे

**उदयपुर (पुकार)।** उदयपुर से करीब 35 किलोमीटर दूर जावर माता शक्तिपीठ में बीती रात चोरी की बड़ी वारदात सामने आई है। अज्ञात चोर मंदिर से माताजी के चांदी के आभूषण और दानपात्र में रखी नकदी लेकर फरार हो गए। चोरों ने दान पेटी और गर्भगृह के ताले तोड़कर करीब साढ़े चार किलो चांदी के मुकुट, छत्र और अन्य आभूषणों के साथ 4 से 5 लाख रुपए की नकदी चोरी कर ली।

घटना के बाद जावर गांव के ग्रामीणों ने पुलिस को लिखित रिपोर्ट सौंपी, जिस पर टीडी थाना पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई है। संयुक्त हस्ताक्षर के साथ पुलिस को दी रिपोर्ट में बताया कि शुक्रवार देर रात को अज्ञात चोरों ने मंदिर की दान पेटी का ताला तोड़ दिया और उसमें रखी नकदी ले गए।

**चांदी के ये आभूषण हुए चोरी :** ग्रामीणों ने बताया कि 1.25 किलो वजन का चांदी का मुकुट, 750 ग्राम का चांदी का छत्र, 620 ग्राम के चरण पायल, 22 तोला के चांदी के मेडल, चांदी की 4 कटोरियां और 4 थालियां, बड़ी चांदी की कटोरी, चांदी के तिलम, बिछुआ और रजड़ी सहित करीब साढ़े 5 किलो चांदी के आभूषण शामिल है।

**हर तीन महीने में खोलते है दान पात्र :** पुजारी जगदीश ने बताया कि वह हमेशा सभी आभूषण अपने घर लेकर जाता है, लेकिन शुक्रवार की रात को वह घर ले जाना भूल गया। बताते है कि दान पेटी 3 माह बाद इसी सप्ताह में खुलने वाली थी, जिसमें करीब 4 से 5 लाख रुपए की राशि थी। उनका कहना है कि यहां हर तीन महीने में जब दान पेटी खोलते है तब औसत इतनी ही राशि निकलती है।

**टीडी थाने से पुलिस की टीम पहुंची :** सूचना पर सरपंच प्रकाश चंद्र मीणा और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंचे और टीडी पुलिस को घटना की जानकारी दी। टीडी पुलिस थाने से एएसआई कालूराम मौके पर आए और घटना की पूरी जानकारी ली। एएसआई कालूराम ने बताया कि मौका पर्चा बनाने के साथ ही जांच शुरू कर दी गई है।



**ग्रामीणों की आमसभा, आक्रोश जताया :** चोरी की घटना के बाद ग्रामीणों ने आमसभा बुलाई और चोरी को लेकर आक्रोश जताया। ग्रामीणों ने कहा कि मंदिर में करीब 6 महीने से सीसीटीवी कैमरे बंद पड़े हैं, इसके अलावा रात में तैनात गार्ड के घर पर मौत होने के कारण छुट्टी पर चल रहा है। ऐसे में मंदिर में दूसरे गार्ड को भी नहीं लगाया गया है। यह सारी व्यवस्था देवस्थान विभाग को करनी चाहिए थी, लेकिन ऐसा नहीं किया गया और ये चोरी की वारदात हो गई। आमसभा में ही ग्रामीणों ने पुजारी जगदीश को चोरी का खुलासा नहीं होने तक गर्भ गृह में जाने के लिए मना किया। साथ ही देवस्थान विभाग से मंदिर को ग्रामीण कमेटी को सौंपने की मांग की।

## 14 नक्सली ढेर, सभी के शव और हथियार बरामद, देवा का 20 नक्सलियों समेत सरेंडर





**बीजापुर (एजेंसी)।** छत्तीसगढ़ में शनिवार सुबह दो अलग-अलग जगहों पर मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने 14 नक्सलियों को मार गिराया है। सुकमा के किस्टाराम इलाके में 12 और बीजापुर में 2 नक्सली मारे गए हैं। सभी के शव और हथियार बरामद कर लिए गए हैं। मारे गए माओवादियों में कुख्यात माओवादी कोंटा एरिया कमेटी प्रभारी वेट्टी मंगडू उर्फ मुक्का और कोंटा एरिया कमेटी सचिव माड़वी हितेश उर्फ हुंगा शामिल हैं। इलाके में सर्च ऑपरेशन जारी है। दोनों ओर से रुक-रुककर फायरिंग हो रही है। इस बीच छत्तीसगढ़ का मोस्ट वांटेड नक्सली स्पेशल जोनल कमेटी मेंबर (SZCM) देवा बारसे ने हैदराबाद में अपने 20 साथियों के साथ हथियार डाल दिए हैं। हैदराबाद में पुलिस ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी दी है। देवा अपने साथियों के साथ तेलंगाना के मुलुगु पहुंचा था, जहां से पुलिस उसे हैदराबाद लेकर पहुंची थी। बड़ी संख्या में हथियार और कैश भी नक्सलियों ने सरेंडर किए हैं।

**सुकमा-बीजापुर में 14 नक्सली ढेर :** सुकमा के किस्टाराम इलाके में नक्सलियों की मौजूदगी के इनपुट पर डीआरजी की टीम को ऑपरेशन के लिए रवाना किया गया था। इस दौरान शनिवार सुबह करीब 8 बजे नक्सलियों ने फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में फोर्स ने 12 नक्सलियों को ढेर कर दिया। सभी के शव और हथियार बरामद कर लिए गए हैं। सर्चिंग जारी है। इधर, बीजापुर में माओवादियों की मौजूदगी की इनपुट मिलने के बाद सुरक्षाबलों ने अभियान शुरू किया। डीआरजी (डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड) की टीम नक्सल विरोधी ऑपरेशन पर निकली थी। इसी दौरान शनिवार तड़के नक्सलियों ने फायरिंग शुरू कर दी।

सुबह करीब 5 बजे से माओवादियों के साथ रुक-रुककर मुठभेड़ चल रही है। सर्च ऑपरेशन के दौरान मुठभेड़ स्थल से अब तक दो नक्सलियों के शव बरामद किए गए हैं। मुठभेड़ की पुष्टि एसपी जितेंद्र यादव ने की है। मारा गया एक नक्सली एरिया कमेटी मेंबर है, जिस पर पर 5 लाख का नाम इनाम था, जबकि दूसरा 8 लाख का इनामी था।

## इंदौर के बाद गुजरात के गांधीनगर में 100 लोग अस्पताल में भर्ती; पानी के सेंपल लिए

**गांधीनगर (एजेंसी)।** इंदौर के बाद अब गुजरात के गांधीनगर के कई इलाकों में प्रशासन ने लोगों को पानी उबालकर पीने और साफ-सफाई बरतने की सलाह दी है। बताया जाता है कि टाइफाइड के चलते 104 संदिग्ध मरीजों को सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। स्वास्थ्य जांच में पता चला है कि प्रभावित क्षेत्रों का पीने का पानी असुरक्षित है जिसके बाद नगर निगम ने घर-घर सर्वेक्षण और क्लोरीन की गोलियां बांटना शुरू कर दिया है। खुद केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। मरीजों के इलाज के लिए 22 डॉक्टरों की टीम तैनात की गई है। प्रशासन ने लोगों को पानी उबालकर पीने और साफ-सफाई बरतने की सलाह दी है।

**बच्चों समेत 104 मरीज भर्ती :** पीटीआई-भाषा की रिपोर्ट के मुताबिक, गांधीनगर में बड़े पैमाने पर टाइफाइड के मामले सामने आए हैं। अधिकारियों ने बताया कि बच्चों समेत 104 मरीजों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बीते 3 दिनों में सिविल अस्पताल में टाइफाइड के मरीजों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है। बाल चिकित्सा वार्ड में 104 मरीजों को भर्ती कराया गया है। खुद उपमुख्यमंत्री हर्ष संघवी ने शनिवार को गांधीनगर सिविल अस्पताल में हालात की समीक्षा की।

हर्ष संघवी ने बताया कि मरीजों के इलाज के लिए 22 डॉक्टरों की एक टीम गठित की गई है।

## देशभर में 2026 का पहला सुपरमून दिखा : चांद सामान्य से 14 गुना बड़ा और 30% ज्यादा चमकीला नजर आया

**कोलकाता (एजेंसी)।** देशभर में शनिवार की रात सबसे बड़ा चांद यानी सुपरमून दिखाई दे रहा है। यह 2026 का पहला सुपरमून है। इस दौरान चंद्रमा का आकार सामने से करीब 14 गुना बड़ा दिखा। साथ ही 30त्र ज्यादा चमकीला भी नजर आया।

सुपरमून को बिना किसी उपकरण के भी आसानी से देखा जा सकता है लेकिन अगर कोई दूरबीन या छोटा टेलिस्कोप इस्तेमाल करे, तो चांद की सतह की बनावट ज्यादा साफ नजर आती है। यह सुपरमून अक्टूबर से शुरू हुए चार महीनों के सुपरमून रन का आखिरी था। इसके बाद 2026 के अंत में अगला सुपरमून दिखेगा।



सुपरमून तब होता है, जब पृथ्वी और चंद्रमा के बीच की दूरी सबसे कम हो जाती है। इस वजह से चांद ज्यादा बड़ा और चमकीला दिखाई देता है। सुपरमून को देखने पर ऐसा लगा जैसे यह पृथ्वी के करीब आ रहा है। आमतौर पर चंद्रमा सबसे दूर 4,05,000 किलोमीटर और सबसे करीब 3,63,104 किलोमीटर दूर होता है।

खगोलीय भाषा में इसे सुपर वुल्फ मून कहा जाता है। जनवरी की ठंड में उत्तरी गोलार्ध में पहले भेड़ियों की आवाजें ज्यादा सुनाई देती थीं, इसलिए इस महीने की पूर्णिमा को वुल्फ मून नाम मिला।

## घर से ही शुरू होना चाहिए लव जिहाद रोकने का प्रयास, आरएसएस चीफ ने बताई हिंदू परिवारों की 'कमी'

**नई दिल्ली (एजेसी)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (RSS) प्रमुख ने शनिवार को कहा कि 'लव जिहाद' को रोकने के प्रयास परिवार से ही शुरू होने चाहिए। उन्होंने इसके लिए परिवारों में संवाद, महिलाओं में जागरूकता और सामूहिक सामाजिक प्रतिक्रिया की आवश्यकता पर बल दिया। आरएसएस की ओर से जारी विज्ञप्ति में कहा गया कि संगठन की ओर से यहां आयोजित 'स्त्री शक्ति संवाद' कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भागवत ने महिलाओं की सामाजिक भूमिका पर चर्चा के दौरान 'लव जिहाद' के मुद्दे का उल्लेख किया। 'लव जिहाद' शब्द का इस्तेमाल दक्षिणपंथी संगठन मुस्लिम पुरुषों द्वारा हिंदू महिलाओं का कथित तौर पर प्रेम संबंध या शादी के जाल में फंसाकर इस्लाम धर्म में धर्मांतरण कराने के संदर्भ में करते हैं। भागवत ने कहा कि परिवारों को यह आत्ममंथन करना चाहिए कि किसी परिवार की लड़की किसी अजनबी के प्रभाव में कैसे आ जाती है। उन्होंने इसे परिवारों में संवाद की कमी का परिणाम बताया।

आरएसएस प्रमुख ने कहा कि इस दिशा में तीन स्तरों पर प्रयास जरूरी हैं, जिनमें परिवारों के भीतर निरंतर संवाद, लड़कियों में जागरूकता पैदा करना और स्वयं की रक्षा के लिए उन्हें सक्षम बनाना तथा ऐसे अपराध करने वालों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई शामिल है। उन्होंने कहा कि सामाजिक संगठनों को भी सतर्क रहना चाहिए और समाज को सामूहिक रूप से प्रतिक्रिया देनी चाहिए, ताकि इस समस्या का समाधान निकाला जा सके।



## संक्षिप्त समाचार

### मुस्कान वरिष्ठ नागरिक क्लब की पत्रिका 'मधुर मुस्कान' के नवीन अंक का विमोचन



**उदयपुर (पुकार)।** मुस्कान वरिष्ठ नागरिक क्लब, उदयपुर की त्रैमासिक पत्रिका 'मधुर मुस्कान' के इक्कीसवें वर्ष के प्रथम अंक (जनवरी-मार्च 2026) का विमोचन आज गट्टानी फाउंडेशन के संरक्षक मंडल एवं मुस्कान क्लब की कार्यकारिणी के सदस्यों द्वारा किया गया। यह पत्रिका वरिष्ठ नागरिकों की रचनात्मक अभिव्यक्ति और क्लब की सामाजिक-सांस्कृतिक गतिविधियों का सशक्त माध्यम बनी हुई है। पत्रिका का संपादन एम.पी. माथुर एवं रमेशचन्द्र जोशी द्वारा किया गया है। इसके माध्यम से क्लब की गतिविधियों, सदस्यों की साहित्यिक रचनाओं तथा वरिष्ठ जनों की आवश्यकताओं के अनुरूप पठनीय सामग्री को स्थान दिया गया है। अंक में अक्टूबर-दिसंबर 2025 की अवधि में आयोजित शरद पूर्णिमा उत्सव, दीपावली मिलन समारोह, हास्य नाटक, काव्य पाठ, टिफिन पिकनिक, योग, स्वास्थ्य जांच शिविर जैसी विविध गतिविधियों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया गया है। साथ ही सदस्यों द्वारा प्रस्तुत नृत्य, गीत, अंताक्षरी एवं विशेष अतिथियों की प्रस्तुतियों को भी रेखांकित किया गया है। अंक की समीक्षा करते हुए मीडिया प्रभारी प्रोफेसर विमल शर्मा ने बताया कि इस पत्रिका में प्रकाशित कविताएं एवं आलेख मानव जीवन, स्त्री विमर्श, स्वास्थ्य, सामाजिक सरोकारों और उत्सवों पर केंद्रित हैं, जो क्लब की सुदृढ़ साहित्यिक परंपरा को दर्शाते हैं। संरक्षक श्रीमती कौशल्या गट्टानी का लेख 'आत्म बोध' बालकों की प्रतिभा और रुचि को पहचानकर उसके विकास पर बल देता है। प्रमुख कविताओं में कमल सौंधी की 'स्त्री', दलपत सिंह कुंभट की 'फूट को विदा कर दीजिए', रीता श्रीमाली की 'जिंदगी' तथा नववर्ष पर केंद्रित कविताएं विशेष रूप से उल्लेखनीय हैं। आलेख खंड में संगीत का महत्व, दर्द के सकारात्मक संकेत, जीवन दर्शन, स्ट्रोक से संबंधित जानकारी एवं प्रेरक स्मृतियों पर उपयोगी सामग्री दी गई है। इसके साथ ही दिवंगत श्रीमती संतोष शर्मा एवं श्रीमती हेमलता शर्मा को सचित्र श्रद्धांजलि अर्पित की गई है।

### भलो का गुड़ा, मानपुरा, नामरी ओर भीमल पहुंची सेमी फाइनल में



**उदयपुर (पुकार)।** डांगी सेवा संस्थान खेल संघ उदयपुर के तत्वाधान में आयोजक गांव पुला द्वारा आयोजित 38वीं क्रिकेट टूर्नामेंट के सेमी फाइनल मैच में भलो का गुड़ा, मानपुरा, नामरी ओर भीमल की टीमों ने अपनी जगह बनाई है। 24 दिसंबर को शुरू हुए इस टूर्नामेंट में डांगी समाज की कुल 64 टीमों ने भाग लिया। टूर्नामेंट को लेकर डांगी समाज के खेल प्रेमियों के साथ ही समाज जनों का भारी उत्साह देखा जा रहा है। खेल संघ अध्यक्ष रामलाल डांगी, पूला उपाध्यक्ष केशु लाल डांगी, सचिव रमेश डांगी, दिनेश डांगी, पुष्कर डांगी, प्रवीण डांगी, गणेश डांगी, प्रकाश डांगी, भगवती डांगी, निर्मल डांगी शंभू लाल डांगी, धर्म नारायण डांगी, बाबूलाल डांगी, कपिल डांगी ने क्वार्टर फाइनल मैच में खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन कर आगे की रूपरेखा तैयार करी।

### भाजपा नेता डॉ शास्त्री के पितृ शोक में विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने दी श्रद्धांजलि



**उदयपुर (पुकार)।** भाजापा आपदा राहत एवं सहयोग विभाग राजस्थान के प्रदेश संयोजक डॉ जिनेंद्र शास्त्री के पिता स्व. लक्ष्मीचंद जैन भोरावत के निधन पर शनिवार को राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी शोक संवेदना व्यक्त करने उनके पैतृक निवास पहुंचे। सेक्टर-11 स्थित 630/बी सिख कॉलोनी में देवनानी ने स्व. लक्ष्मीचंद जैन को पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और शोक संतप्त परिवार को सांत्वना दी। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा, स्व. लक्ष्मीचंद जैन सरल, धर्मपरायण एवं समाजसेवी प्रवृत्ति के व्यक्ति थे। उनके द्वारा जीवनभर अपनाए गए संस्कार और मूल्य आज भी उनके परिवार के आचरण में स्पष्ट रूप से दिखाई देते हैं। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति तथा शोकाकुल परिवार को इस अपार दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। भाजपा मीडिया प्रभारी डॉ सीमा चम्पावत ने बताया कि देवनानी ने शोक संतप्त परिवार की माताजी पुष्पा देवी जैन, पुत्र मनोहर जैन, डॉ जिनेंद्र शास्त्री, बहु भारती जैन, डॉ सीमा जैन, बहन आशा जैन सहित परिवार के अन्य सदस्यों रम्यक जैन, उमंग जैन और शुद्धि जैन से भेंट कर अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं। श्रद्धांजलि अर्पित करने के दौरान भाजपा मुखर्जी मंडल अध्यक्ष विजय आहूजा, भाजपा नेता इरशाद चैनवाला, किसान नेता सुरेश वैष्णव सहित भाजपा के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता भी उपस्थित थे।

### जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उदयपुर ने केंद्रीय कारागृह का मासिक निरीक्षण किया



**उदयपुर (पुकार)।** सदस्य सचिव राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के तत्वाधान मे ज्ञान प्रकाश गुप्ता जिला एवं सेशन न्यायाधीश (अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उदयपुर) द्वारा केंद्रीय कारागृह उदयपुर का मासिक औचक निरीक्षण किया।

एडीजे कुलदीप शर्मा एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उदयपुर ने बताया कि केन्द्रीय कारागृह उदयपुर के मासिक निरीक्षण के दौरान बंदियों को निःशुल्क विधिक सहायता, अपील चिकित्सा, भोजन, नाश्ते, मुलाकात, एस टी डी, वी सी से पेशी इत्यादि की जानकारी ली गई । निरीक्षण के दौरान अधीक्षक केंद्रीय कारागृह उदयपुर राजपाल सिंह उपस्थित रहे । मासिक निरीक्षण के दौरान बंदीजन की अपील एवं निःशुल्क विधिक सहायता के संबंध में विशेष निर्देश प्रदान दिए गए।





# श्वांस जितनी धीमी, उम्र उतनी लंबी होगी : जगद्गुरु वसंत विजयानन्द गिरी

### महालक्ष्मी कोटि कुंकुमार्चन यज्ञ पूजा साधना महोत्सव अंतिम चरण की ओर

### गुरुदेव ने बताए योग शास्त्र के गूढ़ रहस्य



**उदयपुर (पुकार)।** मीरा नगर के विशाल प्रांगण में कृष्णगिरी पीठाधीश्वर जगद्गुरु पूज्यपाद श्री वसंत विजयानन्द गिरी जी महाराज के पावन स्नेहाशीष में चल रहे श्री महालक्ष्मी कोटि कुंकुमार्चन यज्ञ पूजा साधना महामहोत्सव अंतिम चरण की ओर अग्रसर है। एक साथ हजारों श्रद्धालु अनुशासित बैठ महायज्ञ विधान, पूजा और साधना में कर रहे हैं। समिति के अध्यक्ष नानालाल बया, महामंत्री देवेन्द्र मेहता ने बताया कि श्री एकलिंगनाथ शिव पुराण कथा के छठे दिन जगद्गुरु श्री वसंत विजयानन्द गिरी जी महाराज ने योग शास्त्र की गहरी बातें बताई। आपने बताया कि जब आप अत्यधिक हताशा, निराशा महसूस करें तो किसी बगीचे में जाकर बैठिये। वहां शांत बैठकर थोड़ा ध्यान करें और तीन बार गहरी सांस लेकर छोड़ें। स्वतः अत्यधिक ऊर्जा से भर उठेंगे। नाभि से गहरी श्वांस खींचे, हवा न खींचें। श्वांस जितनी धीमी लेंगे उम्र उतनी लंबी होगी। कछुआ इसका जीवंत प्रमाण है। यह योग शास्त्र का रहस्य है किंतु उतना ही आसान है। गुरुदेव ने कहा आप अपना आभामंडल सुधारने का सतत प्रयत्न करें। तब आपको मनोवांछित सफलताएं मिलना स्वतः प्रारंभ हो जाएगी। मकड़ी को आभामण्डल के लिए कहीं नहीं जाना पड़ता। उसके द्वारा बनाया जाल उसका आभामण्डल है जिसमें उसके मन के अनुसार वस्तुएं स्वतः आकर्षित होकर आती है।

गुरुदेव ने बताया जिन्हें अपने घर मे नकारात्मक शक्ति, टोने टोटके का डर सताता है। वे नर्सरी से सफेद गुड़हल का पौधा लाएं और अपने घर में ऐसे स्थान पर रखें जहां उसे प्रकाश हवा पर्याप्त मिल सके। शाम को रखा हुआ यह पौधा सुबह कुम्हला जाए तो समझिए घर में नकारात्मक शक्तियों का असर हो सकता है। रविवार के दिन एक कटोरे में खड़ा नमक का घोल बनाकर शरीर पर अच्छे से मलें फिर स्नान करें। सभी नकारात्मकता नष्ट होगी। प्रज्ञा जितनी अच्छी होगी, शक्ति भी उतनी ही ऊर्जावान होगी।

गुरुदेव ने विभिन्न मुद्राओं के माध्यम से सुख समृद्धि, शांति प्राप्त करने के उपाय बताये। साथ ही विभिन्न मुद्राओं के माध्यम से देवी देवताओं की कृपा आकर्षित करने के तरीके भी चमकाए।

जगदुरू श्री वसन्त विजयानन्द गिरी जी महाराज ने कथा में कहा वशिष्ट ऋषि, कवचिक राजा, इंद्र, कामधेनु, नंदिनी के प्रसंग का विस्तार पूर्वक वर्णन किया। राजा द्वारा नंदिनी को बलपूर्वक ले जाने का कृत्य किया जा रहा था तब वेदना से भरी नंदिनी ने मां को करुणा से पुकारा। मां कामधेनु प्रकट हुई और कामधेनु के बताए मार्ग अनुसार भगवान एकलिंगजी को प्रणाम करने पहुंची। सींगों से भूमि को कुरेदकर नंदिनी ने एकलिंगजी के समक्ष रक्षमाम, त्राहिमाम की पुकार की। भगवान भोले प्रकट हुए और नंदिनी को वरदान दिया। नंदिनी ने हुंकार भरकर नाक से श्वांस की ऐसी फुफकार की कि कवचिक राजा की समूची सेना नष्ट हो गई। भोले के प्रताप और महिमा जानकर कवचिक भी भोले की साधना में लीन होगये। जो ऋषि विश्वामित्र कहलाये और जग कल्याण करने निकल पड़े। गुरुदेव ने कथा का सार बताया कि अहंकार अंततः हारता है। दुख जीवन को निखारता है। सुख में आनन्द जरूर आता है लेकिन जीवन में निखार दुख से ही आता है।

**विधायक कृपलानी ने लिया जगद्गुरु श्री वसंत विजयानन्द गिरी जी से आशीर्वाद-**

कथा में राजस्थान के पूर्व यूडीएच मंत्री एवं निम्बाहेड़ा विधायक श्री श्रीचंद कृपलानी ने उपस्थित होकर जगद्गुरु पूज्यपाद श्री वसंत विजयानन्द गिरी जी का आशीर्वाद लिया। श्री कृपलानी ने गुरुदेव को पुष्प माला अर्पित की। श्री कृपलानी का कृष्णगिरी शक्तिपीठ के अध्यक्ष श्री शंकेश जैन ने उपरना और माला पहनाकर सम्मान किया।

सुबह साधना विधान में जगद्गुरु श्री वसंत विजयानन्द गिरी जी के श्रीमुख से गहन मंत्रोच्चार के साथ हजारों श्रद्धालु धर्म लाभ ले रहे हैं। समृद्धि को आकर्षित करने वाले जीबू कॉइन, समृद्धि कलश सिद्ध किये जा रहे हैं, वहीं पवित्र श्री महालक्ष्मी यज्ञ में भी रोजाना तीन से चार घंटे अनवरत प्रक्रिया में श्रद्धालु बड़ी संख्या में शामिल हो रहे हैं।

## एकलिंगनाथ सेवा संगठन की नारी वैभव मुहिम पूरे राजस्थान में चलाने की आवश्यकता : माहेश्वरी

### महिलाओं को स्वरोजगार के अवसर प्रदान कर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाएगा



**उदयपुर (पुकार)।** राजसमंद विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने कहा कि श्री एकलिंग नाथ राष्ट्रीय सेवा संगठन जा चलाई जा रही नारी वैभव मुहिम को पूरे राजस्थान में चलाए जाने की आवश्यकता है जिससे जरुरत मंद हजारों महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाया जा सकेगा।

विधायक श्रीमती माहेश्वरी शनिवार को एकलिंग नाथ राष्ट्रीय सेवा संगठन के राजसमंद सेंटर के शुभारंभ अवसर पर बडी संख्या में उपस्थित महिलाओं को संबोधित कर रही थी। उन्होंने कहा कि नारी वैभव मुहिम के तहत सिलाई और ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण से बडी संख्या में महिलाएं आत्मनिर्भर बनेगी और अपने परिवार को आर्थिक सहयोग कर पाएगी। उन्होंने कहा कि वे राजसमंद में इस संगठन की शाखा को पूरा सहयोग प्रदान करेंगी और जो भी महिलाएं रोजगार से जुडना चाहती हैं उन्हें हर संभव मदद करेंगी। श्रीमती माहेश्वरी ने कहा कि मुझे पूर्ण विश्वास है कि यह प्रशिक्षण केंद्र क्षेत्र की महिलाओं को स्वरोजगार के अवसर प्रदान कर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा तथा उनके आत्मविश्वास और स्वावलंबन को नई दिशा देगा। इस सराहनीय पहल के लिए श्री एकलिंगनाथ राष्ट्रीय सेवा संगठन का अभिनंदन प्रकट करती हूं। उदयपुर के संस्थापक अध्यक्ष आकाश बागडी ने कहा कि 2026 में संगठन ग्रामीण क्षेत्र में हजारों महिलाओं को प्रशिक्षण देकर आत्मनिर्भर बनाएगा। नायरा गृह उद्योग से भी बडी संख्या में महिलाओं को जोडा जाएगा। बागडी शुक्रवार को संगठन की राजसमंद शाखा के शुभारंभ मौके पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि संगठन अपनी ग्रामीण शाखाओं का और विस्तार कर रहा है। राजसमंद में भी नारी वैभव मुहिम के तहत हजारों महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाकर रोजगार से जोडा जाएगा। बागडी ने बताया कि राजसमंद के राजनगर कस्बे में मालीवाडा, सामुदायिक केंद्र पर प्रशिक्षण शिविर शुरु किया जा रहा है। संगठन के नए सेंटर पर महिलाओं व युवतियों को सिलाई एवं ब्यूटी पार्लर का प्रशिक्षण दिया जाएगा। बागडी ने बताया कि राजसमंद में सिलाई व ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण के प्रति महिलाओं को खूब रुचि देखी गई है। इस पर स्थानीय जिला अध्यक्ष से जिले में अन्य क्षेत्रों में भी सेंटर खोलने व महिलाओं को जोडने के निर्देश दिए हैं। इस मौके पर कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने भी इस पहल की सराहना की है तथा बागडी को सभी संभव सहयोग देने का भी आश्वासन दिया है। कार्यक्रम में युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष मोहन कुमावत, नगर अध्यक्ष दिनेशजी, नगर महामंत्री भगवानसिंह, नगर महामंत्री रजनीकांता साहू व पार्षद सुरेश माली भी उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि संगठन ने ग्रामीण क्षेत्रों में भी अपनी शाखाएं खोली है। उदयपुर के अलावा जोधपुर, भीलवाडा, चित्तौड़गढ़ जिलों में भी संगठन के सेंटर चल रहे हैं।

### सुविवि- 'हिंदी साहित्य में राष्ट्रीय चेतना' विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी कल से

**उदयपुर (पुकार)।** मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर के हिंदी विभाग द्वारा अखिल भारतीय साहित्य परिषद, उदयपुर तथा राजस्थान साहित्य अकादमी, उदयपुर के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन 5 एवं 6 जनवरी को किया जा रहा है। संगोष्ठी का विषय 'हिंदी साहित्य में राष्ट्रीय चेतना' है। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. आशीष सिसोदिया व समन्वयक आशा पाण्डे ओझा ने बताया कि यह संगोष्ठी 5 जनवरी को प्रातः 10.30 बजे से विश्वविद्यालय परिसर स्थित गोल्डन जुबली गेस्ट हाउस में शुरू होगी। उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि प्रो. नंदकिशोर पाण्डेय, कुलगुरु, हरिदेव जोशी पत्रकारिता विश्वविद्यालय, जयपुर होंगे। मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. पवनपुत्र बादल, राष्ट्रीय महामंत्री, अखिल भारतीय साहित्य परिषद अपने विचार प्रस्तुत करेंगे। वहीं प्रज्ञा केवलरामानी (आई.ए.एस.), संभागीय आयुक्त एवं प्रशासक, राजस्थान साहित्य अकादमी, उदयपुर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगी। संगोष्ठी की अध्यक्षता प्रो. बी. पी. सरस्वत, कुलगुरु, मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर करेंगे। संगोष्ठी के विभिन्न सत्रों में हिंदी साहित्य के माध्यम से राष्ट्रीय चेतना के विभिन्न आयामों पर विद्वानों द्वारा विचार-विमर्श किया जाएगा।

### उपमुख्यमंत्री ने कोटा ट्रैवल मार्ट में उदयपुर डिवीजन की सहभागिता को बताया प्रभावी



**उदयपुर (पुकार)।** होटल फेडरेशन ऑफ राजस्थान द्वारा आयोजित कोटा ट्रैवल मार्ट में उदयपुर डिवीजन की सहभागिता काफी प्रभावशाली रही। इस दौरान, उदयपुर डिवीजन द्वारा एक आकर्षक स्टॉल स्थापित किया गया, जो दर्शकों का ध्यान आकर्षित करने में सफल रहा। होटल संस्थान दक्षिणी राजस्थान के सचिव राकेश चौधरी ने बताया कि इस विशेष आयोजन में राजस्थान की उपमुख्यमंत्री एवं पर्यटन मंत्री दीया कुमारी का आगमन हुआ। उन्होंने होटल संस्थान दक्षिणी राजस्थान एवं उदयपुर डिवीजन के संयुक्त पवेलियन में स्थापित स्टॉल का दौरा किया। इस मौके पर, होटल फेडरेशन ऑफ राजस्थान, उदयपुर डिवीजन के संरक्षक एवं होटल संस्थान दक्षिणी राजस्थान के अध्यक्ष सुभाष सिंह राणावत ने उपमुख्यमंत्री का स्वागत करते हुए उन्हें उपरना ओढ़ाकर आत्मीय अभिनंदन किया। उपमुख्यमंत्री ने स्टॉल का निरीक्षण करते हुए उदयपुर क्षेत्र की पर्यटन संभावनाओं, होटल उद्योग, सांस्कृतिक धरोहर और आगामी पर्यटन विकास योजनाओं पर जानकारी ली। उन्होंने इस प्रयास की सराहना करते हुए उदयपुर में पर्यटन के विकास में हो रहे प्रयासों को महत्वपूर्ण बताया। इस दौरान, होटल संस्थान दक्षिणी राजस्थान एवं उदयपुर डिवीजन के संरक्षक सुभाष सिंह राणावत, अध्यक्ष राकेश चौधरी, उपाध्यक्ष के.पी. अग्रवाल, सचिव अंबालाल साहू, सहसचिव योगेश्वर सिंह कुमावत समेत पर्यटन क्षेत्र से जुड़े कई प्रमुख लोग उपस्थित रहे। आखिर में, उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी को आगामी राजस्थान ट्रैवल ट्रेड फेयर में शामिल होने का औपचारिक निमंत्रण भी दिया गया।

## बेघरबारों का सपना पूरा किया कॉ. बी.एल.सिंघवी ने : चण्डालिया



**उदयपुर (पुकार)।** नगर विकास प्रन्यास और राजस्थान हाउसिंग बोर्ड की स्थापना का उद्देश्य आम नागरिक को आवास उपलब्ध करवाना रहा है, लेकिन ये संस्थाएं अपने उद्देश्य में असफल रही। वहीं उदयपुर में हजारों गरीबों को आवास के लिए जमीन कॉ. बी.एल.सिंघवी, कॉ. भंवरलाल बारबर, कॉ. आयल दास के नेतृत्व में आज से पचास साल पहले आंदोलन में मिली। उतने आवास तो नगर विकास प्रन्यास व हाउसिंग बोर्ड ने अपनी स्थापना से आज तक उदयपुर में उपलब्ध नहीं करवाये। यह विचार कॉ. बी.एल.सिंघवी की 10वीं पुण्यतिथि एवं उदयपुर में कच्ची बस्ती आंदोलन के 50 वर्ष पूरे होने पर शिक्षाविद प्रो. हेमेन्द्र चण्डालिया ने देवाली में आयोजित सभा में व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति का एक आवास का सपना होता है, लेकिन मौजूदा व्यवस्था में गरीबों को तो क्या, एक मध्यम वर्ग के व्यक्ति का भी यह सपना पूरा नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि आज हर व्यक्ति के आवास के सपने को पूरा करने के लिए एक बी.एल.सिंघवी, भंवरलाल बारबर, आयलदास की जरूरत ही नहीं, बल्कि सैंकड़ों बी.एल.सिंघवी, भंवरलाल बारबर, आयलदास की जरूरत है।

इस अवसर पर माकपा देवाली शाखा सचिव व शिक्षाविद जगदीश सालवी ने कहा कि इस धरती पर करोड़ों लोग मनुष्य के रूप में जन्म लेते हैं, लेकिन कुछ ही अपने व्यक्तिगत स्वार्थ को छोड़, दूसरों के जीवन की बेहतरी के लिए अपना सब कुछ न्यौछावर कर देते हैं, उनमें से एक नाम कॉ. बी.एल.सिंघवी का है। उन्होंने कहा कि कॉ. सिंघवी चाहते तो अपने एवं अपने परिवार के जीवन को भौतिक सुख सुविधाओं से पूर्ण कर सकते थे, लेकिन उन्होंने गरीबों, किसानों, मजदूरों एवं आदिवासियों के जीवन को बेहतर बनाने की लड़ाई में अपना जीवन समर्पित कर दिया।

सभा में माकपा शहर सचिव हीरालाल सालवी ने कहा कि प्रगतिशील एवं कम्युनिस्ट नाम से लाखों लोग हैं, लेकिन कॉ. बी.एल.सिंघवी जैसे कुछ ही लोग प्रगतिशील सिद्धान्तों से कोई समझौता नहीं करते। सभा में बोलते हुए माकपा के पूर्व जिला सचिव प्रताप सिंह देवड़ा ने कहा कि कॉ. बी.एल.सिंघवी का जीवन ही अपने आप में संदेश है।

सभा में कच्ची बस्ती फेडरेशन के सचिव दामोदर कुमावत ने कहा कि कॉमरेड बी.एल.सिंघवी ने अपना सम्पूर्ण जीवन गरीबों, आदिवासियों, दलितों एवं आम जनता के जीवन को बेहतर बनाने के संघर्ष को समर्पित कर दिया। कॉ. बी.एल.सिंघवी एक व्यक्ति नहीं, एक आंदोलन का नाम है। सभा को सम्बोधित करते हुए तेजावत नगर कच्ची बस्ती फेडरेशन के अध्यक्ष नानालाल कुमावत ने कहा कि आपातकाल के दौर में जो भाजपा नेता जेल गये, वो मीसा बंदी पेंशन लेकर अपनी देशभक्ति का मुआवजा ले रहे हैं, लेकिन कॉ. बी.एल.सिंघवी ने आपातकाल के दौरान लगभग 9 माह जेल में रहने के बाद भी मीसा बंदी पेंशन लेना स्वीकार नहीं किया और वो ऐसे नेता थे, जो सिर्फ देशभक्ति के दावे नहीं करते थे, वरन् 30 सालों तक अपने कार्यालय, घर की साफ सफाई करने के बाद डेढ़ से दो घण्टे कॉलोनी की नालियों की सफाई करके साबित की।

सभा में माकपा जिला सचिव एवं पूर्व पार्षद राजेश सिंघवी ने कहा कि एक आम पिता अपने बच्चे के करियर के लिए बच्चे के जन्म से ही चिंतित होता है और उसके करियर को 'पद-प्रतिष्ठा-पैसे' तक सीमित कर देता है, जिससे उस बच्चे का स्वतंत्र विकास रुक जाता है, लेकिन मेरे पिता कॉ. सिंघवी ने कभी भी हम पर कोई इच्छा नहीं थोंपी। सभा को माकपा शहर सचिव पार्षद राजेन्द्र वसीटा, छोगालाल सेन, जावेद खान, शमशेर खान, मुनव्वर खान, ताराचंद पालीवाल, गट्टू बाई आदि वक्ताओं ने सम्बोधित किया और कॉ. सिंघवी द्वारा शोषण विहीन समाज की स्थापना के लिए जारी संघर्ष को आगे बढ़ाने के निर्णय को दोहराया। इस अवसर पर माकपा जिला कार्यालय शिराली भवन में प्रातः 10.00 बजे कॉ. सिंघवी की तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

### सत्यनारायण भगवान ने पोष पूर्णिमा पर भक्तों को आशीर्वाद

**उदयपुर (पुकार)।** पौष मास की पूर्णिमा पर मार्कंडेय आध्यात्मिक ट्रस्ट के महामंत्री आचार्य पंडित नीरज आमेटा के मार्गदर्शन में सत्यनारायण भगवान की पूजा और कथा का आयोजन किया गया। इस विशेष अवसर पर भक्तों ने भगवान सत्यनारायण की कथा का श्रवण किया और साथ ही हनुमान चालीसा का पाठ किया। आचार्य पंडित नीरज आमेटा ने बताया कि पौष पूर्णिमा पर भगवान सत्यनारायण अपने भक्तों की हर इच्छा को पूर्ण करते हैं। इस दिन भगवान को कदली फल, मेवा और लड्डू का भोग अर्पित किया गया, जिसके बाद आरती की गई और प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर कई श्रद्धालु उपस्थित थे, जिनमें डॉक्टर एल के आचार्य, पंडित नीरज आमेटा, ललित जी सिंगलीकर, गीता जी सिंगलीकर, आभा आमेटा, लीला आचार्य, शारदा जी सिंगलीकर, कंचन जी चंदेरिया सहित अन्य भक्त शामिल थे। सभी भक्तों ने अपनी सामर्थ्य के अनुसार दान पुण्य अर्पित किया और इस दिन की महिमा का अनुभव किया।

**बी प्लस**

### मैरिंगो सीम्स हॉस्पिटल ने गुजरात में पहली बार किया ट्रांसकैथेटर ट्राइकसपिड वाल्व रिप्लेसमेंट

**उदयपुर (पुकार)।** मेडिकल सायन्स और ह्युमानिटी के अद्भुत संगम की मिसाल पेश करते हुए, मैरिंगो सीम्स हॉस्पिटल ने गुजरात में पहली बार ट्रांसकैथेटर ट्राइकस्पिड वाल्व रिप्लेसमेंट प्रक्रिया को सफ लतापूर्वक अंजाम देकर चिकित्सा इतिहास रच दिया है। यह एडवान्स्ड और लाईफ सेविंग प्रोसेस 61 वर्षीय महिला पेशन्ट पर की गई, जिनके जीवन में पहले ही तीन बड़ी हार्ट सर्जरी हो चुकी थीं और जिनके लिए ट्रेडिशनल ओपन-हार्ट सर्जरी अब संभव नहीं रह गई थी। पेशन्ट की ट्रिटमेन्ट अत्यंत चुनौतीपूर्ण और प्रेरणादायक रही है। वर्ष 1984 में उनकी पहली हार्ट वाल्व सर्जरी हुई, इसके बाद 1996 में एक जटिल री-डू सर्जरी की गई और फि र 2016 में ट्राइकसपिड वाल्व रिप्लेसमेंट किया गया। समय के साथ बदला हुआ वाल्व कमजोर हो गया और उसमें गंभीर लीकेज शुरू हो गया। मैरिंगो सीम्स हॉस्पिटल के डायरेक्टर - कार्डियो थोरेसिक एंड वैस्कुलर सर्जरी एवं हार्ट ट्रांसप्लांट सर्जन, डॉ. धीरेन शाह ने कहा - इस मेडिकल माईलस्टोन को और भी अधिक ह्युमेनिटेरियन और अर्थपूर्ण बनाता है पेशन्ट के परिवार का वह योगदान जिसके अंतर्गत उनके एक निकट संबंधी ने पूर्व में कैडैवर अंगदान का निर्णय लेकर पाँच लोगों की जान बचाई थी।

# गोगुंदा में चोरों का तांडव: बस स्टैंड क्षेत्र में एक ही रात 7 जगह ताले तोड़े








## वारदात सीसीटीवी में कैद

**गोगुन्दा (पुकार)।** उदयपुर जिले के गोगुंदा कस्बे में शुक्रवार देर रात अज्ञात नकाबपोश चोरों ने जमकर उत्पात मचाते हुए चोरी की कई वारदातों को अंजाम दिया। मुख्य बस स्टैंड क्षेत्र में चोरों ने तीन दुकानों, तीन हाथ लारियों और एक सूने मकान के ताले तोड़कर चोरी की, जिससे पूरे कस्बे में सनसनी और दहशत का माहौल बन गया।

मिली जानकारी के अनुसार रात करीब 1:30 बजे चोर बस स्टैंड क्षेत्र में पहुंचे। सबसे पहले उन्होंने खूबी लाल पुत्र भगवान लाल तेली के कपड़े की दुकान का ताला तोड़ा। इसके बाद राम सिंह राजपूत की किराना दुकान तथा पास ही स्थित ओम जनरल स्टोर (राजेश रावल) के ताले तोड़े गए। इसी दौरान पुलिस वाहन के गुजरने पर चोर कुछ देर के लिए पास की गली में छिप गए।

इसके बाद चोर स्कूल के बाहर लगी हाथ लारियों की ओर बढ़े। उन्होंने रोशन वेद की दुकान के सामने लगी आलू-पराठा विक्रेता सोहनलाल पुत्र गणेश लाल लोहार की हाथ लारी का ताला तोड़कर नकदी चुरा ली। इसके पश्चात पास ही भेरू सिंह की चाय की लारी का ताला तोड़कर बिस्कुट व सिगरेट ले गए। वहीं समद खां की हाथ लारी से चोरों ने करीब 12 हजार रुपये से अधिक का माल सामान चुरा लिया।

इसके बाद चोर तालाब की ओर गए, जहां उन्होंने मोतीलाल प्रजापत के सूने मकान के ताले तोड़े। बताया जा रहा है कि चोरों ने वहीं चोरी किए गए बिस्कुट भी खाए। इसके अलावा करीब पांच अन्य स्थानों पर भी ताले तोड़े गए, लेकिन शटर नहीं खुल पाए, जिससे बड़ी चोरी की वारदात टल गई।

पूरी चोरी की घटना दो अलग-अलग सीसीटीवी कैमरों में कैद हुई है, जिनमें चोर लोहे की सरियों से ताले तोड़ते हुए साफ दिखाई दे रहे हैं।

एक ही रात में सात स्थानों पर हुई चोरी की वारदात से कस्बे में दहशत फैल गई। घटना की सूचना ग्रामीणों द्वारा गोगुंदा थाना पुलिस को दी गई, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची।

गोगुंदा थानाधिकारी श्याम सिंह चारण ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने जांच शुरू कर दी है। मौके पर एएसआई नंदलाल नागदा और विनेश कुमार को भेजा गया, जिन्होंने घटनास्थल का निरीक्षण कर सीसीटीवी फुटेज खंगाले। पुलिस फुटेज के आधार पर चोरों की पहचान व तलाश में जुटी हुई है।

# उदयपुर में फेल्सपार खनन पर बड़ी कार्रवाई, 9 पट्टे जांच के दायरे में

### उत्पादन में असामान्य अंतर मिलने पर ड्रोन सर्वे

### 8 खनन पट्टों की हो चुकी तकनीकी जांच



**उदयपुर (पुकार)।** अरावली संरक्षण को लेकर राज्य सरकार के निर्देशानुसार अवैध खनन की रोकथाम के लिए अरावली विस्तार वाले जिलों में विशेष अभियान के तहत उदयपुर जिले में प्रभावी कार्यवाहियां जारी हैं। इसी क्रम में उदयपुर में खनिज फेल्सपार के खनन पट्टों में उत्पादन व निर्गमन में पाई गई असामान्य विसंगतियों को गंभीरता से लेते हुए जिला कलक्टर नमित मेहता के निर्देश पर खनन विभाग ने बड़ी कार्रवाई शुरू कर दी है। वित्तीय वर्ष 2024-25 की तुलना में 2025-26 के दौरान कुछ खनन पट्टों में उत्पादन में अत्यधिक अंतर सामने आने के बाद विभाग ने प्रारंभिक जांच कर कुल 9 खनन पट्टों को चिन्हित किया है।

खनि अभियंता आसिफ अंसारी ने बताया कि स्थिति की वास्तविकता सामने लाने के लिए विभाग द्वारा राजस्थान राज्य खनिज अन्वेषण ट्रस्ट (आरएसएमईटी) के माध्यम से ड्रोन सर्वे कराकर वॉल्यूमेट्रिक गणना की जा रही है। इस सर्वे के जरिए खनन क्षेत्र की वर्तमान स्थिति, अवशिष्ट खनिज भंडार और वास्तविक उत्खनन का तकनीकी एवं तथ्यपरक आकलन किया जा रहा है। खास बात यह है कि फेल्सपार वेन/डिपॉजिट की प्रकृति को देखते हुए भू-वैज्ञानिक विशेषज्ञों की टीम को भी सर्वे में शामिल किया गया है, जिससे जांच पूरी तरह वैज्ञानिक और पारदर्शी रहे।

उक्त श्रेणी में शामिल 9 में से 8 खनन पट्टों का ड्रोन सर्वे पूर्ण हो चुका है। जिन खनन पट्टों का सर्वे किया गया है, उनमें खनन पट्टा संख्या 161/2010 - मानक श्याम मिनरल्स, 4/2023 - प्यारी डांगी, 154/2010 - गुरु आशीष मिनरल्स, 5/2020 - लक्ष्मीचन्द भंसाली, 7/2018 - प्रभुसिंह, 11/2019 - भागचन्द, 12/2019 - धनना कुम्हार तथा 6/2020 - अर्पित भंसाली शामिल हैं।

खनन विभाग ने स्पष्ट किया है कि ड्रोन सर्वे एवं सत्यापन रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद यदि किसी भी स्तर पर अनियमितता या नियमों का उल्लंघन पाया जाता है, तो संबंधित खनन पट्टाधारियों के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। श्री अंसारी ने बताया कि अवैध खनन पर नियंत्रण, पारदर्शिता बनाए रखने और राजस्व हितों की सुरक्षा के लिए विभाग पूरी तरह प्रतिबद्ध है और आगे भी इसी तरह सख्त कदम उठाए जाएंगे।

# श्रीमाली समाज को मिला संस्कारों का नया केंद्र

### संस्कार भवन का भव्य लोकार्पण कल

### श्रीमाली समाज के भामाशाहों के योगदान को समर्पित रहेगा संस्कार भवन लोकार्पण समारोह



**उदयपुर (पुकार)।** श्रीमाली समाज के लिये दूरगामी सोच के साथ बनाए गये श्री संस्कार भवन का लोकार्पण समारोह रविवार को आयोजित होगा। इस भव्य लोकार्पण समारोह के दौरान इसके निर्माण में बने भामाशाहों का भी सम्मान किया जायेगा। इस भव्य लोकार्पण एवं भामाशाह सम्मान समारोह की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा चुका हैं। टाइगर हिल स्थित श्री संस्कार भवन के लोकार्पण के बाद वहीं सम्मान समारोह का भी आयोजन होगा। इस भवन का स्वप्न समाज के प्रमुख हस्ताक्षर रहे अजमेर विश्विद्यालय के पूर्व कुलपति स्वर्गीय प्रो विजय श्रीमाली और प्रेमशंकर बोहरा देखा गया था जो आज पूर्ण होता देख समाज जनों का काफी उत्साहित कर रहा है।

संस्कार भवन सम्पत्ति व्यवस्था ट्रस्ट द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में रविवार को सुबह 11.15 पर भूतल सहित तीन मंजिला भवन का लोकार्पण किया जायेगा। यहीं नहीं तीन मंजिल भवन के निर्माण में सहयोग करने वाले भामाशाहों सहित संस्कार भवन के विकास में योगदान देने वाले सभी भामाशाहों का भी सम्मान किया जायेगा। लोकार्पण समारोह और भामाशाह सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि खेमप्रकाश जोशी रहेंगे तो वहीं प्रेरणा पाथेय सत्यनारायण श्रीमाली और विशिष्ठ अतिथि प्रेमशंकर बोहरा होंगे।

ट्रस्ट के अध्यक्ष रविन्द्र श्रीमाली ने बताया कि लोकार्पण समारोह के साथ सम्मान समारोह का आयोजन करने का उद्देश्य उन सभी भामाशाहों के प्रति समाज जनों का आभार व्यक्त करना हैं जिन्होंने इस भवन के निर्माण में सहयोग कर समाजजनों के सार्वजनिक और निजी कार्यक्रमों के लिये एक बेहतरीन स्थान उपलब्ध करा दिया हैं। रविन्द्र श्रीमाली ने बताया कि सभी भामाशाहों का सम्मान करने में संस्था हर्ष का अनुभव करेगी।

कार्यक्रम संयोजक जयप्रकाश श्रीमाली ने बताया कि लोकार्पण समारोह के बाद भामाशाह सम्मान समारोह आयोजित होगा जिसमें प्रथम तल निर्माण के सहयोगकर्ता भामाशाहों में फूलशंकर श्रीमाली, नटराज परिवार, महेन्द्र श्रीमाली, सुनीलदत्त श्रीमाली, परमेश्वरलाल विदावत, अनिता–सुधा श्रीमाली, भूपेन्द्र श्रीमाली, जगदीश श्रीमाली, रेखा श्रीमाली का सम्मान होगा। साथ ही द्वितीय तल का निर्माण मुलतः घाणेराव हाल मुंबई निवासी तारादेवी श्रीमाली के परिवार द्वारा कराया गया। ऐसे में तारादेवी श्रीमाली, शीला–सत्यनारायण श्रीमाली, खुश्बू–हेमन्त श्रीमाली ओर अनुराधा–संदेश का सम्मान किया जायेगा। तृतीय तल निर्माण के भामाशाहों में भगवतीप्रसाद दुर्गावत, जगदीशराज श्रीमाली, हेमन्तशेखर श्रीमाली, दिग्विजय श्रीमाली, गोतम दवे, लोकेश त्रिवेदी, निर्मला श्रीमाली, पुष्पा–लक्ष्मीनारायण श्रीमाली, विश्ववन्धु श्रीमाली, अम्बेश श्रीमाली, जयप्रकाश श्रीमाली, रमेशचन्द्र दवे, संजय दशोत्तर, सुरेन्द्र कुमार श्रीमाली का सम्मान होगा।

कार्यक्रम के सहसंयोजक सुनीलदत्त श्रीमाली और सूर्यप्रकाश श्रीमाली ने बताया कि संस्कार भवन परिसर में विकास कार्य कराने वाले सभी भामाशाह का सम्मान किया जायेगा जिसमें भोजनशाला एवं रूकमणी संस्कृति संकुल के निर्माण में सहयोग करने वाले वीरेन्द्र कुमार श्रीमाली और स्वर्गीय विजय श्रीमाली का सहयोग रहा। कार्यालय कक्षों के भामाशाह में नारायण लाल बोहरा, मुख्य द्वार निर्माण के लिये कन्हैयालाल त्रिवेदी, संस्कार भवन समतलीकरण के सहयोगकर्ता में नारायण त्रिवेदी, संजय दशोत्तर, यज्ञशाला निर्माण में सुरेश चन्द्र श्रीमाली, स्वं नारायण लाल श्रीमाली, डोम निर्माण में सहयोग करने पर सुरेशचन्द्र मिसोत्तर, रामचन्द्र जगनावत, पानी टंकी के भामाशाह में दाखीबाई–भगवतीलाल दुर्गावत, कृष्णगोपाल दुर्गावत, कुलदीप दुर्गावत, दिप्ती दुर्गावत और ज्योत दुर्गावत का भी सम्मान होगा।

भव्य लोकार्पण और भामाशाह सम्मान समारोह को सफलतापुर्वक आयोजन के लिए श्री संस्कार भवन सम्पत्ति व्यवस्था ट्रस्ट के साथ श्री श्रीमाली ब्राह्मण समाज संस्था मेवाड के प्रतिनिधी भी तैयारियों में जुडे हुए हैं। श्रीमाली समाज के श्री संस्कार भवन परिसर में समाजनों के उपयोग के लिये एक बडा गार्डन, पार्किंग एरिया, यज्ञशाला, छोटा हॉल, बडा हॉल, तीन मंजिला भवन में कमरों का निर्माण किया गया हैं।

# अरिहंत काव्य निशा कवि सम्मेलन में हंसी के ठहाकों के बीच सर्दी का अहसास हुआ कम, श्रोता ठहाके लगाते रहें

### परोपकारी बंदे और अर्थी को कंधे, ढूंढते रह जाओगे...




**उदयपुर (पुकार)।** अरिहंत मित्र मंडल, सेक्टर 3, के तत्वावधान में साहित्य, संस्कृति एवं समाज को समर्पित एक भव्य कवि सम्मेलन अरिहंत काव्य निशा का आयोजन किया गया। इस कवि सम्मेलन में देश एवं प्रदेश से आये ख्यातिप्राप्त कवियों ने अपनी ओजस्वी, हास्यपूर्ण एवं भावप्रवण रचनाओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ रेणु सिंयाल, पिस्ता चोर्डिया, मंजू सिंघवी, किरण मेहता एवं निधि दक द्वारा नृत्य के रूप में मंगलाचरण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके पश्चात अतिथियों के स्वागत में कुसुम ओस्तवाल एवं नीलिमा तलेसरा द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। जिसनें पूरे वातावरण को साहित्यिक एवं सांस्कृतिक रंग में रंग दिया। अरिहंत कमेटी सदस्यों द्वारा मंचासीन अतिथियों का स्वागत उपरना, पगड़ी एवं स्मृतिचिन्ह द्वारा किया गया।

मंडल के अध्यक्ष हेमन्त सिंयाल ने अपने स्वागत उद्बोधन में कहा कि अरिहंत मित्र मंडल का उद्देश्य समाज में साहित्य, संस्कृति एवं संस्कारों को बढ़ावा देना है तथा भविष्य में भी ऐसे रचनात्मक एवं सांस्कृतिक आयोजनों का निरंतर आयोजन किया जाता रहेगा।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में मंडल के पदाधिकारियों, सदस्यों एवं सहयोगकर्ताओं का सराहनीय योगदान रहा जिसमे विशेष रूप से कार्यक्रम संयोजक ललित लोढ़ा, अनिल सिंघवी कार्यक्रम संयोजिका रेणु सियाल, कुसुम ओस्तवाल एवं मंजू सिंघवी का सहयोग रहा। इस आयोजन को सफल बनाने में मंडल के संरक्षक प्रकाश झगड़ावत, राजेश भानावत, ललित कोठारी, महामंत्री जयप्रकाश बाबेल कोषाध्यक्ष रमेश ओस्तवाल, संगठन मंत्री प्रकाश सेठ, भोपाल सिंह चव्हाण, कमल गलुण्डिया का भी विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम संयोजक ललित लोढ़ा ने कार्यक्रम आयोजन की विस्तृत जानकारी देते हुए सभी का आभार व्यक्त किया। कवि सम्मेलन में हास्य, वीर रस, श्रृंगार, देशभक्ति एवं सामाजिक विषयों पर आधारित रचनाओं की सुंदर प्रस्तुति हुई। कवियों की प्रभावशाली कविताओं एवं तीखे व्यंग्य पर श्रोताओं ने बार-बार तालियों की गूंज से कार्यक्रम को जीवंत बनाए रखा। देर रात तक चले इस कवि सम्मेलन में साहित्य प्रेमियों की भारी उपस्थिति रही।

# उदयपुर के संदीप राठौड़ को लाइफटाइम 'मरू रत्न' सम्मान

### जोधपुर में सजा राष्ट्रीय मरू रत्न पुरस्कार का मंच



**उदयपुर (पुकार)।** मरुस्थलीय पर्यावरण संरक्षण और जल-संवर्धन के क्षेत्र में जीवनभर समर्पित योगदान के लिए उदयपुर निवासी संदीप राठौड़ (ट्रैवल एवं लाइफस्टाइल इन्फ्लुएंसर) को लाइफटाइम मरू रत्न पुरस्कार-2025 से सम्मानित किया गया। यह सम्मान पुष्कर श्रीपुरोहित सुरजाज रूपदेवी स्मृति महिला महाविद्यालय एवं मरू पर्यावरण संरक्षण संस्थान (डेको) के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित राष्ट्रीय मरू रत्न पुरस्कार-2025 समारोह का मुख्य आकर्षण रहा।

यह भव्य आयोजन बुधवार को जोधपुर स्थित पुष्कर महिला महाविद्यालय के प्रेक्षागृह में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं वंदना से हुआ। समारोह में पर्यावरण, जल संरक्षण, पशु सेवा, महिला सशक्तिकरण और सामाजिक जागरूकता के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाली विभूतियों को सम्मानित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि न्यायाधीश एन.एन. माथुर रहे, जिन्होंने अपने उद्बोधन में पर्यावरण संरक्षण को समय की अनिवार्य आवश्यकता बताते हुए महिलाओं एवं बच्चों को इसके लिए प्रशिक्षित करने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने वायु व जल प्रदूषण की रोकथाम के लिए शहरी और ग्रामीण स्तर पर निरंतर प्रयासों की आवश्यकता रेखांकित की।

सम्मानित अतिथि डॉ. एस.एल. हर्ष (ख्यातनाम वैज्ञानिक, काजरी एवं पूर्व कुलपति, कृषि विश्वविद्यालय जोधपुर) ने पर्यावरण संरक्षण के विविध आयामों पर प्रकाश डालते हुए कृषि, मृदा और जल संरक्षण को संतुलित विकास की कुंजी बताया।

डेको के संयोजक डॉ. एस.एल. हर्ष ने जानकारी दी कि संस्था द्वारा पर्यावरण संरक्षण को जन-आंदोलन बनाने के उद्देश्य से विभिन्न नवाचारात्मक गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। उन्होंने संदीप राठौड़ सहित सभी सम्मानित मरू रत्नों के कार्यों को समाज के लिए प्रेरणास्रोत बताया।

इस अवसर पर कुल 13 राष्ट्रीय मरू रत्नों को शॉल, स्मृति चिह्न एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वाली प्रमुख विभूतियों में उदयपुर के संदीप राठौड़ के साथ-साथ विभिन्न क्षेत्रों के शिक्षाविद्, सामाजिक कार्यकर्ता, पर्यावरणविद्, चिकित्सक एवं जनसेवक शामिल रहे। स्वागत संबोधन महाविद्यालय के सचिव एवं पुष्कर एजुकेशन ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष ओम प्रकाश लोहटा ने दिया। कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. के.के. व्यास ने आभार व्यक्त किया। मंच संचालन डॉ. राजेश बोहरा एवं डॉ. आशा पुरोहित द्वारा किया गया।

राष्ट्रीय मरू रत्न पुरस्कार-2025 का यह आयोजन न केवल पर्यावरण और समाज सेवा के प्रति समर्पित व्यक्तित्वों का सम्मान बना, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए संरक्षण और संवेदनशीलता का सशक्त संदेश भी दे।

## ऋतुराज खन्ना बने चीफ एडवाइजर, संजीव पटवा अध्यक्ष

**उदयपुर (पुकार)।** बिजनेस सर्कल इंटरनेशनल के बीसीआई उत्सव की नई कार्यकारिणी का गठन शुक्रवार को किया गया। आयोजित बैठक में ऋतुराज खन्ना को चीफ एडवाइजर नियुक्त किया गया। साथ ही, सर्वसम्मति से संजीव पटवा को अध्यक्ष, धर्मवीर देवल को उपाध्यक्ष, आलोक गुप्ता को महासचिव, धीरज वैदिक को कोषाध्यक्ष और कविता कुमावत को संयुक्त सचिव, गणपत सालवी को बिजनेस ग्रोथ कॉर्डिनेटर नियुक्त किया गया। बीसीआई के ग्लोबल मैनेजिंग डायरेक्टर आरिफ शेख ने बताया नवगठित कार्यकारिणी संगठन को नई दिशा और गति प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि बीसीआई उत्सव से जुड़े सभी लोगों को एक मंच पर लाकर सामाजिक, सांस्कृतिक एवं संगठनात्मक गतिविधियों को सशक्त बनाना नई टीम की प्राथमिकता रहेगी और इसके माध्यम से सराहनीय कार्य किए जाएंगे।

# कार्य परिषद की सहमति के बिना चुनाव अधिकारी बदलने का आरोप

### अध्यक्ष प्रकाश कोठारी के मनमाने रवैये से समाज जनों में आक्रोश



**उदयपुर (पुकार)।** ओसवाल सभा के आगामी 18 जनवरी को होने वाले ओसवाल सभा के चुनावों में अध्यक्ष प्रकाश कोठारी मनमानी पूर्वक कभी चुनाव संयोजक बदल रहे हैं तो कभी चुनाव अधिकारी। गत 1जनवरी को प्रातः कार्यकारिणी की सम्पन्न हुई बैठक में चुनाव हेतु आनंदी लाल बम्बोरिया के नेतृत्व में चुनाव संयोजक टीम का गठन किया गया।

जिसमें कुंदन भटेवरा,पी सी लसोड, मानक जारोली, सुरेन्द्र मेहता को सदस्य बनाया गया, लेकिन जब कुंदन भटेवरा ने मतदाता सूची को विधानसम्मत सुधारने के बाद विधिवत चुनाव की बात कहीं तो शाम को उन्हें चुनाव संयोजक समिति सदस्य से हटा दिया। इसी तरह चुनाव अधिकारी बी आर भाटी ने भी मतदाता सूची को सुधारने के बाद चुनाव की बात कहीं तो उन्हें भी हटा कर उनके स्थान पर नया चुनाव अधिकारी नियुक्त कर दिया गया, जबकि कार्य परिषद से उसका कोई अनुमोदन नहीं कराया गया। प्रकाश कोठारी के इस मनमाने रवैय्ये से समाज में आक्रोश व्याप्त हैं। अध्यक्ष पद के प्रत्याशी संजय भण्डारी ने चुनाव संयोजक समिति के समक्ष ओसवाल सभा की मतदाता सूची का पुनरीक्षण और चुनाव सहकारिता विभाग के माध्यम से कराने की मांग रखी। संजय भण्डारी, मनीष गलुण्डिया व सीए सुधीर मेहता ने निवर्तमान महामंत्री व चुनाव संयोजक आनन्दी लाल बम्बोरिया से मिलकर मतदाता सूची की एसआईआर कराकर निष्पक्ष चुनाव करानें की मांग रखी।

इसी बीच संजय भण्डारी ने अपना चुनाव प्रचार भी प्रारम्भ कर दिया, जिसमें उन्हें अपार जन समर्थन मिल रहा हैं। आज प्रचार में अजय धींग, सुधीर मेहता, प्रशांत भण्डारी, अंकित मेहता, ललित भण्डारी, रमेश कोठारी, महेश बया, रमेश मारू, राजकुमारी गन्ना, भावना नागौरी,सोनू नागौरी, प्रवीण जारोली, नरेंद्र जारोली सहित बड़ी संख्या में समर्थक मॉजूद थे।



# सादड़ा ओगड़जी धूणी पर नौ दिवसीय जलधारा तपस्या व महामृत्युंजय यज्ञ महोत्सव का भव्य समापन

**गोगुन्दा (पुकार)।** सायरा तहसील की ढूंढी बरवाड़ा ग्राम पंचायत के सादड़ा स्थित ओगड़जी की धूणी पर श्री दिगम्बर मनसुख गिरी जी महाराज के सानिध्य में आयोजित नौ दिवसीय जलधारा तपस्या एवं महामृत्युंजय यज्ञ महोत्सव का विधिवत समापन हुआ। महामृत्युंजय यज्ञ सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित इस धार्मिक आयोजन में ब्रह्ममुहूर्त में 108 कलशों/मटकों के जल से जलाभिषेक किया गया तथा मंत्रोच्चार के साथ महामृत्युंजय यज्ञ की पूर्णाहुति दी गई।

रात्रि जागरण में गायक कलाकारों द्वारा गुरु महिमा की भावपूर्ण प्रस्तुतियां दी गईं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महामंडलेश्वर हितेश्वरानंद गिरी जी महाराज ख्महानिर्माणी [पंचायती अखाड़ा, हरिद्वार)] महेंद्रपुरी जी महाराज [खंडेश्वरी पंचायती निरंजनी, हरिद्वार] तथा स्वामी राजगिरी जी महाराज [आबूराज जूना अखाड़ा] का पावन सानिध्य प्राप्त हुआ।

भजन संध्या में गोगुंदा राव साहब लाल सिंह झाला, कुंभलगढ़ के पूर्व उपप्रधान निर्भय सिंह झाला, फतेह लाल जोशी की गरिमामयी उपस्थिति रही। प्रातः जलाभिषेक के पश्चात दिगम्बर मनसुख गिरी जी महाराज एवं संतों द्वारा यज्ञशाला में महामृत्युंजय महोत्सव की पूर्णाहुति संपन्न करवाई गई।

नौ दिवसीय यज्ञशाला में पंडित यशवंत श्रीमाली द्वारा विधिवत यज्ञ संपन्न कराया गया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में गोगुंदा उपप्रधान लक्ष्मण सिंह झाला, नांदेशमा मंडल अध्यक्ष नवल सिंह चदाना, गोगुंदा पूर्व उपप्रधान पप्पू राणा भील,राघवेंद्र सिंह बरवाड़ा, (सायरा), नाहर सिंह देवड़ा उपस्थित रहे। इस अवसर पर आश्रम विकास कार्यों के लिए विधायक मद से पांच लाख रुपये के कार्यों की घोषणा मंडल अध्यक्ष द्वारा की गई।

समापन अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने गुरुदेव के दर्शन कर महाप्रसादी का लाभ लिया। कार्यक्रम का आयोजन महामृत्युंजय यज्ञ सेवा समिति एवं भक्तजनों द्वारा किया गया।

आयोजन में प्रचार मंत्री भंवर सिंह सिसोदिया, आयोजक समिति से देवी सिंह सिसोदिया, रतन सिंह मोजावत, हिम्मत सिंह परमार, धुल सिंह दशाणा, बब्बर सिंह वासना, शंभू सिंह मोजावत, भेरूलाल सेन, भंवर सिंह मोजावत, कालू सिंह तलादरा, नान सिंह करदा, मुरली श्रीमाली, रोहित दर्जी, लोकेश जी पालीवाल, कमलेश पालीवाल, अमर सिंह मोजावत, गुलाब सिंह, पन सिंह खरवड़, मदन सिंह सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# नारी शिक्षा से समाज का विकास संभव : विधायक डांगी




**उदयपुर (पुकार)।** भारत की पहली शिक्षिका सावित्रीबाई फुले की जयंती के अवसर पर सर्व ओबीसी समाज महापंचायत ट्रस्ट और ज्योतिबा फुले टीटी कॉलेज उदयपुर ने संयुक्त रूप से उदयपुर के दी फॉर्चून पार्क होटल के गार्डन, माली कॉलोनी में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में 200 प्रतिभावान छात्राओं और समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया।

प्रवक्ता नरेश पूर्बिया ने बताया कि कार्यक्रम में उदयपुर जिले के ओंगणा, झाड़ोल, सलूंबर और अन्य गांवों की छात्राओं एवं समाजसेवियों को उपरणा, प्रशंसा पत्र और स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता लोकेश चौधरी ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में वल्लभनगर विधायक उदय लाल डांगी और प्रतिभा गुप्ता, जिला शिक्षा अधिकारी उदयपुर उपस्थित थे। विशिष्ट अतिथियों में शंकर लाल मालवीय (सेवानिवृत्त एसडीएम), नवनीत नागर (मोटिवेशनल स्पीकर), और दिनेश चौधरी थे।

मुख्य वक्ता भंवरलाल गुर्जर ने महात्मा ज्योतिबा फुले और उनकी पत्नी सावित्रीबाई फुले के योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि सावित्रीबाई फुले ने 17 साल की आयु में पुणे में भारत का पहला बालिका विद्यालय खोला था। उस समय लड़कियों की शिक्षा को गलत माना जाता था, लेकिन उन्होंने समाज में शिक्षा के महत्व को समझाते हुए महिलाओं को सम्मान दिलाने के लिए संघर्ष किया। विधायक उदय लाल डांगी ने अपने संबोधन में कहा, नारी शिक्षा से ही समाज का विकास संभव है, और यह हमें महिलाओं को समान अवसर प्रदान करने के लिए प्रेरित करता है। मोटिवेशनल स्पीकर नवनीत नागर ने कहा कि सिर्फ स्कूल में अच्छे अंक लाकर नौकरी नहीं मिलती, बल्कि प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी और निरंतर मेहनत से ही सफलता मिलती है।

# भगवान चन्द्रप्रभु का जलाभिषेक व महा शांतिधारा की

### सैकड़ों श्रावक-श्राविकाओं ने लिया विविध धार्मिक अनुष्ठनों में भाग



**उदयपुर (पुकार)।** सकल दिगंबर जैन समाज के तत्वावधान में ताम्बावती नगरी प्राचीन आयड़ स्थित चंद्र प्रभु दिगंबर जैन मंदिर में शनिवार को चारित्र चक्रवर्ती आचार्य शांतिसागर महाराज के षष्टम पट्टाचार्य समाधि सम्राट अभिनंदनसागर महाराज की सुशिष्या बाल योगिनी, जिनवाणी सेवा चन्द्रिका धर्मप्रभाविका, वात्सल्यमूर्ति आर्यिका प्रसन्नमति माताजी की निश्रा में विविध धार्मिक आयोजन सम्पन्न हुए। ट्रस्ट के अध्यक्ष भंवरलाल गदावत ने बताया कि आर्यिका के सान्निध्य में मूलनायक भगवान चन्द्रप्रभु का जलाअभिषेक व दूध से शांति धारा तथा महाअभिषेक किया गया। उसके बाद जिनशहस्त्र नाम के जाप किए गए।

## सम्पादकीय

# जानलेवा पेयजल

यह शर्मनाक है कि जिस शहर को पिछले सात सालों से देश के सबसे स्वच्छ शहर का तमगा दिया जा रहा था, वहां पेयजल में सीवर का पानी मिल जाने से एक दर्जन से अधिक लोगों की मौत हो जाए। बताया जाता है कि इंदौर के भागीरथपुरा क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति करने वाली पाइपलाइन में सीवर के पानी के रिसाव से हजारों लोगों का जीवन खतरे में पड़ गया। घटनाक्रम के बाद सौ के करीब लोग अस्पताल में भर्ती हुए और सैकड़ों लोग दूषित पेयजल के उपयोग से बीमार हैं। वैसे भी किसी सभ्य समाज में व्यक्ति आत्मग्लानि से यह सुनकर बीमार हो जाएगा कि जिस पानी को उसने उपयोग किया, उसमें सीवर का गंदा पानी मिला था। निस्संदेह, यह गंभीर प्रशासनिक लापरवाही ही है, जिसके चलते हजारों लोगों का जीवन संकट में पड़ गया। नगर निगम ही नहीं, इस महकमे से जुड़े सभी अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। दरअसल, इंदौर लगातार भारत के सबसे स्वच्छ शहर का दर्जा हासिल करता रहा है तो इस दुर्घटना ने पूरे प्रकरण को राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय मीडिया की सुर्खी बना दिया। इस दुखद स्थिति के चलते मानवाधिकार आयोग और मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय को हस्तक्षेप करने के लिये बाध्य होना पड़ा। विडंबना यह है कि नागरिकों ने पहले ही दूषित पेयजल आपूर्ति की शिकायत की थी, लेकिन नागरिकों के स्वास्थ्य की रक्षा के लिये जवाबदेह अधिकारी तब हरकत में आए, जब कई लोगों की जान जा चुकी थी। यहां तक कि इस निर्वाचन क्षेत्र के प्रतिनिधि और राज्य के नगरीय विकास मंत्री, जिनके अधीन पेयजल आपूर्ति का महकमा आता है, उनकी संवेदनहीन बयानबाजी ने लोगों का आक्रोश बढ़ाया है। हालांकि, तल्ख आलोचना के बाद मंत्री ने खेद जताया है। यहां तक कि इस घटना के बाद मध्यप्रदेश की मुख्यमंत्री रह चुकी वरिष्ठ भाजपा नेत्री उमा भारती ने भी दोषियों से प्रायश्चित करने व दंड देने की मांग की है। लेकिन सवाल यह है कि क्या कुछ छोटे स्तर के अधिकारियों के निलंबन और स्थानांतरण से इन मौतों के लिये जिम्मेदार लोगों का प्रायश्चित हो पाएगा?

लेकिन विडंबना है कि यह समस्या केवल इंदौर तक ही सीमित नहीं है, बल्कि देश के छोटे-बड़े शहरों में गाहे-बगाहे दूषित जल आपूर्ति के मामले प्रकाश में आते रहे हैं। दुर्घटना के बाद जांच समितियों का गठन, मुआवजे की घोषणा और कनिष्ठ अधिकारियों का निलंबन मामले में लीपापोती का उपक्रम बन चुका है। नववर्ष की पूर्व संध्या पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'सुधार, क्रियान्वयन और रूपांतरण' के मंत्र पर जोर दिया था। तब उन्होंने प्रक्रियाओं को सरल बनाने और जीवनयापन को सुगम बनाने के लिये प्रणालियों को अधिक अनुकूल बनाने की आवश्यकता पर भी बल दिया था। सवाल है कि जब नागरिकों को स्वच्छ हवा और जल जैसी बुनियादी आवश्यकताओं से वंचित रखा जाएगा तो जीवनयापन को सुगम कैसे बनाया जा सकता है? मध्य प्रदेश की दोहरे इंजन वाली सरकार इस मोर्चे पर पूरी तरह से विफल रही है। कोई भी बड़ी योजना व नारा तब तक अर्थहीन है जब तक उन्हें जमीनी स्तर पर ठोस कार्रवाई का समर्थन प्राप्त न हो।

# गिग-वर्कर्स : डिजिटल सुविधा की चकाचौंध में पसीने का अंधेरा

**अपना व परिवार का पोषण करने वाले इन युवा गिग-वर्कर्स को अक्सर सरपट दौड़ती मोटरसाइकिलों पर, भारी थैलों के साथ ऊँची इमारतों की सीढ़ियाँ चढ़ते देखा जा सकता है। समय सीमा का दबाव इतना तीव्र होता है कि जरा-सी देरी पर आर्थिक दंड झेलना पड़ता है। दुर्घटना, बीमारी या तकनीकी गड़बड़ी-किसी भी स्थिति में उनकी आय पर सीधा असर पड़ता है। ग्राहकों का व्यवहार भी प्रायः असंवेदनशील होता है। देर होने पर झिड़कियाँ, सामान में कमी निकालकर अपमान, कभी-कभी हिंसक व्यवहार और रेटिंग के जरिये भविष्य की कमाई पर प्रहार-यह सब इनके रोजमर्रा का हिस्सा है। इसके बावजूद औसतन 12-14 घंटे काम करने के बाद भी सात-आठ सौ रुपये की आय और वह भी बिना समुचित बीमा या सामाजिक सुरक्षा के एक गहरे शोषण की ओर इशारा करती है।**

**ललित गर्ग**

ऑनलाइन बाजार और त्वरित सेवाओं के इस दौर में गिग-वर्कर्स शहरी जीवन-व्यवस्था की वह अदृश्य रीढ़ बन चुके हैं, जिनके बिना 'दस मिनट में डिलीवरी' और 'एक क्लिक पर सुविधा' की कल्पना भी नहीं की जा सकती। बाजार आने-जाने के झंझट से लोगों को मुक्त करने वाले ये युवा हर मौसम, हर समय और हर जोखिम में घर-घर सामान पहुँचाते हैं। लेकिन विडंबना यह है कि जिनके श्रम पर डिजिटल अर्थव्यवस्था की ऊँची इमारत खड़ी है, वही श्रमिक सबसे अधिक असुरक्षा, शोषण और उपेक्षा झेल रहे हैं। नये साल की पूर्व संध्या पर गिग-वर्कर्स द्वारा की गई हड़ताल ने भले ही देशव्यापी आपूर्ति-श्रृंखला को ठप न किया हो, लेकिन इसने उनकी बदहाल कार्य-परिस्थितियों की ओर देश का ध्यान अवश्य खींचा है। यह हड़ताल किसी राजनीतिक उकसावे का परिणाम नहीं, बल्कि लगातार बढ़ते काम के दबाव, घटते मेहनताने, नौकरी की अनिश्चितता और सम्मान के अभाव की स्वाभाविक प्रतिक्रिया थी। गिग वर्कर्स वे लोग होते हैं जो पारंपरिक नौकरी के बजाय अस्थायी, लचीले और स्वतंत्र रूप से छोटे-छोटे काम (गिग्स) करते हैं, जो अक्सर ऑनलाइन प्लेटफॉर्म जैसे ऊबर, स्वीग्गी, जोमाटोज् या अन्य ऐप्स के जरिए मिलते हैं और इन्हें प्रति कार्य या प्रोजेक्ट के हिसाब से भुगतान मिलता है, न कि नियमित वेतन. इन श्रमिकों के पास कोई स्थायी रोजगार अनुबंध नहीं होता और वे खुद के बॉस की तरह काम करते हैं, लेकिन उन्हें सामाजिक सुरक्षा (जैसे स्वास्थ्य बीमा, पेंशन) जैसे लाभ नहीं मिलते। गिग वर्कर्स की चुनौतियाँ एवं मजबूरियां ज्यादा है, आय कम। आय की अनिश्चितता, सामाजिक सुरक्षा लाभों (जैसे बीमारी, दुर्घटना, पेंशन) का अभाव, श्रम अधिक-भुगतान कम, कामकाजी घंटों और मजदूरी को लेकर अक्सर विवाद। गिग वर्कर्स गिग इकॉनमी का हिस्सा हैं, जहाँ वे अपनी मर्जी से छोटे-छोटे, अस्थायी काम करके पैसे कमाते हैं, जो पारंपरिक 9-से-5 की नौकरी से अलग होता है। गिग वर्कर का अर्थ है एक ऐसा व्यक्ति जो आमतौर पर सेवा क्षेत्र में एक स्वतंत्र ठेकेदार या फ्रीलांसर के रूप में अस्थायी काम करता है जो पारंपरिक नियोक्ता-कर्मचारी संबंधों के बाहर काम




करता है या कार्य व्यवस्था में भाग लेता है और ऐसी गतिविधियों से कमाई करता है। निस्संदेह, गिग अर्थव्यवस्था ने रोजगार सृजन की अपनी क्षमता दिखाई है। आज भारत में गिग-वर्कर्स की संख्या सवा करोड़ से अधिक है और अनुमान है कि 2030 तक यह संख्या दो करोड़ पैंतीस लाख तक पहुँच सकती है। लेकिन यह भी उतना ही सच है कि बेरोजगारी के बढ़ते दौर में पढ़े-लिखे युवा इस व्यवस्था में 'विकल्प' के रूप में नहीं, बल्कि 'मजबूरी' में प्रवेश कर रहे हैं। जिस देश को युवाओं का देश कहा जाता है, वहाँ शिक्षित युवाओं का अस्थायी, असुरक्षित और सम्मानहीन श्रम-व्यवस्था में फँसना न केवल चिंताजनक, बल्कि शर्मनाक भी है। यह स्थिति बताती है कि हमारी विकास-नीतियाँ रोजगार की गुणवत्ता पर नहीं, केवल संख्या पर केंद्रित हैं। गिग-वर्कर्स की सबसे बड़ी विडंबना यह है कि कंपनियाँ उनसे पूरा काम लेती हैं, लेकिन उन्हें पारंपरिक नियोक्ता-कर्मचारी संबंध के दायरे में स्वीकार नहीं करतीं। उन्हें 'स्वतंत्र कामगार' कहकर नियुक्ति, स्थायित्व, बीमा और न्यूनतम वेतन जैसी जिम्मेदारियों से बचा जाता है। हायर एंड फायर की नीति, एल्गोरिदम आधारित नियंत्रण, रेटिंग सिस्टम और प्रोत्साहन के नाम पर लालच-ये सब मिलकर एक ऐसी अदृश्य जकड़न पैदा करते हैं, जिसमें श्रमिक स्वतंत्र दिखता है, लेकिन वास्तव में पूरी तरह नियंत्रित होता है। हड़ताल के दौरान भी अतिरिक्त प्रोत्साहन देकर या ऑर्डर बढ़ाकर श्रमिक एकता को कमजोर कर दिया जाता है। 31 दिसंबर को एक प्रमुख खाद्य वितरण कंपनी द्वारा रिकॉर्ड ऑर्डर दर्ज किया जाना इसी विडंबना को उजागर करता है। हाल के दिनों में संसद में भी गिग-वर्कर्स के शोषण का मुद्दा उठा है। सांसद राघव चड्ढा और मनोज कुमार झा जैसे नेताओं ने इस वर्ग की दयनीय स्थिति पर ध्यान दिलाया है। यह स्वागतयोग्य है, क्योंकि नीति-निर्माण की प्रक्रिया में जब तक इन श्रमिकों की आवाज शामिल नहीं होगी, तब तक सुधार अधूरे रहेंगे।

भारत सरकार द्वारा हालिया श्रम सुधारों में पहली बार गिग और प्लेटफॉर्म वर्कर्स को कानूनी रूप से परिभाषित किया गया है। एग्रीगेटर कंपनियों के टर्नओवर का एक से दो प्रतिशत सामाजिक सुरक्षा कोष में योगदान, आधार से जुड़े सार्वभौमिक खाता नंबर जैसी व्यवस्थाएँ एक लंबे समय से प्रतीक्षित कदम हैं। लेकिन सवाल यह है कि क्या ये प्रावधान वास्तव में गिग-वर्कर्स के जीवन में ठोस बदलाव ला पाएँगे? या फिर ये केवल काग़जी सुधार बनकर रह जाएँगे? जब तक न्यूनतम आय, कार्य-घंटों की सीमा, दुर्घटना बीमा, स्वास्थ्य सुरक्षा और शिकायत निवारण की प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित नहीं होती, तब तक इन सुधारों को परिवर्तनकारी नहीं कहा जा सकता। 31 दिसंबर की हड़ताल भले ही पूरी तरह सफल न रही हो, लेकिन वह नैतिक और सामाजिक रूप से पूरी तरह जायज थी। यह हड़ताल व्यवस्था को बाधित करने से अधिक, व्यवस्था के भीतर छिपे अन्याय, शोषण की वृत्ति एवं दोगलेपन को उजागर करने का प्रयास थी। गिग-वर्कर्स ने यह संदेश दिया कि वे केवल 'डिलीवरी बॉय' नहीं, बल्कि श्रमशील नागरिक हैं, जिनके अधिकारों की अनदेखी अब और नहीं की जा सकती। निश्चित ही डिजिटल अर्थव्यवस्था का भविष्य गिग-वर्कर्स के बिना संभव नहीं है। इसलिए यह जरूरी है कि नीति-निर्माता, कंपनियाँ और उपभोक्ता-तीनों अपनी भूमिका पर आत्ममंथन करें। कंपनियों को लाभ के साथ जिम्मेदारी भी स्वीकार करनी होगी, सरकार को कानूनों का सख्त क्रियान्वयन सुनिश्चित करना होगा और उपभोक्ताओं को सुविधा के साथ संवेदनशीलता भी अपनानी होगी। यदि हम गिग-वर्कर्स को केवल सुविधा का साधन मानते रहे और उन्हें सम्मान, सुरक्षा व स्थायित्व नहीं दिया, तो यह केवल श्रमिकों का नहीं, बल्कि हमारी विकास-कल्पना का भी संकट होगा। विकसित भारत, उन्नत भारत एवं समृद्ध भारत के नाम पर एक बदनुमा दाग होगा। डिजिटल भारत की असली परीक्षा यही है कि वह अपने सबसे तेज दौड़ने वाले श्रमिकों को कितना सुरक्षित और सम्मानित जीवन दे पाता है। तेजी से फैलती ऑनलाइन सेवाओं की दुनिया में गिग-वर्कर्स की कार्य-सेवाओं को अब अनौपचारिक नहीं, बल्कि नियोजित, मान्यताप्राप्त और सम्मानजनक श्रम के रूप में स्वीकार किया जाना चाहिए। उनकी मेहनत का उचित और सुनिश्चित भुगतान, सुरक्षित कार्य-परिस्थितियाँ और सामाजिक सुरक्षा कोई दया नहीं, बल्कि उनका अधिकार है, जिसमें सरकार को निर्णायक हस्तक्षेप करना ही होगा। मुनाफे की अंधी दौड़ में लगी बड़ी कॉरपोरेट कंपनियों को यह समझना होगा कि श्रम केवल लागत नहीं, बल्कि व्यवस्था की आत्मा है; शोषण की मानसिकता छोड़कर संवेदनशीलता और जवाबदेही अपनाए बिना कोई भी डिजिटल विकास टिकाऊ नहीं हो सकता। यदि गिग-वर्क को गरिमा, सुरक्षा और स्थायित्व के साथ विकसित किया जाए, तो यही सेवाएँ मजबूरी का प्रतीक नहीं, बल्कि रोजगार की एक आदर्श और मानवीय व्यवस्था बन सकती हैं, जहाँ सुविधा केवल उपभोक्ता को नहीं, सम्मान कामगार को भी मिले।

# श्री क्षत्रिय युवक संघ का माध्यमिक प्रशिक्षण शिविर संपन्न

**चित्तौड़गढ़ (पुकार)।** श्री क्षत्रिय युवक संघ का सात दिवसीय माध्यमिक प्रशिक्षण शिविर आलोक शिक्षण संस्थान परिसर में संघ प्रमुख लक्ष्मण सिंह के सानिध्य में संपन्न हुआ। यह शिविर 25 से 31 दिसंबर तक आयोजित किया गया, जिसमें राजस्थान एवं मध्यप्रदेश के 19 जिलों के 90 स्थानों से आए 150 से अधिक स्वयंसेवकों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। शिविर का संचालन महेंद्र सिंह द्वारा किया गया। शिविर के शुभारंभ अवसर पर संघ प्रमुख लक्ष्मण सिंह ने कहा कि वही व्यक्ति संगठन के साथ चल सकता है, जिसका संकल्प दृढ़ हो। शिविर में वही स्वयंसेवक पहुंचे हैं जिनके मन में समाज व राष्ट्र के प्रति पीड़ा और चिंता है। संघ इस चिंता को चिंतन में बदलकर संस्कार निर्माण का कार्य कर रहा है। उन्होंने बताया कि संस्कार निर्माण दीर्घकालिक प्रक्रिया है, जिसके लिए निरंतरता, नियमितता, धैर्य और त्याग आवश्यक है। शरीर, मन



और भाव से शिविर में रहकर ही श्रेष्ठता प्राप्त की जा सकती है। शिविर के दौरान प्रातः 5 बजे जागरण से लेकर रात्रि 10 बजे शयन तक प्रार्थना, चर्चा, अर्थबोध, यज्ञ-हवन, खेलकूद, बौद्धिक सत्र एवं अन्य गतिविधियों के माध्यम से अनुशासन, संस्कार एवं क्षत्रियोचित गुणों का प्रशिक्षण दिया गया। केंद्रीय कार्यकारी गंगा सिंह द्वारा शिविरार्थियों को घटों के अनुसार यज्ञ संपन्न करवाया गया, जिसमें आहुतियां दिलवाई गईं तथा सूर्य भगवान को अर्घ्य प्रदान किया गया। वहीं महेंद्र सिंह के निर्देशन में पृथक प्रमुखों द्वारा विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया। 30 दिसंबर को शिविर के दौरान स्थानीय सामाजिक बंधुओं के लिए शिविर दर्शन एवं स्नेह मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर समाज के प्रबुद्ध जनों ने शिविर स्थल का भ्रमण किया, दिनभर चल रही विभिन्न गतिविधियों का अवलोकन कर संघ प्रमुख लक्ष्मण सिंह से संवाद भी किया। संवाद कार्यक्रम में वीरेंद्र सिंह सांकड़ों का खेड़ा ने तहसील व जिला स्तर पर खेलकूद प्रतियोगिताओं के आयोजन का सुझाव दिया। भूपेंद्र सिंह बडोली ने संघ के बड़े आयोजनों के नियमित आयोजन की बात कही। भंवर सिंह ने स्थानीय संघ कार्यालय निर्माण का आग्रह किया, जबकि मंगल सिंह झाड़ोली ने समाज के सहयोग से वित्तीय संसाधनों की कमी न आने देने की बात कही। अरविंद सिंह ने सर्व समाज के साथ स्नेह भोज कार्यक्रम आयोजित करने का सुझाव दिया। इस अवसर पर संघ प्रमुख लक्ष्मण सिंह ने कहा कि समाज की इन सभी अपेक्षाओं का महत्व है, किंतु श्री क्षत्रिय युवक संघ का मूल कार्य व्यक्ति निर्माण हेतु संस्कार देना है, जो शिविरों एवं शाखाओं के माध्यम से किया जा रहा है। खेलकूद, भवन निर्माण आदि विषयों पर स्थानीय स्तर पर स्वयंसेवकों से चर्चा की जाएगी। उन्होंने बताया कि पूर्व संघ प्रमुख भगवान सिंह रोल साहब के नाम से खेलकूद प्रतियोगिताओं के आयोजन पर भी विचार किया जा रहा है। कार्यक्रम में सहकारी बैंक अध्यक्ष लक्ष्मण सिंह, बालू सिंह, हर्षवर्धन सिंह, दिग्विजय सिंह झाला, मोहन सिंह भाटी, बृजेश सिंह तंवर, चावंड सिंह, राजेंद्र सिंह, भूपेंद्र सिंह, देवेंद्र सिंह शेखावत, डॉ. गजेंद्र सिंह, महेंद्र सिंह, डॉ. दुष्यंत सिंह, राजेंद्र सिंह, नरोत्तम सिंह, लक्ष्मण सिंह, जयपाल सिंह, राजेंद्र सिंह, उदय सिंह, भगवान सिंह, गजराज सिंह, नरेंद्र सिंह, कमलेंद्र सिंह, शिवपाल सिंह झालरा, खुमान सिंह सहित संघ के अनेक वरिष्ठ स्वयंसेवक एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष सात दिवसीय शिविर का शुभारंभ

**चित्तौड़गढ़ (पुकार)।** महाराणा प्रताप राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्राचार्य हेमेंद्रनाथ व्यास की अध्यक्षता एवं महाविद्यालय की चारों इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष सात दिवसीय शिविर का शुभारंभ किया गया। प्राचार्य ने अतिथियों सहित दीप प्रज्वलित कर शिविर के शुभारंभ की औपचारिक अनुमति प्रदान करते हुए कार्यक्रम का उद्घाटन किया।



प्राचार्य ने शिविर के स्वागत अभिभाषण में संबोधित करते हुए कहा कि स्वयंसेवकों को अनुशासन बनाए रखते हुए शिविर के सभी कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए क्योंकि इस प्रकार के शिविर स्वयंसेवकों में साहसिक गतिविधियों और जोखिम लेने की क्षमता को बढ़ावा देते हैं। विशिष्ट अतिथि सेवानिवृत प्रो. एस एम शर्मा ने शिविर में होने वाले नवाचारों के माध्यम से व्यक्तित्व विकास के तरीकों के बारे में अपने विचार व्यक्त किये। संदीप शर्मा ने राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्यों से सदन को परिचित कराया। दीपक खटीक ने पूर्व वर्ष के अपने शिविर अनुभव साझा किया। इस अवसर पर सुबोध पीजी कॉलेज, जयपुर में राष्ट्रीय एकता शिविर में भाग लेकर लौटे स्वयंसेवक जगदीश खटीक, दीपक खटीक तथा राज्य स्तरीय पुरस्कार के लिए चयनित स्वयंसेवक खुशी पांडे को उपरना पहना कर सम्मानित किया गया। शिविर के प्रथम दिवस पर उद्घाटन सत्र के साथ स्वयंसेवकों के मध्य दल आवंटन की प्रक्रिया संपन्न की गई जिसमें विद्यार्थियों को चार दल पद्मिनी, प्रताप, राणा कुंभा एवं मीरा दल आवंटित किए गए। राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी डॉ हेमलता महावर के मार्गदर्शन में कार्यक्रम संपन्न किया गया। शिविर का संचालन 9 जनवरी तक होगा, जिसमें विद्यार्थियों को स्वच्छता, वृक्षारोपण, नशा मुक्ति, स्वास्थ्य जागरूकता, अनुशासन आदि के माध्यम से नेतृत्व कौशन एवं सेवा भावना के विचारों को जीवन में उतारकर समाज सेवा एवं राष्ट्रवाद के लिये प्रेरित किया जायेगा। संचालन कार्यक्रम अधिकारी बालकृष्ण लड्ढा द्वारा किया गया। कार्यक्रम अधिकारी सुशील काबरा एवं भारती भावनी का सहयोग रहा। इस अवसर पर संकाय सदस्य डॉ. भारती मेहता, सुमन डाड एवं सभी संकाय सदस्य उपस्थित रहे।

# विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर का आयोजन

**चित्तौड़गढ़ (पुकार)।** एकल अभियान के पांच दिवसीय आवासीय आचार्य प्रशिक्षण शिविर के समापन समारोह राउमावि बिजयपुर में मुख्य अतिथि के तौर पर प्राधिकरण सचिव सुनील गोयल के विशिष्ट आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। प्राधिकरण सचिव, अधिवक्ता भारती गहलोत, धर्मपाल गोयल, राजेश कुमावत व उपस्थित जनों ने भारत माता के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके उपरांत मुख्य वक्ता के रूप में बोलते हुए सचिव गोयल ने कहा कि यदि हम अपराध मुक्त समाज बनाने की कल्पना करते है, उसमें संस्कार की महत्वपूर्ण भूमिका हैं। एक संस्कृत समाज ही अपराध मुक्त समाज हो सकता है। जब समाज संस्कारवान होता है, तो समाज में अपराधों की दर घटती है। उन्होंने एकल




अभियान के इस कार्य को अद्भुत बताते हुए इसे विस्तृत करने का आह्वान किया। उन्होंने इस कार्यक्रम के माध्यम से समाज की समस्याओं के समाधान हेतु टोल फ्री नंबर की सुविधा के बारे में जानकारी दी। सचिव गोयल द्वारा पौधारोपण कर पक्षियों के संरक्षण के लिए उपस्थित कार्यकर्ताओं को पक्षी आवास तथा कपड़े के ठेले का वितरण किया। पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने हेतु एक सिंदूर के पौधे का रोपण किया गया। गोयल द्वारा नालसा एवं रालसा द्वारा 10 फरवरी तक चलाये जा रहे न्याय आपके द्वार-लोक उपयोगिता समस्याओं का सुलभ और त्वरित समाधान' अभियान, बाल विवाह अभियान, नई चेतना 4.0 राष्ट्रीय अभियान और पैन इंडिया पर्यावरणीय विधिक साक्षरता एवं सामुदायिक संरक्षण पहल, बाल विवाह रोको अभियान के संबंध में भी उपस्थित जनों को जानकारी दी गयी। समारोह में अंचल अभियान प्रमुख संजय शर्मा, मुरली धाकड़, गोपाल कच्छावा, महिपाल सिंह चुण्डावत, उदयलाल जटीया सहित बड़ी संख्या में आचार्य उपस्थित रहे।

# कांकरोली थाना पुलिस की बड़ी कार्रवाई....स्याही कांड का मुख्य आरोपी मंगलसिंह पुलिस कस्टडी में

**राजसमंद (पुकार)।** जिला मुख्यालय पर सडक़ नामाकरण को लेकर उपजे विवाद के बाद नगर परिषद आयुक्त बृजेश राय के उपर स्यांही फेंकने के मुख्य आरोपी मंगलसिंह चौहान को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार कांकरोली सीआई सरोज बैरवा को इनपुट मिले थे कि आरोपी मंगलसिंह उलपुरा स्थित अपने घर पर रूका हुआ है। इसी आधार पर कांकरोली पुलिस मय जाब्ते के पहुंची और घेरा डालकर मंगलसिंह को गिरफ्तार कर पुलिस थाने लाई। डीएसपी नेत्रपालसिंह ने बताया कि गत दिनों हुए सडक़ नामाकरण को लेकर उपजे विवाद के बाद आरोपी मंगलसिंह और भरत दवे ने पर स्याही फेंक की और भरत दवे ने आयुक्त के मुह पर



स्याही पौत दी। इस दौरान वहां मौजूद कर्मचारियों ने आरोपी भरत दवे को तो पकड़ लिया लैकिन मुख्य आरोपी मंगलसिंह चौहान मौका पाकर वहां से भागने में सफल रहा। यहां कर्मचारियों ने भरत दवे के साथ मारपीट भी की थी। उस दौरान भरत दवे को शांतिभंग में गिरफ्तार किया था। वहों एसडीएम कॉर्ट से उसकी जमानत हो गई। इसी मामले को लेकर परिषद कर्मचारियों द्वारा कांकरोली पुलिस थाने में मंगलसिंह चौहान, भरत दवे के खिलाफ नामजद रिपोर्ट देकर राजकार्य में बाधा, सरकारी अधिकारी पर स्याही फेंकने और जातिगत गालियां देने की रिपोर्ट देकर मामला दर्ज कराया। वहीं दूसरी ओर भरत दवे ने भी कर्मचारियों पर मारपीट का मामला दर्ज कराया। हालांकि उसके बाद दोनों पक्षों की ओर से प्रदर्शन कर मामले की स्वतंत्र अधिकारी से जांच कराने की मांग की गई थी। प्रथमदृष्टया जांच में आरोपी मंगलसिंह द्वारा अधिकारी पर स्याहीं डालने, राजकार्य में बाधा सहित अन्य आरोप लगे है।

# अनियंत्रित होकर कार पलटी, युवक की मौत

**चित्तौड़गढ़ (पुकार)।** थाना क्षेत्र के राशमी पहुना मार्ग पर शुक्रवार रात्रि एक कार अनियंत्रित होकर पलट गई, घटना में कार चालक युवक की मौत हो गई। पहुना हाल उदयपुर जिले के मावली थाना



क्षेत्र के चमनपुरा निवासी प्रवीण नकवाल 26 पुत्र बंशीलाल वाल्मीकि अपनी कार से पहुना से रात करीब 10 बजे चमनपुरा के लिए निकला, जिसकी कुछ ही दूरी पर लालपुरा के निकट कार के अनियंत्रित होकर पलट जाने से कार पलटते हुए एक पेड़ से टकरा गई, कार में बैठे युवक की बाहर गिरने से मौत हो गई। थानाधिकारी सीआई रतन सिंह ने बताया शनिवार सुबह सूचना मिली कि लालपुरा के निकट सड़क किनारे एक कार पलट गई। सूचना पर थानाधिकारी रतन सिंह, चौकी प्रभारी नंदलाल सेनी, हेड कांस्टेबल महिपाल सिंह, कांस्टेबल दीपक सहित जाप्ता ने मौके पर पहुंच मृतक की पहचान कर परिजनों को सूचित किया। मृतक के पिता की रिपोर्ट पर मृग दर्ज कर पोस्मार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा दिया गया। मृतक प्रवीण की अगले माह शादी होने वाली थी। हादसे से शादी की खुशियां मातम में बदल गई।

# लायंस क्लब ने किया अंतर्राष्ट्रीय युथ कैंप का आयोजन



**चित्तौड़गढ़ (पुकार)।** लायंस क्लब इंटरनेशनल के युथ एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत विदेश से 21 दिवसीय भारत यात्रा के लिए निकला युवा लायंस सदस्यों के दल की 2 दिवसीय मेजबानी लायंस क्लब चित्तौड़गढ़ ने की। एस एन बंसल ने बताया कि इटली, ब्राजील लीथियाना व भारत के युवाओं के दल को पहले दुर्ग भ्रमण कराया व रात्रि मे स्थानीय लोक कलाकारो द्वारा विभिन्न प्रकार के राजस्थानी नृत्य व लोक संगीत प्रस्तुत किये गए। विदेशी युवा राजस्थानी लोक गीत घूमर, कालबेलिया नृत्य पर लोक कलाकारों के साथ देर रात तक नृत्य करते रहे।

इस दौरान मेहमानों को राजस्थानी ढोकला, मक्का बाजरा, की रोटी, राब खींच जैसे पारम्परिक व्यंजन परोसे गए जिसे बहुत ही चाव से विदेशी युवाओ ने लुत्फ उठाया। स्थानीय होटल मे आयोजित इस समारोह में निशान्त जैन, दिलीप तोशनीवाल, पवन पवार, नरेश नाहर अशोक सोनी, बसंती लाल वेद, दीपक वैष्णव, विष्णु सोनी, सुरेश टेलर, नंदलाल मनवानी, रमेश चंद्र शर्मा, प्रवीण चेचानी, पी आर सोनी, मंजीत सिंह, विजय सिंह नरूका, रामस्वरुप कालानी सपरिवार उपस्थित रहे।

# बीसलपुर बांध के विरोध में आंदोलन तेज...12वें दिन भी जारी रहा धरना, अंबेडकर विचार मंच ने दिया खुला समर्थन

**मेवदाकला (पुकार)।** बीसलपुर बांध के विरोध में राष्ट्रीय विस्थापित संघर्ष समिति द्वारा देवली तहसील परिसर के बाहर दिया जा रहा धरना शनिवार को 12वें दिन भी लगातार जारी रहा। लगातार जारी आंदोलन से प्रशासन पर दबाव बढ़ता जा रहा है, वहीं विस्थापितों का आक्रोश भी अब संगठित रूप लेता नजर आ रहा है। धरने के 12वें दिन अंबेडकर विचार मंच देवली ने आंदोलन को पूर्ण समर्थन देने की घोषणा की। शनिवार को अंबेडकर विचार मंच की ओर से सरस्वती पूजन के पश्चात पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने धरनास्थल



पर पहुंचकर राष्ट्रीय विस्थापित संघर्ष समिति के साथ एकजुटता दिखाई।

# सरदारगढ़ में 4 जनवरी को होगा षष्ठम् जिलास्तरीय गुर्जर प्रतिभा सम्मान समारोह




**राजसमंद ( पुकार )।** जिले की वर्ष 2025 की मेधावी गुर्जर प्रतिभाओं को सम्मानित करने के उद्देश्य से प्रगतिशील गुर्जर संघ राजसमंद के तत्वावधान में षष्ठम् जिलास्तरीय गुर्जर प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन रविवार को गुंजल कृषि फार्म, सरदारगढ़ राजसमंद में किया जाएगा। समारोह को लेकर गुर्जर समाज में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है।

संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि समारोह में जिले की लगभग 200 प्रतिभाओं को शिक्षाए प्रतियोगी परीक्षाओं, खेल एवं अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया जाएगा। साथ ही गायत्री शक्ति पीठ विद्यालय में आयोजित गुर्जर प्रतिभा खोज सामान्य ज्ञान परीक्षा के दो वर्गों में चयनित टॉप 10 प्रतिभागियों को मंच पर सम्मान प्रदान किया जाएगा।

समारोह में अंतरराष्ट्रीय तीर्थ सवाईभोज के महंत श्री श्री 1008 सुरेशदास महाराज, पुष्कर देवनारायण मंदिर के महंत, पूर्व विधायक कोटा उतर एवं रामगंज मंडी प्रहलाद जी गुंजल कोटा, कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव व पूर्व विधायक धीरज गुर्जर, मांडल विधायक उदयलाल भड़ाणा, राजस्थान सरकार के पूर्व मंत्री एवं प्रदेश गुर्जर महासभा अध्यक्ष कालूलाल गुर्जर, पूर्व विधायक रामलाल गुर्जर आसींद सहित गुर्जर समाज के प्रशासनिक अधिकारी व राजसमंद, भीलवाड़ा, उदयपुर व अजमेर जिलों के गुर्जर महासभा पदाधिकारी एवं समाज के जनप्रतिनिधि, सहायक कलेक्टर विवेक गुर्जर, आरएएस सोनू गुर्जर समारोह में शामिल होंगे साथ ही शिक्षाविद् एवं समाजसेवी उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम के अंतर्गत पारंपरिक स्वागत, अतिथियों का सम्मान एवं प्रेरणादायक संबोधन आयोजित होंगे। परीक्षा के पश्चात् आयोजित मोटिवेशनल सेमिनार में विशेषज्ञ वक्ताओं द्वारा विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दी जाएंगी।

# राष्ट्रीय सेवा योजना विशेष शिविर आयोजित



**राजसमंद ( पुकार )।** सेठ रंगलाल कोठारी राजकीय महाविद्यालय राजसमंद में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के द्वितीय दिवस पर नशा मुक्ति एवम् साइबर क्राइम एवं साइबर सुरक्षा पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. सुमन बडोला ने बताया कि द्वितीय दिवस के प्रथम सत्र में मुख्य वक्ता ध्रुव तिवारी ने स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाएं को संबोधित करते हुए कहा कि नशा एक खतरनाक जाल है जो पहले आनंद देता दिखता है, फिर धीरे-धीरे जीवन की सारी रोशनी छीन लेता है। यह न सिर्फ शरीर को नष्ट करता है, बल्कि परिवार, सपनों और आत्मसम्मान को भी चूर-चूर कर देता है। उन्होंने कहा कि नशा छोड़ना आसान नहीं, पर असंभव भी नहीं। इसके लिए पहला कदम है स्वीकार करना कि मुझे मदद चाहिए। दूसरा कदम है दृढ़ संकल्प और सकारात्मक सहयोग जिसमें परिवार, अच्छे मित्र, परामर्शदाता और नशा मुक्ति केंद्र इस यात्रा में सबसे बड़े सहायक बनते हैं। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी विजेंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि साइबर क्राइम आज की डिजिटल दुनिया की सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक है। यह ऑनलाइन धोखाधड़ी, हैकिंग, फि शिंग, पहचान चोरी, रैनसमवेयर, ऑनलाइन उत्पीड़न और डेटा चोरी जैसी गैरकानूनी गतिविधियों को शामिल करता है। इससे व्यक्तिगत, वित्तीय और राष्ट्रीय सुरक्षा को गंभीर खतरा होता है। द्वितीय दिवस के द्वितीय सत्र में आशु भाषण और क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें अनेक स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाएं ने भाग लिया जिसका परिणाम शिविर समापन समारोह पर किया जाएगा।

## 1 क्विंटल 20 किलोग्राम अवैध प्लास्टिक जब्त



**राजसमंद ( पुकार )।** स्वच्छ भारत मिशन के विशेष अभियान के तहत नगर परिषद टीम ने कांकरोली सब्जी मंडी में कार्रवाई करते हुए थोक व्यापारियों से 1 क्विंटल 20 किलोग्राम अवैध प्लास्टिक जब्त किया। आयुक्त बृजेश राय ने बताया कि निर्देशानुसार शनिवार को खुली सब्जी मंडी में अभियान चलाया गया, जिसमें विशेष रूप से प्लास्टिक थैलियों के उपयोग पर सख्ती की गई। मौके पर अवैध प्लास्टिक जब्त कर संबंधित व्यापारियों के चालान बनाए गए। कार्रवाई के दौरान स्वास्थ्य निरीक्षक प्रथम दिनेश खोखर, स्वास्थ्य निरीक्षक द्वितीय सुरेश कुमार अटवाल, कार्यवाहक स्वास्थ्य निरीक्षक विनोद जावा सहित टीम के सदस्य जमादार गोपाल, पंकज, मितेश, अनिल, रितेश एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। नगर परिषद ने व्यापारियों से प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने और स्वच्छ भारत अभियान में सहयोग करने की अपील की।

## गुजरात राज्य में किया गांव का नाम रोशन



**राजसमंद ( पुकार )।** पनोतिया रेलमगरा की बेटी ने गुजरात राज्य में अपना समाज और गांव का नाम सुनहरा अक्षरों में दर्ज कराया। दरअसल जानकी माली पुत्री रतन लाल माली हाल निवासी ऊंझा गुजरात में ऊंझा जीएम गर्ल्स स्कूल की छात्रा ने प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया, कक्षा 11 में पढ़ने वाली छात्रा जानकी माली ने स्वामी विवेकानंद पर आयोजित 14वीं राज्य स्तरीय लिखित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में पूरे मेहसाणा जिले में प्रथम स्थान प्राप्त करके विद्यालय और ऊंझा शहर का नाम के साथ राज माली समाज और छात्रा की जन्म भूमि गांव पनोतिया तहसील रेलमगरा का नाम किया। जिला अध्यक्ष एडवोकेट बी एल माली ने बताया कि इस बेटी की उपलब्धि ने परिवार, समाज और गांव में बड़ी ही खुशी का माहौल बन गया है, छात्रा के बड़े पापा ने जानकारी देने पर गांव में बड़ी संख्या में समाज के समाजजन बधाई संदेश दे रहे है।

## छात्रवृत्ति व स्कूटी योजना के आवेदन

**राजसमंद ( पुकार )।** आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा राजस्थानए जयपुर द्वारा मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा छात्रवृत्ति योजना एवं कालीबाई भील मेधावी छात्रा स्कूटी योजना तथा देवनारायण छात्रा स्कूटी एवं प्रोत्साहन राशि योजना वर्ष 2025-26 के लिए छात्रवृत्ति पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन हेतु दिनांक 03.01.2026 से 30.01.2026 तक पुनः खोला गया है। अतः उक्त योजनाओं मे आवेदन करने से वंचित रहे विद्यार्थी निर्धारित तिथि से पूर्व आवेदन करें। यह जानकारी महाविद्यालय के डॉ. बृजेश कुमार बासोतिया, जिला नोडल अधिकारी ने दी।

## पीआईएल मैन सुप्रीम कोर्ट एडवोकेट अश्विनी उपाध्याय 17 को चित्तौड़गढ़ में

**चित्तौड़गढ़ ( पुकार )।** प्रखर वक्ता पीआईएल मैन ऑफ इंडिया सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता अश्विनी उपाध्याय 17 जनवरी को चित्तौड़गढ़ के गणगौर गार्डन में जनचेतना मंच राजस्थान द्वारा आयोजित मेरी आवाज मेरा समाधान अभियान के तहत सुरक्षित भारत विषय पर आयोजित व्याख्यानमाला के मुख्य वक्ता होंगे। मंच संरक्षक डॉ आई एम सेठिया की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में प्रमुख उद्यमी राधाकृष्ण फुलवानी अतिविशिष्ट अतिथि होंगे। श्रीकांत शर्मा के अनुसार मंच द्वारा समसामयिक विषयों पर जनचेतना जागृत करने के उद्देश्य से आयोजित व्याख्यानमांला में शहर के गणमान्य बंधुओ, जनप्रतिनिधियों आमजन सहित सभी संगठनों को आमंत्रित किया गया हे।

# अहीर समाज खेलकूद प्रतियोगिता में रोमांचक मुकाबले देखने भीड़ उमड़ी



**राजसमंद ( पुकार )।** सकरावास में मेवाड़ मालवा अहीर समाज खेल-कूद प्रतियोगिता में मैच देखने समाज के लोग महिला, पुरुष और युवा उमड़े। इस दौरान अहीर समाज अध्यक्ष लेहरूलाल अहीर ने बताया कि कुल 120 टीम ने भाग लेते हुए क्रिकेट 45 टीम, वालीबॉल 23 टीम, कबड्डी 40 टीम, रस्सा-कसी 12 टीमें भाग लेते हुए दूसरे दिन क्रिकेट में गांव मरमी, फ ाचर अहीरान, गणेशपुरा, फूं किया, हमीरगढ़, कोटडी, भींडर, तिलस्मा, फू ंकियाए तखतपुरा, बावल, गुआ का कुंआ, पुरोहितों का सावंता, चौकन का खेड़ा, भींडर, देवीपुरा, सथाना, बनाकिया कलां, सकरावास चारभुजा ग्रुप सुरावास, लसाडीया की टीमें विजेता रही व वालीवॉल में सरेरी, चारभुजा स्पोट्र्स क्लब सकरावास, पीपली अहिरान, कृष्णा क्लब सकरावास सेमीफाइनल मे जीत कर पहुंची, कबड्डी में रामाखेड़ा, जावद, सहाड़ा ब्लॉक, पेमाखेड़ा, कोलपुरा, भोपालसागर ब्लॉक टीमे विजेता रही और रसाकस्सी में पीपली अहिरान, पीपली डोडियान, कृष्णा क्लब सकरावास, बालाजी ग्रुप की टीमें जीती और अहीर ने बताया कि प्रथम दिवस शुभारंभ होकर रात्री को प्रतिभा सम्मान समारोह के दौरान 50 प्रतिभाओं का सम्मान हुआ और गांव की बालिकाओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ और भजन कीर्तन पर युवा ने आनंद लाभ लिया। अंतिम दिन रविवार को दिन में 3 बजे समापन होगा उसमे मुख्य अतिथि 1008 महराज सुदर्शनाचार्य बड़ीसादड़ी होंगे। अध्यक्षता गिर्वा चौकी अध्यक्ष लेहरूलाल अहीर, विशिष्ट अतिथि विधायक प्रत्याशी जावद एमपी राजकुमार अहीर, पूर्व प्रधान जावद पुरण अहीर सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं समाजजन की उपस्थिति में होगा। दूसरे दिन खेल कूद देखने अहीर समाज के हजारों की संख्या में लोग पहुंचे।

# चार्टर्ड एकाउंटेंट की विशेषज्ञ सलाह, सतत विकास की पहचान




**राजसमंद ( पुकार )।** भारतीय चार्टर्ड एकाउंटेंट्स संस्थान की राजसमन्द शाखा द्वारा जिले के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से शुक्रवार को प्रथम बार बैठक का आयोजन किया गया।

इस पहल का मुख्य उद्देश्य एमएसएमई उद्यमियों को आयकर, वस्तु एवं सेवा कर लेखांकन, वैधानिक अनुपालन तथा वित्तीय प्रबंधन से संबंधित व्यावहारिक, अद्यतन एवं विशेषज्ञ मार्गदर्शन प्रदान करना है। राजसमन्द ब्रांच के अध्यक्ष सीए दिनेश चन्द्र सनाढ्य ने जानकारी देते हुए बताया कि चार्टर्ड एकाउंटेंट सीए दिनेश खेरोदिया द्वारा निःशुल्क परामर्श प्रदान किया गया, जिसमें चार इकाइयों को व्यक्तिगत रूप से मार्गदर्शन दिया गया। परामर्श के दौरान आयकर एवं जीएसटी से संबंधित समस्याओं का समाधान, लेखा-बही संधारण एवं वित्तीय प्रबंधन, रिटर्न फ इलिंग, पंजीकरण, बैंकिंग एवं ऋण संबंधी विषयों के साथ-साथ व्यवसाय वृद्धि एवं कर नियोजन जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की गई।

# बाल विवाह के खिलाफ जन-जागरूकता को मिला नया आयाम



**चित्तौड़गढ़ ( पुकार )।** बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीति के विरुद्ध जन-जागरूकता को सशक्त बनाने के उद्देश्य से बाल अधिकारिता विभाग द्वारा जिले में संचालित 100 दिवसीय बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत सांवरिया कोचिंग क्लास में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बाल अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक ओम प्रकाश तोषनीवाल ने बताया कि जिला कलक्टर आलोक रंजन के निर्देशानुसार जिले भर में निरंतर जागरूकता गतिविधियाँ संचालित की जा रही हैं। इसी क्रम में आयोजित इस कार्यक्रम में चाइल्ड हेल्पलाइन के सुपरवाइजर राहुल सिंह सोलंकी एवं सरिता मीणा द्वारा उपस्थित कोचिंग विद्यार्थियों को बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम के प्रावधानों की विस्तार से जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि बाल विवाह न केवल कानूनन अपराध है, बल्कि यह बच्चों के शारीरिक, मानसिक एवं शैक्षणिक विकास में भी गंभीर बाधा उत्पन्न करता है। विद्यार्थियों को यह भी अवगत कराया कि यदि कहीं भी बाल विवाह होने की जानकारी प्राप्त हो, तो तुरंत चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 पर सूचना दें। सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाती है। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों से संवाद करते हुए उन्हें बाल विवाह के दुष्परिणामों, शिक्षा के महत्व तथा अपने अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर संस्था प्रधान शिव राज सिंह झाला, मुकेश गुर्जर सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे। सभी ने बाल विवाह के विरुद्ध मिलकर कार्य करने, समाज में सकारात्मक सोच विकसित करने तथा बच्चों के समग्र विकास और सुरक्षित भविष्य के लिए एकजुट प्रयास करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों ने बाल विवाह के खिलाफ आवाज उठाने और इसे रोकने में सहयोग करने की शपथ ली।

## अवैध खनन के विरुद्ध सख्त कार्यवाही 440 टन अवैध बजरी स्टॉक जब्त



**चित्तौड़गढ़ ( पुकार )।** राज्य सरकार द्वारा जिले में अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत जिले की तहसील बेगूं क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई की गई है। जिला कलक्टर के निर्देशानुसार राजस्व विभाग, खनन विभाग एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा अवैध रूप से संचित बजरी स्टॉक पर सख्त कार्यवाही करते हुए लगभग 440 टन अवैध बजरी जब्त की गई है। तहसीलदार बेगूं गोपाल जीनगर ने बताया कि शनिवार को तहसील बेगूं क्षेत्र के पटवार मंडल मोतीपुरा अंतर्गत ग्राम बड़ाखेड़ा में गहन निरीक्षण एवं तलाशी अभियान चलाया गया। इस दौरान ग्राम के अलग-अलग 05 विभिन्न स्थानों पर अवैध रूप से संचित बजरी का स्टॉक पाया गया। जांच में यह स्पष्ट हुआ कि उक्त बजरी का भंडारण बिना वैध अनुमति एवं नियमों के विपरीत किया गया था। संयुक्त टीम द्वारा मौके पर नियमानुसार मौका पर्चा तैयार कर अवैध बजरी स्टॉक को जब्त किया गया। प्रारंभिक आकलन के अनुसार जब्त बजरी की कुल मात्रा लगभग 440 टन पाई गई है। जब्त सामग्री को नियमानुसार सुपुर्दगी में लिया गया तथा संबंधित प्रकरण में आगे की विधिक कार्यवाही प्रक्रियाधीन है।

# सरसों में मोयला कीट प्रबंधन पर प्रशिक्षण का आयोजन



**चित्तौड़गढ़ ( पुकार )।** कृषि विज्ञान केन्द्र द्वारा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन के अन्तर्गत आयोजित प्रथम पंक्ति प्रदर्शनों में सरसो फसल की नवीन उन्नत किस्म आर.एच. 761 पर पंचायत समिति भैंसरोड़गढ़ के गांव शम्भूनाथ जी का खेड़ा में शनिवार को प्रशिक्षण का आयोजन किया गया, जिसमें 56 कृषक एवं कृषक महिलाओं ने भाग लिया। केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. रतन लाल सोलंकी ने कृषको को प्रदर्शन खेत व कृषक पद्धति के खेतो में तुलना करते हुए अन्तर स्पष्ट किया। निरीक्षण के दौरान सरसों की फसल में मोयला कीट का प्रकोप पाया गया, जिसके उपचार के सम्बन्ध में जानकारी दी गई। संजय कुमार धाकड़ ने सरसों की खेती में पौध संरक्षण के बारे में तकनीकी जानकारी पर चर्चा करते हुए उत्पादित बीज को आगामी फसल की बुवाई के लिए भण्डारण कर स्वयं एवं पड़ोसी गांवो के अन्य किसानो को बीज के रूप में बेचकर आमदनी में वृद्धि करने के लिए प्रेरित किया। अन्त में शंकर लाल नाई ने प्रशिक्षण में उपस्थित सभी कृषक एवं कृषक महिलाओ को धन्यवाद ज्ञापित किया।

## स्कूटी योजना में आवेदन की अन्तिम तिथि 30 तक

**चित्तौड़गढ़ ( पुकार )।** महाराणा प्रताप राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय एवं समस्त राजकीय, निजी महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्राओं को सूचित किया जाता है कि कालीबाई भील मेधावी छात्रा स्कूटी योजना एवं देवनारायण छात्रा स्कूटी योजना के अन्तर्गत ऑनलाईन आवेदन हेतु 03 जनवरी से पोर्टल खोला गया है। आवेदन की अन्तिम तिथि 30 जनवरी है। प्राचार्य प्रो. हेमेन्द्रनाथ व्यास ने बताया कि पात्र विद्यार्थी ई-मित्र के माध्यम से अन्तिम तिथि से पूर्व अपना आवेदन करें। इस संबंध में जानकारी के लिये महाविद्यालय से सम्पर्क किया जा सकता।

# सामाजिक खेलकूद प्रतियोगिताएं युवाओं के सर्वांगीण विकास एवं सामाजिक समरसता का सशक्त माध्यम : विधायक माहेश्वरी






**राजसमंद ( पुकार )।** विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने कहा कि सामाजिक खेलकूद प्रतियोगिताएं युवाओं के शारीरिक, मानसिक एवं व्यक्तित्व विकास के साथ-साथ समाज में समरसता, एकता और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। विधायक दीप्ति माहेश्वरी मेवाड़ रेगर महासभा मातृकुंडिया एवं रेगर युवा शक्ति राजस्थान के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय मेवाड़ स्तरीय वॉलीबॉल एवं कबड्डी प्रतियोगिता तथा मेवाड़ रेगर समाज वर्ष 2026 कैलेंडर विमोचन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होकर उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रही थीं। इस अवसर पर उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उन्हें खेल भावना, अनुशासन एवं टीम भावना के साथ प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु प्रेरित किया। साथ ही खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन समाज में सामाजिक सौहार्द, आपसी भाईचारे एवं सकारात्मक ऊर्जा के संचार का सशक्त माध्यम बनते हैं। विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने मेवाड़ रेगर समाज द्वारा खेल, शिक्षा एवं सामाजिक जागरूकता के क्षेत्र में किए जा रहे निरंतर और सराहनीय प्रयासों की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास निश्चित रूप से आने वाली पीढ़ी को नई दिशा और प्रेरणा प्रदान करेंगे। कार्यक्रम के दौरान मेवाड़ रेगर समाज का वर्ष 2026 का सामाजिक कैलेंडर भी विमोचित किया गया, जो समाज की सांस्कृतिक विरासत, सद्विचारों एवं सामाजिक मूल्यों को जन-जन तक पहुँचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। अंत में विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने मेवाड़ रेगर महासभा मातृकुंडिया, रेगर युवा शक्ति राजस्थान, समस्त अतिथि गण, आयोजक मंडल एवं सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों को इस सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएँ प्रेषित करते हुए सभी का हार्दिक आभार व्यक्त किया।



राजसमंद। सर्दी और शीत लहर से कपकपाते लोग शहर में जगह जगह अलाव जला कर सर्दी से बचाव करते हुए।

## संक्षिप्त खबरें...

### मुर्गी एवं बकरी इकाई वितरण के आवेदन प्रारंभ

**खेरवाड़ा (पुकार)** । जनजाति समाज से जुड़े पशुपालकों को आर्थिक रूप से संबल प्रदान करने को लेकर जनजाति कल्याण कोष योजना के तहत खेरवाड़ा एवं नयागांव ब्लॉक के गांव के पशुपालकों को निशुल्क मुर्गी इकाई एवं बकरी यूनिट वितरण को लेकर आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। संयुक्त निदेशक डॉक्टर सुरेश कुमार जैन ने बताया कि ब्लॉक में जनजाति क्षेत्र के इच्छुक लाभार्थी बकरी पालक एवं कुक्कुट पालक 7 दिन में अपना आवेदन मय दस्तावेजों के साथ चयनित राजस्व ग्राम के नजदीकी पशु चिकित्सा संस्था में जमा कर सकते हैं। खेरवाड़ा नोडल अधिकारी डॉ ओम प्रकाश एवं नयागांव नोडल अधिकारी डॉ राजेंद्र मील ने बताया कि पशुपालक की उम्र 18 से 60 वर्ष के बीच होनी चाहिए, कम से कम पांचवी कक्षा पास भी होना आवश्यक है। विधवा, विकलांग, कमजोर आय वर्ग, भूमिहीन अथवा लघु सीमांत एवं महिला बकरी पालक को प्राथमिकता दी जाएगी। लाभार्थी पशुपालक का चयन संयुक्त निदेशक की अध्यक्षता में उपनिदेशक पशुधन विकास एवं ब्लॉक नोडल अधिकारी पशुपालन विभाग एवं ग्राम विकास अधिकारी/ प्रशासक संबंधित ग्राम पंचायत की समिति द्वारा किया जाएगा। जनजाति वर्ग के आवेदन लक्ष्य से अधिक होने पर उनका चयन लॉटरी सिस्टम के आधार पर किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि उदयपुर जिले में कुल 90 बकरी इकाई एवं 815 मुर्गी इकाई का वितरण किया जाना है। संयुक्त निदेशक डॉक्टर सुरेश जैन ने बताया कि खेरवाड़ा ब्लॉक में बकरी इकाई 10 यूनिट व मुर्गी इकाई 80 तथा नयागांव ब्लॉक में क्रमशः 10 एवं 80 साथ है ऋषभदेव ब्लॉक में 5 एवं 75 इकाई का वितरण किया जाना प्रस्तावित है।

### बजरी व्यवसायियों ने मंत्री खराड़ी से की मुलाकात



**खेरवाड़ा (पुकार)** । विधानसभा क्षेत्र के लघु बजरी व्यापारियों ने क्षेत्र के प्रवास पर आए राज्य के जनजाति विकास मंत्री बाबूलाल खराड़ी से मुलाकात कर अरावली क्षेत्र में अवैध खनन के नाम पर लघु बजरी व्यवसायियों को परेशान करने तथा लाखों रुपए की पेनल्टी वसूल करने का आरोप लगाया है। व्यापारियों ने मंत्री खराड़ी को बताया कि समीपवर्ती गुजरात राज्य से रॉयल्टी, टैक्स आदि का भुगतान कर राजस्थान में आ रही बजरी को भी खनन विभाग व प्रशासन द्वारा ओवरलोडिंग के नाम से परेशान किया जा रहा है तथा छोटे व्यापारी जो ट्रैक्टर से बजरी ले जा रहे हैं, उनको भी अवैध परिवहन के नाम से परेशान कर लाखों रुपए की पेनल्टी वसूल की जा रही है। बजरी के छोटे व्यापारियों की दुकान पर जाकर प्रशासन द्वारा अवैध बजरी भंडारण के नाम से दुकान को सील करने तथा लाखों रुपया पेनल्टी वसूल करने का भी आरोप लगाया। मंत्री खराड़ी ने व्यापारियों को आश्वस्त किया कि वह इस बाबत संभागीय आयुक्त व कलेक्टर से बात कर छोटे व्यापारियों को राहत दिलाने का निर्देश प्रदान करेंगे। इस दौरान पूर्व विधायक नानालाल अहारी ,भाजपा के वरिष्ठ नेता पारस जैन, भाजपा देहात जिला मंत्री अमित कलाल, जिला कार्यालय प्रभारी शीतल भाणावत ,पूर्व मंडल अध्यक्ष नारायण कलासुआ ,कावाराम मीणा , तरूण टेलर , अशोक कलाल सहित बड़ी संख्या में खेरवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के बजरी व्यवसायी उपस्थित थे।

### महिला द्वारा ससुराल वालों पर मारपीट करने का प्रकरण दर्ज

**खेरवाड़ा (पुकार)** । तहसील के बावलवाड़ा थाना में कमला देवी पत्नी नान सिंह गरासिया हाल निवासी पीहर चिकलवास तहसील खेरवाडा ने प्रकरण दर्ज कराया कि राणावाड़ा पहाड़ा निवासी आरोपी पति महेश पुत्र नान सिंह गरासिया राजपूत एवं दो ससुराल के अन्य सदस्य द्वारा प्रार्थिया के साथ मारपीट कर प्रताड़ित करते हुए घर से निकाल दिया गया। मजबूरन प्रार्थिया को पीहर में रहना पड़ रहा है। थानाधिकारी गणपत सिंह राठौड़ ने बताया कि कमला देवी द्वारा शुक्रवार देर रात दर्ज कराए गए प्रकरण के आधार पर एसएचओ स्वयं द्वारा इसका अनुसंधान किया जा रहा है।

### सोहन वैष्णव (पहलवान) वैष्णव बैरागी परिषद के प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त



**भीलवाड़ा (पुकार)** । अखिल भारतीय वैष्णव बैरागी परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष आरके वैष्णव के निर्देशानुसार मुंबई राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक में निर्णय लिया गया, जिसमें सोहन वैष्णव (पहलवान) को राजस्थान का तीन वर्षीय प्रदेश अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष आरके वैष्णव ने बताया कि सोहन वैष्णव को प्रदेश अध्यक्ष पद सौंपा गया जो कई संगठनों से जुड़े है एवं सामाजिक गतिविधियों व समाज सेवा में काफी सक्रिय योगदान है एवं संगठन को मजबूती प्रदान करेंगे। सोहन वैष्णव ने परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पदाधिकारियों का आभार जताया एवं तन मन धन से सेवा का संकल्प लिया।

### अनिल कुमार छाजेड़ सर्वसमति से बने अखिल भारतीय सर्वधर्म महासभा के वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष



**भीलवाड़ा (पुकार)** । अखिल भारतीय सर्वधर्म महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष टीकमचंद परिहार की अनुशंसा पर तथा संस्था की राष्ट्रीय कार्यकारिणी द्वारा सर्वसम्मति से अनिल कुमार छाजेड़ को वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया है। छाजेड़ इससे पूर्व विगत दो वर्षों से राजस्थान प्रदेश के अध्यक्ष के रूप में अपनी सेवाएँ दे चुके है। उनके कार्यकाल के दौरान संगठन को नई दिशा, मजबूती एवं सक्रियता प्राप्त हुई, जिससे प्रभावित होकर कार्यकारिणी ने उन्हें यह महत्वपूर्ण राष्ट्रीय दायित्व सौंपा है। छाजेड़ सामाजिक, धार्मिक एवं मानव सेवा के क्षेत्र में निरंतर सक्रिय रहते हुए राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कई प्रतिष्ठित पुरस्कारों से भी सम्मानित हो चुके हैं। वे सदैव निस्वार्थ भाव से सेवा कार्यों में संलग्न रहते हैं और सर्वधर्म समभाव, सामाजिक समरसता एवं राष्ट्र निर्माण के प्रति पूर्णतः समर्पित है। संस्था को पूर्ण विश्वास है कि उनके अनुभव, नेतृत्व क्षमता एवं कार्यशैली से अखिल भारतीय सर्वधर्म महासभा को राष्ट्रीय एवं अंतराष्ट्रीय स्तर पर और अधिक सशक्त पहचान प्राप्त होगी।

### श्रीयादे माता जन्मोत्सव समिति की बैठक में 20 जनवरी को होने वाले आयोजन की कार्य योजना पूर्ण

**प्रतापगढ़ (पुकार)** । श्रीयादे माता जन्मोत्सव समिति की बैठक शनिवार को हनुमानजी मंदिर प्रांगण में आयोजित हुई, बैठक में आगामी 20 जनवरी को माघ सुदी दूज के अवसर पर प्रतापगढ़ में श्रीयादे माता जयन्ति मनाये जाने की कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गई और प्रजापत समाज के वरिष्ठजनों एवं युवाओं को जिम्मेदारिया सौंपी गई। जन्मोत्सव समिति के मीडिया प्रभारी लोकेश प्रजापत ने बताया कि शनिवार को कृषि मंडी के पास स्थित हनुमानजी मन्दिर प्रांगण में प्रजापत समाज के वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष उंकार प्रजापत की अध्यक्षता एवं जिलाध्यक्ष हीरालाल प्रजापत के सानिध्य में श्रीयादे माता जन्मोत्सव समिति की बैठक आयोजित हुई बैठक में जिला उपाध्यक्ष एवं श्रीयादे माता मन्दिर निर्माण समिति के अध्यक्ष राजेश प्रजापत सहित प्रजापत समाज के संभागीय समिति सदस्य पन्नालाल प्रजापत, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष शंकरलाल प्रजापत, प्रेमचन्द प्रजापत, शिवलाल प्रजापत, उपाध्यक्ष गुड्डुभाई प्रजापत, जमनालाल प्रजापत, गोवर्धन लाल प्रजापत, गोपाल प्रजापत (शिकंजी वाले), कोषाध्यक्ष महेश प्रजापत, युवा उपाध्यक्ष हरीश प्रजापत, महेश प्रजापत, प्रतापगढ़ तहसील अध्यक्ष हरिओम प्रजापत व अरनोद तहसील अध्यक्ष अनिल प्रजापत आदि विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। बैठक में श्रीयादे माता जन्मोत्सव समिति के अध्यक्ष राहुल प्रजापत व सचिव विकास प्रजापत व कोषाध्यक्ष गोपाल प्रजापत ने सभी समाजजनों को जन्मोत्सव की कार्ययोजना से अवगत कराया एवं आगामी 20 जनवरी को श्रीयादे माता जंयती के अवसर पर प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी माताजी की झांकी सजाकर बैंड बाजे ओर ढोल नगाड़े के साथ प्रतापगढ़ नगर में निकाली जाने वाली शोभायात्रा के आयोजन की जिम्मेदारीयो को लेकर कमेटीयां गठित की गई। बैठक को जिलाध्यक्ष प्रजापत सहित कई वरिष्ठजनों व युवा कार्यकर्ताओ ने सम्बोधित किया।

इस अवसर पर प्रजापत समाज के समाजसेवी भय्यालाल प्रजापत, मोहनलाल प्रजापत, ज्योति प्रकाश प्रजापत, परमानन्द प्रजापत, रामरतन प्रजापत, बाबुलाल प्रजापत, खेमराज प्रजापत, उंकारलाल प्रजापत, लोकेश प्रजापत, पप्पूलाल प्रजापत, नारायणलाल प्रजापत, लक्ष्मीलाल प्रजापत, अशोक प्रजापत, मुकेश प्रजापत, पप्पूलाल प्रजापत, तुलसीराम प्रजापत, ईश्वरलाल प्रजापत एवं युवा कार्यकर्ता अंकित प्रजापत, विनोद प्रजापत, सचिन प्रजापत, एवं निखिल प्रजापत व गोपाल प्रजापत सहित कई समाज जन उपस्थित रहे।

# सावित्रीबाई फूले की 195वीं जयंति पर अर्पित किए श्रद्धासुमन, प्रतिभावान बेटियों का किया सम्मान

**महात्मा ज्योति बा फूले माली सेवा संस्थान एवं समस्त माली समाज द्वारा प्रेरणा दिवस के रूप में मनाई सावित्रीबाई फूले जयंति**



**भीलवाड़ा (पुकार)।** महान समाज सुधारक एवं देश की प्रथम महिला शिक्षक सावित्रीबाई फूले की 195वीं जयंति शनिवार को प्रेरणा दिवस के रूप में श्रद्धाभाव के साथ मनाई गई। महात्मा ज्योति बा फूले माली सेवा संस्थान भीलवाड़ा एवं समस्त माली समाज द्वारा शहर के बेटी गौरव उद्यान में स्थापित मां सावित्रीबाई फूले की प्रतिमा पर माल्यापर्ण कर उनके प्रति श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। संस्थान के जिला सचिव राजकुमार माली ने बताया कि पुष्पाजंलि के बाद विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में समाज की उन प्रतिभावान बेटियों का भी सम्मान किया गया जिन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में सराहनीय प्रदर्शन कर समाज का गौरव बढ़ाया है। गोष्ठी में भीलवाड़ा जिला अभिभाषक संघ के अध्यक्ष उम्मेदसिंह राठौड़, पूर्व पार्षद नंदलाल माली, उंकारलाल माली, राजकुमार माली, दिनेश माली, सुमित माली आदि ने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि सामाजिक सुधारों एवं महिला शिक्षा की अलख जगाने वाली महान समाज सुधारक सावित्रीबाई फूले का पूरा जीवन हमारे लिए अनुकरणीय एवं प्रेरणा का स्रोत है। उनके प्रयासों से ही भारत में बालिका शिक्षा के प्रति जागृति आई ओर समाज को कई कुरितियों से मुक्त होने का अवसर मिला। समाज एवं राष्ट्र की सेवा में उनके योगदान को हमेशा याद किया जाएगा। ऐसी महान समाज सुधारक का जीवन हम सभी को समाज व राष्ट्र हित में श्रेष्ठ कार्य करने की प्रेरणा प्रदान करता है। समारोह में देश का गौरव बढ़ाने वाली महिलाओं के चित्रों पर भी पुष्पाजंलि अर्पित कर नारी शक्ति के प्रति कृतज्ञता एवं सम्मान व्यक्त किया गया। इन महिलाओं में वीरांगना रानी पद्मनी, पन्नाधाय, भक्तिमति मीराबाई, स्वरकोकिला लता मंगेशकर, अंतरिक्ष यात्री कल्पना चावला, नोबल पुरस्कार विजेता मदर टेरसा, पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी, पवर्तारोही बछेन्द्रीपाल, बॉक्सर मैरीकॉम एवं बैडमिन्टन खिलाड़ी साइना नेहवाल शामिल थी। समारोह में माली समाज की प्रतिभावान बेटियां जिनमे विद्यार्थी, खिलाड़ी, समाजसेवी, जनप्रतिनिधि आदि शामिल थे उनका सम्मान किया गया। सम्मानित होने वालों में कविता पारेता, रिषिका माली, दीपिका जजावरा, चार्वी माली, कुश्ती में स्वर्णपदक विजेता अंजली माली, माया माली, पार्षद मोहनीदेवी, बादामदेवी, लाड़देवी, तनुश्री माली, टीना माली शामिल थे। कार्यक्रम में बंशीलाल माली, पूसालाल माली, मूलचंद माली, सोहनलाल माली, तोताराम माली, छोटूलाल माली, नवीनकुमार माली, प्रभुलाल माली, राजेन्द्र माली, सपना माली, प्रतिभा माली, सीमा माली, मीना माली, सागर माली, श्यामलाल माली सहित सैकेड़ो समाज बंधु ओर माता बहिने उपस्थित थे।

### सांसद जोशी ने जताया पीएम मोदी व मंत्री सिंह का आभार

**चित्तौड़गढ़ (पुकार)।** संसदीय क्षेत्र चित्तौड़गढ़ के डामर सड़क से वचिंत ढाणियों में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत फेज 4 के बैच-1 के तहत कुराबड़ क्षेत्र में 4 सड़कों की स्वीकृति जारी हुयी हैं। इन चार सड़कों के लिये 4.72 करोड़ की लागत से 4 सड़क कार्य जिसकी लम्बाई 6.20 किमी है की स्वीकृति जारी की गयी हैं। इन सड़कों की स्वीकृति के लिये सांसद जोशी ने देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान का आभार व्यक्त किया हैं। संसदीय क्षेत्र के उदयपुर जिले के कुराबड़ ब्लॉक की 4 ढाणियों के लिये इन सड़कों की स्वीकृति जारी की गयी हैं। जिसके तहत कुराबड़ पंचायत समिति के ग्राम पादूखेड़ा- ग्राम पंचायत सोमाखेड़ा, लम्बाई 1.5 किमी राशि 112.53 लाख रू। ग्राम रामज खेड़ा रिगलीया फला- ग्राम पंचायत रामज में 1.4 किमी लम्बाई, राशि 108.06 लाख। ग्राम ढीमढा- ग्राम पंचायत फीला में 0.8 किमी लम्बाई, राशि 59.65 लाख रू। ग्राम काकोडिया-ग्राम पंचायत फीला लम्बाई 2.5 किमी, राशि 192.10 लाख रू। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के चतुर्थ चरण में जनजातिय क्षेत्र के 250 की जनसंख्या वाले गावं जो की पक्की डामर सड़क से नही जुडे हुये हैं, उनको पक्की डामर सड़क से जोड़ा जाना हैं।

# एमपीएल सीजन 2 की विजेता बनी नवाब क्लब सीमलवाड़ा की टीम



**खेरवाड़ा (पुकार)** । मुस्लिम समाज द्वारा आयोजित दूसरी एमपीएल क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन खेरवाड़ा सीनियर सेकेंडरी खेल मैदान पर हुआ जिसमे हुसैनी क्लब खेरवाड़ा उप विजेता वही नवाब क्लब सीमलवाड़ा विजेता रही। शनिवार को फाइनल से पूर्व दो सेमीफाइनल हुए जिसमे मकरानी क्लब जवास को हराकर नवाब क्लब ने फाइनल में जगह बनाई वही दूसरे सेमीफाइनल में मेजबान हुसैनी क्लब ने सुल्तान वारियर्स को हराकर फाइनल में अपनी जगह बनाई थी। 1 जनवरी से शुरू हुई इस प्रतियोगिता के सभी मैच नॉक आउट पद्धति से टेनिस बॉल से खेले गए। आयोजन कमेटी के मोहसिन पठान व मुस्लिम समाज के प्रवक्ता आफताब मकरानी ने बताया कि खेल व समाज की प्रतिभाओं के खेल में निखार आये इस उद्देश्य से इस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें डुंगरपुर व उदयपुर की कुल 12 टीमो ने हिस्सा लिया। एमपीएल सीजन 3 की मेजबानी 2027 में मुस्लिम समाज करावाड़ा करेगा। समाज की ओर सभी खिलाड़ियों एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सभी खिलाड़ियों के साथ साथ प्रतियोगिता करवाने में सहयोग दातार को सम्मानित भी किया गया।

इस दौरान सदर मोहम्मद हनीफ, सचिव नईमुद्दीन अब्बासी, कोषाध्यक्ष मोहसिन पठान, पूर्व सदर सिकंदर खान यूसुफ जई, पूर्व सचिव निजामुद्दीन कुरैशी,नईम खान, अब्दुल मजीद व प्रतियोगिता आयोजन में सहयोगी रहे संजय चौहान, यश मोची, वार्ड पंच लव सितलानी, साहिल मकरानी , रेहान मकरानी और विजेता व आयोजन कमेटी को नगद पुरस्कार मस्तान ग्रुप के सौजन्य से प्रदान किए गए। शनिवार को फाइनल से पूर्व दो सेमीफाइनल हुए जिसमे मकरानी क्लब जवास को हराकर नवाब क्लब ने फाइनल में जगह बनाई वही दूसरे सेमीफाइनल में मेजबान हुसैनी क्लब ने सुल्तान वारियर्स को हराकर फाइनल में अपनी जगह बनाई थी।

### अंकित सोमानी अंतर्राष्ट्रीय वैश्य फेडरेशन में युवा जिलाध्यक्ष नियुक्त



**भीलवाड़ा (पुकार)** । अंतर्राष्ट्रीय वैश्य फेडरेशन ने संगठन में युवा नेतृत्व को सशक्त बनाने के लिए अंकित सोमानी को भीलवाड़ा का युवा जिलाध्यक्ष नियुक्त किया। इस नियुक्ति की औपचारिक घोषणा न्यू क्लॉथ मार्केट में जिलाध्यक्ष रामेश्वर काबरा ने की। इस अवसर पर प्रदेश मंत्री कल्पेश चौधरी, संभागीय युवा अध्यक्ष देवेंद्र डाणी, जिला महामंत्री ललित अग्रवाल, युवा जिला महामंत्री आशीष अग्रवाल सहित संगठन से जुड़े गणमान्य पदाधिकारी मौजूद रहे। सभी ने नवनियुक्त युवा जिलाध्यक्ष से संगठन हित में सक्रिय भूमिका निभाने की उम्मीद जताई। सोमानी ने कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसका वे पूर्ण निष्ठा, समर्पण एवं ईमानदारी से निर्वहन करेंगे।

उनका मुख्य लक्ष्य अधिक से अधिक युवाओं को संगठन से जोडना, वैश्य समाज में सामाजिक समरसता को बढ़ावा देना तथा शिक्षा, रोजगार, सेवा एवं जनकल्याण से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ाना रहेगा। कार्यक्रम के अंत में संगठन को और अधिक मजबूत बनाने, युवाओं की सहभागिता बढ़ाने एवं समाज के सर्वांगीण विकास हेतु मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया गया।

### श्री महेश बचत एवं साख समिति द्वारा फैमिली क्रिकेट लीग सीजन 3 आयोजित



**भीलवाड़ा (पुकार)** । श्री महेश बचत एवं साख समिति द्वारा (एसएमबीएसएस) फैमिली क्रिकेट लीग सीजन 3 का उत्साह वर्धन वातावरण में भव्य आयोजन किया गया। संयोजक शांतिलाल डा ड ने जानकारी दी कि श्री महेश बचत एवं साख समिति द्वारा एसएमबीएसएस फैमिली क्रिकेट लीग सीजन 3 का भव्य एवं पारिवारिक भावना से ओत-प्रोत आयोजन किया गया। इस अवसर पर राजेन्द्र कचोलिया, अभिजीत शारदा, अर्चित मूंदड़ा, वैभव बाहेती की गरिमामयी उपस्थिति में प्रतियोगिता की ट्रॉफी का अनावरण किया गया। संरक्षक आशा डाड, कोऑर्डिनेटर सुधा चांडक, महिला अध्यक्ष रीना डाड महिला मंत्री अनिता सोमानी ने बताया इस फैमिली क्रिकेट लीग में कुल 11 टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। आयोजन की विशेषता यह रही कि सभी टीमों का गठन पारिवारिक आधार पर किया गया, जिसमें परिवार के मुखिया, महिलाएँ एवं बच्चे समान रूप से शामिल रहे। इस अनूठे आयोजन के माध्यम से खेल के साथ-साथ पारिवारिक एकता, आपसी सौहार्द एवं सामूहिक सहभागिता का सुंदर संदेश दिया गया। अध्यक्ष संदीप लड्ढा, नारायण लाहोटी, प्रदीप लाठी, प्रभारी अजय बाल्दी, ज्योति लाठी ने बताया कि यश डाड, श्याम बिरला, योगेश मूंदड़ा, यश लाहोटी, आनंद बाहेती, प्रवीण झांवर, कपिल बाहेती, अहसास सोमानी, संजय भदादा अंकुर झांवर, धर्मेश अजमेरा की कप्तानी में सभी टीमों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

### टंकी के बालाजी मुक्तिधाम विकास समिति ने की मुक्तिधाम को अत्याधुनिक बनाने की कार्ययोजना तैयार

**समिति ने लगभग 30 लाख खर्च किये, 50 लाख और खर्च करने की योजना**



**भीलवाड़ा (पुकार)** । शहर के टंकी के बालाजी मुक्तिधाम के विकास और सुविधाओं को लेकर टंकी के बालाजी मुक्तिधाम विकास समिति द्वारा मुक्तिधाम को अत्याधुनिक बनाने की कार्ययोजना तैयार की गई। संरक्षक बाबूलाल जाजू एवं महासचिव नवनीत सोमानी ने बताया कि मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार की प्रक्रिया को सर्वसुविधायुक्त बनाने के उद्देश्य से समिति द्वारा मुक्तिधाम में शुद्ध पेयजल के लिए आरओ प्लांट की स्थापना, कम लकड़ी में दाह संस्कार संभव हो इसके लिए आधुनिक उपकरण लगाने, अत्याधुनिक शौचालयों का निर्माण, सुरक्षा हेतु तीन नये गेटों का निर्माण, कर्मचारियों के लिए आवासगृह, नारियल तोड़ने की मशीन, बरामदों में पंखे लगवाने, लकड़ी गोदाम का निर्माण, टूटी हुई बाउंड्री वॉल का पुनर्निर्माण, उद्यान में नए पौधे लगाने, कोबल्स लगवाने व रंग-रोगन करवाने तथा मुक्तिधाम के बाहर नाली निर्माण सहित विभिन्न विकास कार्यों पर लगभग 50 लाख रुपये समिति की ओर से खर्च किए जाएंगे। इसके साथ ही नगर विकास न्यास एवं नगर निगम से भी आवश्यक सहयोग लिया जाएगा। समिति सचिव कैलाश कोठारी एवं उपाध्यक्ष सुनील जागेटिया व सत्यनारायण डीडवानियां ने बताया कि समिति द्वारा पूर्व में जनसहयोग से बैठने हेतु दो अत्याधुनिक बरामदे तैयार किए जा चुके हैं तथा दाह संस्कार के लिए शेड निर्माण पहले ही किया जा चुका है जिन पर समिति द्वारा 30 लाख रुपये खर्च किए गए हैं। कोषाध्यक्ष राकेश दरक ने बताया कि मुक्तिधाम के संपूर्ण विकास की योजना करीबन डेढ़ करोड़ रूपये की है। मुक्तिधाम समिति की बैठक में वरिष्ठ उपाध्यक्ष नारायण लड़ा, सुशील डांगी, मुक्तिधाम व्यवस्था प्रभारी मनोहर अजमेरा, उमाशंकर शर्मा, सुरेश कचौलिया, कैलाश रांका, सुवालाल जाट, डॉ. विनोद नराणीवाल, प्रदीप चौधरी, धर्मेन्द्र पारीक एवं धर्मराज शर्मा ने मुक्तिधाम को आधुनिक बनाने पर सुझाव दिये।

# प्रतापगढ़ में रचा गया इतिहास- बनेगा उदयपुर संभाग का पहला सैनिक विश्राम गृह

**राजस्व मंत्री मीणा ने विधि-विधान से किया भूमि पूजन कहा- यह भवन युवाओं में जगाएगा राष्ट्रसेवा का जज्बा**





**प्रतापगढ़ (पुकार)** । देश की सीमाओं की रक्षा करने वाले वीर जवानों के सम्मान और उनकी सुविधाओं को विस्तार देते हुए प्रतापगढ़ जिला मुख्यालय पर शनिवार को एक ऐतिहासिक अध्याय लिखा गया। दीपेश्वर तालाब की तलहटी और गणेश घाट के पावन सान्निध्य में उदयपुर संभाग के पहले सैनिक विश्राम गृह का भूमि पूजन एवं शिलान्यास राजस्व एवं उपनिवेशन मंत्री हेमंत मीणा द्वारा विधि-विधान से संपन्न किया गया। शिलान्यास समारोह को संबोधित करते हुए राजस्व मंत्री हेमंत मीणा ने कहा कि यह विश्राम गृह केवल एक भवन मात्र नहीं, बल्कि हमारे उन जांबाज सैनिकों के प्रति कृतज्ञता का प्रतीक है जो अपनी जान हथेली पर रखकर मां भारती की रक्षा करते हैं। उन्होंने कहा, सैनिकों का सम्मान हमारी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। यह केंद्र भूतपूर्व और वर्तमान सैनिकों के लिए विश्राम स्थली तो बनेगा ही, साथ ही यह नई पीढ़ी को भारतीय सेना में शामिल होने के लिए प्रेरित करने वाला शक्ति केंद्र भी साबित होगा।

**युवाओं के लिए सेना में प्रवेश का मार्ग होगा प्रशस्त**

मंत्री मीणा ने उपस्थित भूतपूर्व सैनिकों का आह्वान करते हुए कहा कि वे अपने अनुभव और योग्यता का लाभ जिले की युवा पीढ़ी को दें। उन्होंने चिंता व्यक्त की कि जिले के युवाओं में प्रतिभा और शारीरिक क्षमता की कोई कमी नहीं है, लेकिन जानकारी के अभाव में वे सेना से दूर रह जाते हैं। मीणा ने भरोसा दिलाया कि इस केंद्र के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन और सेना भर्ती से संबंधित मार्गदर्शन शिविर आयोजित किए जाएंगे, ताकि प्रतापगढ़ का हर गांव फौजियों के अनुशासन और फिटनेस से महक उठे।

**बजट की नहीं होगी कमी**

कार्यक्रम के दौरान बाउंड्रीवाल की लागत के विषय पर चुटकी लेते हुए मंत्री ने स्पष्ट किया कि सैनिकों के कल्याण के लिए धन की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में वे स्वयं और केंद्र में सांसद सी.पी. जोशी सैनिकों के हितों की पैरवी के लिए सदैव तत्पर हैं। उन्होंने केंद्र सरकार द्वारा लागू की गई (वन रैंक वन पेंशन) और सर्जिकल स्ट्राइक जैसे साहसी फैसलों का जिक्र करते हुए कहा कि आज भारत की ओर कोई आंख उठाकर देखने की हिम्मत नहीं कर सकता।

**कार्यक्रम में इनकी रही गरिमामयी उपस्थिति**

भूमि पूजन के इस गौरवशाली अवसर पर जनप्रतिनिधियों, सैन्य अधिकारियों और गणमान्य नागरिकों का जमघट लगा रहा। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि नगर परिषद सभापति रामकन्या गुर्जर, भाजपा जिला महामंत्री नरेंद्र गिरी गोस्वामी, जिला उपाध्यक्ष रितेश सोमानी, सभापति प्रतिनिधि प्रहलाद गुर्जर, मुख्य जिला प्रवक्ता अमित जैन।

सैन्य एवं प्रशासनिक अधिकारी» कर्नल जयराज सिंह, सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल कमलेंद्र सिंह, जिलाध्यक्ष सार्जेंट अरुण वोरा, सूबेदार मेजर एच के एस देवड़ा, सूबेदार विनोद सुथार, सार्जेंट दिग्विजय सिंह, सेवारत सार्जेंट मनोज साहू। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी गोपाल धाभाई, सह कोषाध्यक्ष हार्दिक छोरिया, आईटी सेल संयोजक कुणाल दसलानिया, ओबीसी मोर्चा उपाध्यक्ष शिवलाल साहू, पार्षद ठाकुर प्रसाद खत्री, गोविंद कुमार तेली, मनीष गुर्जर, प्रीति सोमानी, नारंगी मीणा, मंडल महामंत्री विकास चनाल, दीपेश आमेटा, जितेश सोनी, गोपाल टेलर, अर्पित कोठारी, रमेश बागड़ी, दीपक टॉक, मिलन शर्मा, गिरजा शंकर शर्मा, विपिन जोशी, राकेश सोलंकी, लोकेंद्र बोराणा, सौरभ बोराणा, राजेश सालवी, प्रभु लाल गुर्जर, विजय माली, प्रशस्ति कुंवर, माही वैष्णव, स्नेहलता शर्मा। इसके अतिरिक्त भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के ऋषिराज, एनसीसी के लेफ्टिनेंट मोहन लाल मेघवाल और शहीद/ सैनिक परिवारों से अनुसूया शर्मा, गेंदकुंवर, योगेश्वरी वोरा व राहुल शर्मा सहित बड़ी संख्या में पूर्व सैनिक और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**कुशल संचालन एवं आभार**

कार्यक्रम का सफल संचालन मंडल अध्यक्ष उत्सव जैन ने किया, जबकि युवा मोर्चा के अमित नागर ने सभी आगंतुकों और अतिथियों का आभार व्यक्त किया। पूर्व सैनिकों ने इस निर्णय को जिले के लिए एक बड़ी सौगात बताते हुए सरकार का धन्यवाद ज्ञापित किया।

### शराब तस्करों की कहानी हुई फ्लॉप... जिला पुलिस की ब्लॉकबस्टर कार्रवाई

# 'ऑपरेशन स्वच्छता': तस्करों का खेल खत्म, जिला पुलिस बनी 'सिंघम'



योगेंद्र सिंह राठौड़

**डूंगरपुर (पुकार)।** अवैध शराब तस्करी के खिलाफ जिला पुलिस का चलाया गया 'ऑपरेशन स्वच्छता' तस्करों पर भारी पड़ रहा है। जिला पुलिस अधीक्षक मनीष कुमार के निर्देशन में बीते एक वर्ष के दौरान लगातार सघन कार्रवाई की गई, जिसके चलते शराब तस्करी का नेटवर्क बुरी तरह हिल गया। पुलिस ने तस्करों के वाहनों पर सख्त नाकाबंदी करते हुए कई बार 'चक्का जाम' जैसी स्थिति पैदा कर दी, जिससे तस्करों को करोड़ों का नुकसान उठाना पड़ा। बताया जा रहा है कि तस्कर चंडीगढ़, पंजाब, हरियाणा और राजस्थान के विभिन्न इलाकों से शराब भरकर 800 किलोमीटर से अधिक दूरी तय करते हुए गुजरात की ओर रवाना होते थे। कई बार वे 12 से 13 घंटे का लंबा सफर करते, लेकिन जिला सीमा में प्रवेश करते ही पुलिस की पैनी नजर और नाकेबंदी उनका रास्ता रोक देती थी।

पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार पिछले एक वर्ष में अवैध शराब से जुड़े कुल 739 प्रकरण दर्ज किए गए। इस दौरान 1,05,717 बोतल अवैध शराब जब्त की गई, जबकि तस्करी में प्रयुक्त 29 बड़े ट्रक, 37 कार, 9 पिकअप, 3 बोलेरो, 1 ट्रैक्टर, 2 टेम्पो और 1 स्कूटी सहित कुल 49 वाहन पुलिस ने कब्जे में लिए। जब्त शराब और वाहनों की अनुमानित कीमत करीब 10 करोड़ 50 लाख रुपये आंकी गई है, जो जिले में अब तक की सबसे बड़ी कार्यवाही मानी जा रही है। पुलिस के अनुसार चंडीगढ़, पंजाब, हरियाणा और राजस्थान निर्मित शराब अलग-अलग रूट से जिले की सीमा तक लाई जा रही थी। पिछले साल के दौरान चंडीगढ़ निर्मित 10,188 बोतल शराब और 720 टीन बियर, पंजाब निर्मित 25,831 बोतल और 8,496 टीन बियर, हरियाणा निर्मित 31,038 बोतल और 6,842 टीन बियर, जबकि राजस्थान निर्मित 8,548 बोतल और 14,702 टीन बियर जब्त की गईं। यदि यह खेप गुजरात तक पहुंच जाती, तो अवैध कारोबार और अधिक फैल सकता था। तस्करों ने पुलिस को चकमा देने के लिए तरह-तरह के पैतरे अपनाए। कहीं ट्रकों में कूलर, दवाइयों और एसी पार्ट्स की आड़ में शराब छिपाई गई, तो कहीं ट्रकों के केबिन और बॉडी में गुप्त बॉक्स बनाए गए। कई मामलों में ट्रैक्टर-ट्रॉली और पिकअप में छिपे कक्ष तैयार किए गए। कुछ तस्करों ने सब्जी के क्रेट, जैविक खाद की बाल्टियों और पाउडर की बोरियों के बीच बोतलें रख दीं। वहीं कारों में काले कपड़ों से ढककर खेप छिपाने की कोशिश की गई। लेकिन पुलिस की सजगता, लगातार निगरानी और खुफिया सूचना प्रणाली के आगे ये सभी तरीके बेअसर साबित हुए। कई बार गहन तलाशी और ड्राइवरों से पूछताछ के दौरान पूरे रैकेट का भांडा फूट गया। जिला पुलिस अधीक्षक मनीष कुमार ने स्पष्ट किया कि अवैध शराब तस्करी के खिलाफ जिला पुलिस ने 'जीरो टॉलरेंस' नीति अपनाई है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन स्वच्छता के तहत तस्करों के पूरे नेटवर्क को जड़ से खत्म करने का लक्ष्य रखा गया है और आगे भी इसी तरह सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि यदि कहीं संदिग्ध वाहन या शराब की खेप दिखाई दे तो तुरंत सूचना दें, ताकि इस अवैध धंधे पर पूरी तरह रोक लगाई जा सके।



### ग्रामीण में गहन पुनरीक्षण...

## ड्राफ्ट मतदाता सूची बूथ स्तर तक पहुंची प्रभारियों को दी गई जिम्मेदारी

**डूंगरपुर (पुकार)।** मतदाता गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत ड्राफ्ट मतदाता सूची सभी प्रभारी व संयोजकों के माध्यम से बी.एल.ए - 2 और बूथ अध्यक्षों तक पहुंचा दी गई है। अभियान को गति देने के लिए प्रभारियों को फॉर्म नंबर 6, 7 और 8 उपलब्ध कराए गए हैं, जिनके माध्यम से नाम जोड़ने और हटाने का कार्य बूथ स्तर पर किया जाएगा। निर्देश दिए गए हैं कि यदि सूची में विपक्ष से जुड़े गलत नाम दर्ज हैं, तो नियमों के अनुसार उन्हें हटाने की कार्रवाई कराई जाए। नए नाम जोड़ने के लिए आधार कार्ड, जन्मतिथि के प्रमाण के रूप में मार्कशीट और एक फोटो बीएलओ को देने के निर्देश हैं।

सभी कार्यकर्ताओं से इस काम को प्राथमिकता से पूरा करने की अपील की गई है। अभियान को व्यवस्थित रूप से आगे बढ़ाने के लिए शक्ति केंद्रवार प्रभारी नियुक्त किए गए हैं। गडामोरेया-भटवाड़ा में ईश्वरसिंह चोहान और नारायणलाल कलासुआ, पिपलादा-खेमारू में दिनेश कटारा और फूलचंद बरांडा, माथुगामडा-वाजरडा-घुमणिया में राकेश जैन और जीवनलाल कटारा, जबकि माथुगामडा पाल-गोकुलपुरा-भाटपुर में बाबुलाल कटारा, राजेन्द्र गमेती और शंकरलाल कलाल को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

बिलडी-तिजवड में करुण ननोमा और बद्री प्रसाद कटारा, खेडा-उपरगांव-सुलाई में प्रेमशंकर पटेल और हेमचंद परमार, पगारा-सिदड़ी-खेरवाड़ा में कान्तीलाल परमार और नारायणलाल कटारा, बलवाड़ा में रमेश लबाना और रामलाल गरासिया, जबकि थाना-माडा में हितेश भोई और अम्बालाल लबाना प्रभारी बनाए गए हैं। काकरादरा-चकमहुड़ी क्षेत्र में दिनेश गमेती और दोलतराम खराड़ी को जिम्मेदारी दी गई है। डूंगरपुर ग्रामीण मंडल अध्यक्ष महेश पाटीदार ने कहा कि सभी कार्यकर्ता तय समय में काम पूरा करें, ताकि मतदाता सूची शुद्ध और अद्यतन बन सके।

## राठ धनराज में वाटर पम्प चोरी नाकाम, आरोपी गिरफ्तार



**बासवाडा (पुकार)।** सज्जनगढ थाना क्षेत्र के गांव राठ धनराज में रात्री के समय वाटर पम्प चोरी करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। जिला पुलिस अधीक्षक बासवाडा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बासवाडा और कुशलगढ वृत्ताधिकारी के निर्देश एवं सुपरविजन में सज्जनगढ थाना टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए यह सफलता हासिल की। घटना 01 जनवरी 2026 की है, जब प्रार्थी कमलेष ने अपने निजी ओपन कुएं से वाटर पम्प चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई। मामले की जांच एएसआई छगनलाल को सौंपी गई। इससे पहले रात में गश्त के दौरान पुलिस टीम ने एक अज्ञात टेम्पो में वाटर पम्प ले जाते देखा। पुलिस ने पीछा किया तो चालक टेम्पो और पम्प वहीं छोड़कर भाग गया। सुबह जब प्रकरण दर्ज हुआ, तो जांच के दौरान टेम्पो चालक अजय, उम्र 26 वर्ष, निवासी टांडी बडी, थाना कसारवाडी को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने वाटर पम्प भी बरामद कर लिया और आरोपी को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया। पुलिस का कहना है कि सज्जनगढ थाना क्षेत्र में सक्रिय गश्ती के कारण चोरी की वारदात को अंजाम देने का आरोपियों का मंसूबा नाकाम हो गया।

### कानून व्यवस्था में दिखा बड़ा बदलाव : अवैध पार्किंग से अतिक्रमण तक सख्त पुलिसिंग

# थाना अधिकारी अजय सिंह राव की सख्ती से शहर में लौटी अनुशासन की तस्वीर

योगेंद्र सिंह राठौड़



**डूंगरपुर (पुकार)।** कोतवाली थाना अधिकारी अजय सिंह राव के पदभार संभालते ही कानून-व्यवस्था में उल्लेखनीय सुधार देखने को मिला है। शहर की सुरक्षा व्यवस्था, ट्रैफ़िक नियंत्रण और अवैध गतिविधियों पर पुलिस की सख्त कार्रवाई ने जनता में भरोसा बढ़ाया है। शहर की बिगड़ती ट्रैफिक व्यवस्था को सुधारने के लिए थाना अधिकारी राव ने स्वयं मोर्चा संभाला। शनिवार को शहर के व्यस्त बाजार क्षेत्रों में पुलिस ने फ्लैग मार्च निकाला और पैदल गश्त करते हुए हालात का जायजा लिया। इस दौरान फुटपाथों और दुकानों के बाहर सीमा से अधिक सामान फैलाकर कब्जा करने वालों को सख्त चेतावनी दी गई। पुलिस ने साफ कहा कि यदि नियमों का पालन नहीं किया गया तो सामान जब्त करने के साथ-साथ कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी। सड़कों पर अवैध पार्किंग, दुकानों के बाहर फैले अतिक्रमण और अवैध स्टॉल्स पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए चालान और हटवाने की कार्रवाई की। इससे रास्ते सुचारु हुए और आम लोगों को राहत मिली। पुलिस ने पूरे शहर में 'अतिक्रमण हटाओ अभियान' चलाया, जिसमें टीम के साथ समन्वय बनाते हुए सख्ती और पारदर्शिता दोनों को महत्व दिया गया। अवैध व्यापार पर ताले लगे तो कई जगहों पर दुकान मालिकों को चेतावनी भी दी गई। कार्रवाई के बाद अनेक क्षेत्रों में साफ-सफाई और अनुशासन स्पष्ट रूप से दिखने लगा। पुराना बस स्टैंड, तहसील चौराहा और नया बस स्टैंड क्षेत्र में पुलिस ने 'क्लीन स्वीप' अभियान चलाया। थानाधिकारी अजय सिंह राव स्वयं मौके पर मौजूद रहे और सड़कों के किनारे खड़े अव्यवस्थित ऑटो-रिक्शा व निजी वाहनों को क्रेन से हटवाया। अचानक हुई कार्रवाई से अतिक्रमणकारियों और वाहन चालकों में हड़कंप मच गया। कार्रवाई के दौरान 42 वाहनों को जब्त कर कोतवाली लाया गया, जहाँ उनके दस्तावेज़ लाइसेंस, आरसी और इंश्योरेंस की बारीकी से जांच की गई। कई वाहन चालकों के पास वैध कागजात नहीं मिले, जिन पर भारी चालान किए गए।

थानाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि शहर की व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी, जरूरत पड़ी तो जेल भेजा जाएगा। इन कार्रवाइयों के चलते शहर में हड़कंप जरूर मचा, लेकिन साथ ही नागरिकों के बीच यह संदेश भी गया कि कानून से ऊपर कोई नहीं है। थानाधिकारी अजय सिंह राव ने नागरिकों से अपील की कि 'व्यवस्था सुधार में पुलिस का सहयोग करें, पुलिस आपके साथ है।' लगातार और व्यवस्थित कार्रवाई ने यह साबित कर दिया है कि जब प्रशासन और पुलिस सख्ती के साथ प्रतिबद्धता दिखाते हैं, तो शहर की तस्वीर बदल सकती है और कानून-व्यवस्था मजबूत होती है।

## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव का औचक निरीक्षण, 144 बंदियों की हालत का लिया जायजा




**डूंगरपुर (पुकार)।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (रालसा) जयपुर के वार्षिक कैलेंडर की अनुपालना में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, डूंगरपुर के सचिव एवं अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोज मीना ने जिला कारागृह का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अलग-अलग बैरकों में जाकर बंदियों से मुलाकात कर उनकी समस्याएँ सुनीं और जेल प्रशासन को क्षमता के अनुरूप बंदियों के रहने की व्यवस्था बेहतर बनाए रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण में पाया गया कि कारागृह में कुल 144 बंदी निरुद्ध हैं। सचिव ने नि:शुल्क विधिक सहायता की व्यवस्था की समीक्षा करते हुए बंदियों से पूछा कि क्या उनके मुकदमों की पैरवी के लिए अधिवक्ता उपलब्ध हैं। जिन बंदियों के पास वकील नहीं थे, उनके लिए तुरंत नि:शुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। उन्होंने जेल की रसोई का निरीक्षण कर भोजन की गुणवत्ता जाँची और बीमार बंदियों के लिए उपलब्ध चिकित्सा सुविधाओं तथा दवाइयों के स्टॉक की भी समीक्षा की। साथ ही, कारागृह परिसर और शौचालयों में स्वच्छता बनाए रखने के लिए सख्त निर्देश जारी किए। निरीक्षण के दौरान मीना ने बंदियों को उनके कानूनी अधिकारों जमानत के प्रावधान, प्ली-बार्गेनिंग आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि किसी भी बंदी को कानूनी जानकारी के अभाव में न्याय से वंचित नहीं रहना चाहिए और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण इस दिशा में निरंतर प्रयासरत है।

# सावित्रीबाई फुले की जयंती पर मैराथन में दौड़े 6 साल की बालिका से लेकर 80 साल के बुजुर्ग



**मदनगंज-किशनगढ़ (पुकार)।** देश की प्रथम महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले की जयंती पर आयोजित मैराथन में 8 साल की बालिका से लेकर 80 साल के बुजुर्ग तक सड़कों पर दौड़े। माली समाज किशनगढ़ के द्वारा आयोजित सर्व समाज सावित्रीबाई फुले जयंती मैराथन का आयोजन शनिवार प्रात: 7 बजे पुराने मिल चौराहे से पुराना बस स्टैंड के पास डाक बंगला तक किया गया। मैराथन में मुख्य रूप से छोटी बच्चियों, महिलाओं, युवाओं व बुजुर्गों का जोश देखने को मिला। जिसमें एनडीआरफ व राजस्थान के पुलिस के जवानों के अतिरिक्त सेवानिवृत सीआरपीएफ जवान, जल सेना के तटरक्षक, थल सेना के पूर्व सैनिक भी शामिल हुए। मैराथन को एनडीआरएफ मुख्यालय के कमांडेंट प्रवीण कुमार, राजकीय यज्ञ नारायण जिला चिकित्सालय के प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर परसराम चौधरी, शिक्षाविद व प्रधानाचार्य अमृतराज सैनी, श्री फूल मालियान शिक्षण संस्था के अध्यक्ष कैलाश भाटी, महात्मा ज्योतिबा फुले शिक्षक एवं विकास संस्थान के अध्यक्ष नंदलाल सैनी, सैनी विकास समिति किशनगढ़ के अध्यक्ष दिनेश सैनी, माली महासभा किशनगढ़ तहसील के अध्यक्ष रमेश मालाकार, सिलोरा भाजपा मंडल के अध्यक्ष लक्ष्मण पहलवान, मां भारतीय रक्षा मंच के लक्ष्मी नारायण सोनगरा, विवेकानंद यूथ फाउंडेशन के अभिषेक पारीक, भाजपा महिला मोर्चा की संतोष पारीक, ग्राम पंचायत सिलोरा के निवर्तमान सरपंच राजकिशोर सैनी, माली समाज सावंतसर के अध्यक्ष सहदेव कुंवाल, माली समाज शिवाजीनगर अध्यक्ष सुखराम जादम, व मेघवाल समाज अध्यक्ष एडवोकेट राजेश भाटी, ग्रो सकेटिंग अकेडमी के नरेन्द्र मालाकार ने झंडी दिखाकर रवाना किया। मार्ग में आमजन व विभिन्न सामाजिक संगठनों के कार्यकर्ताओं ने मैराथन की हौसला अफजाई की। पुरानी मिल से रवाना होकर मुख्य मार्ग से गुजरते हुए मैराथन पुराना बस स्टैंड के पास डाक बंगला पहुंची जहां एनडीआरएफ के जवान व शारीरिक शिक्षक रामदयाल चौधरी, गोपीचन्द गूर्जर, मधु सैनी व अन्य ने मैराथन के धावकों में प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने का निर्णय किया। ग्रो स्केटिंग अकादमी के स्केटिंग खिलाड़ी अपने कल का प्रदर्शन सड़कों पर दिखाते हुए मैराथन के साथ आगे बढ़ रहे थे। मैराथन के महिला वर्ग में अजमेर की नन्हीं उडनपरी श्रुति सैनी प्रथम, सराना की मीनाक्षी मालाकार द्वितीय व नन्दनी तृतीय स्थान पर रही। पुरुष वर्ग में राकेश बैरवा प्रथम, बिट्टू द्वितीय व विकास तृतीय स्थान पर रहे। स्केटिंग मैराथन में बालिका वर्ग में वैष्णवी अजमेरा प्रथम, रीतिका चौधरी द्वितीय व अनाया राजोरा तृतीय स्थान पर रही। इसी प्रकार बालक स्केटिंग मैराथन में अंश मालपानी ने प्रथम, काव्य अजमेरा ने द्वितीय और खुश मालपानी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। मैराथन का डाक बंगला स्थित उद्यान में सुबह के साथी संस्था की ओर से संरक्षक विमल बानूड़ा ने साथियों के साथ स्वागत किया।

## आर्म्स एक्ट में कार्रवाई : गलियाकोट में दहशत फैलाने वाला तलवारधारी गिरफ्तार

**डूंगरपुर (पुकार)।** गलियाकोट स्थित कसारिया पुल पर बिना वैध लाइसेंस धारदार तलवार लहराकर राहगीरों को डराने-धमकाने वाले आरोपी को चितरी पुलिस ने गिरफ्तार किया। सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची, जहां आरोपी तलवार लहराते हुए लोगों को धमका रहा था। पकड़े गए आरोपी नारायणलाल पिता पन्नालाल कटारा, डूंगरा फला, गलियाकोट की तलाशी के दौरान तलवार जब्त की गई और लाइसेंस मांगा गया, लेकिन वह लाइसेंस पेश नहीं कर सका। आरोपी के खिलाफ धारा 4/25 आर्म्स एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया गया।

यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक मनीश कुमार के निर्देश पर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार सांखला और वृत्ताधिकारी रूपसिंह के सुपरविजन में, थानाधिकारी मनीष कुमार खोईवाल के नेतृत्व में की गई। कार्रवाई में हेड कांस्टेबल इंद्रजीत सिंह, कांस्टेबल विरेन्द्र सिंह और आशिक मोहम्मद शामिल रहे।



## को-ऑपरेटिव बैंक मैनेजर 30 हजार की रिश्वत लेते ट्रैप

### फसल खराबे के क्लेम की किश्त जारी करने की एवज में मांगी थी घूस

**अजमेर (पुकार)।** अजमेर भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए को-ऑपरेटिव बैंक के मैनेजर को रिश्वत लेते ट्रैप किया। उसे एसीबी ने भिनाय के धातोल ग्राम से 30 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। आरोपी मैनेजर परमेश्वर प्रजापत ने यह राशि प्रधानमंत्री फसल बीमा क्लेम की राशि की किश्त को लेकर मांगी थी। आरोपी को एसीबी की टीम बांदनवाड़ा पुलिस चौकी लेकर आई। जहां उससे पूछताछ की गई। एसीबी सीआई नरेन्द्र सिंह ने इस कार्रवाई को अंजाम दिया। एसीबी एसपी महावीरसिंह राणावत ने बताया- सरकारी योजनाओं की राशि रिलीज करने की योजना में धतोल को-ऑपरेटिव बैंक के मैनेजर परमेश्वर रिश्वत की डिमांड करता था। प्रधानमंत्री फसल बीमा की क्लेम राशि रिलीज करने की एवज में ग्रामीण मंगलाराम से 30 हजार की डिमांड की। इस पर पीड़ित ने एसीबी को शिकायत की। एसीबी ने शिकायत का सत्यापन कराया और शनिवार को आरोपी को रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया।

## दरगाह में हिंदू मंदिर के दावे पर सुनवाई टली, कोर्ट ने 21 फरवरी दी अगली तारीख

**अजमेर (पुकार)।** ख्वाजा साहब की दरगाह में शिव मंदिर के दावे के मामले में सुनवाई टल गई। कोर्ट ने वकीलों के वर्क सस्पेंड को देखते हुए अगली सुनवाई के लिए तारीख 21 फरवरी दी है। कोर्ट में हिंदू सेना के प्रमुख विष्णु गुप्ता और पूर्व विधायक ज्ञानदेव आहूजा के साथ हाईकोर्ट के वकील संदीप शर्मा मौजूद रहे। कोर्ट के बाहर पुलिस का भारी संख्या जाब्ता तैनात था। सीओ शिवम जोशी सहित दो थानों के थाना अधिकारी पर मौजूद रहे। मालूम हो कि विष्णु गुप्ता ने एएसआई सर्वे और वहां पूजा करने की अनुमति की मांग को लेकर सिविल कोर्ट में याचिका दायर की है। इस दावे का मुस्लिम पक्ष अंजुमन कमेटी विरोध कर रहा है। इसे सस्ती लोकप्रियता का स्टंट व 1991 के प्लेसेस ऑफ वरशिप एक्ट के खिलाफ बता रहा है। हाईकोर्ट के वकील संदीप शर्मा ने बताया कि अजमेर में वकीलों के वर्क सस्पेंड के कारण सुनवाई नहीं हो पाई है। कोर्ट ने अगली तारीख 21 फरवरी दी है। चादर के दावे को सिविल कोर्ट विड्रोल कर लिया गया है। 7/11 का मामला पेंडिंग चल रहा है, जल्द इसका निपटारा हो और जल्दी से केस आगे सुचारू रूप से चल सकें।



## संक्षिप्त समाचार

### उदयपुर के डॉ. दिवाकर सिंह और डॉ. ऋतु मेहता ने राष्ट्रीय योगासन रेफरी के रूप में किया योगदान



**उदयपुर (पुकार)।** उदयपुर के डॉ. दिवाकर सिंह और डॉ. ऋतु मेहता ने हाल ही में रांची, झारखंड में आयोजित 50वीं सब जूनियर एवं जूनियर राष्ट्रीय योग स्पोर्ट्स चैंपियनशिप में उत्तर प्रदेश के कोच और राष्ट्रीय योगासन रेफरी के रूप में भाग लिया। यह प्रतियोगिता 27 से 30 दिसंबर 2025 तक आयोजित की गई थी, जिसमें पूरे भारत के 34 राज्यों से 900 योग खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। इस दौरान डॉ. दिवाकर सिंह और डॉ. ऋतु मेहता को उनके योग क्षेत्र में योगदान के लिए योगा फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा सम्मानित किया गया। डॉ. दिवाकर सिंह आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, अयोध्या में सह प्राध्यापक (जीव रसायन) हैं, जबकि डॉ. ऋतु मेहता महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, उदयपुर में अनुवांशिकी और पादप प्रजनन विभाग में फैकल्टी हैं। उदयपुर के महाराणा मेवाड़ विद्या मंदिर विद्यालय के दो छात्रों, पूर्णेश सिंह और जिज्ञांश सिंह, जिन्होंने राज्य स्तर पर रजत पदक जीते थे, ने इस प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व किया और उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए उन्हें भी सम्मानित किया गया।

इस प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश से कुल 35 खिलाड़ियों ने भाग लिया और 6 खिलाड़ियों ने पदक प्राप्त किए। प्रतियोगिता के विजेताओं को दुबई में आयोजित एशियन योगा चैंपियनशिप में भाग लेने का अवसर मिलेगा।

### गुरु स्मृति दिवस पर गीता पाठ एवं श्रद्धांजलि सभा सम्पन्न



**उदयपुर (पुकार)।** पूज्य आध्यात्मिक गुरुदेव, कीर्तिशेष डॉ. ओ. पी. महात्मा की प्रथम पुण्यतिथि के अवसर पर हिंद सेवा मानव कल्याण ट्रस्ट, उदयपुर द्वारा गुरु स्मृति दिवस का आयोजन शनिवार को श्री गीता रामायण सेवा संघ, 310, मोक्ष मार्ग, अशोक नगर, उदयपुर में किया गया। कार्यक्रम में गीता परिवार द्वारा श्रीमद्भगवद्गीता के सप्तम अध्याय का श्लोकात्मक पाठ, प्रार्थना, श्रद्धांजलि सभा एवं स्मरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। गीता पाठ का पारायण संपत माहेश्वरी, संतोष दीदी, ट्रस्ट उपाध्यक्ष पूर्णिमा व्यास एवं गीता सेवियों द्वारा किया गया। कार्यक्रम की विशेष प्रस्तुति में, देश की सबसे कम उम्र की राष्ट्रीय स्तर की आध्यात्मिक बाल कवयित्री आहुति शुक्ला ने भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं का भावपूर्ण उद्बोधन प्रस्तुत किया, जिससे श्रोतागण भावविभोर हो उठे। इस अवसर पर, सरल ब्लड बैंक के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. श्याम एस. सिंघवी ने डॉ. ओ. पी. महात्मा से अपने 43 वर्षों के आत्मीय संबंधों का उल्लेख करते हुए उनके संगठनात्मक एवं मानवीय कौशल पर प्रकाश डाला। ट्रस्ट के उप मुख्य संरक्षक एडवोकेट निर्मल कुमार पंडित ने गुरुकृपा से ट्रस्ट में संचालित आध्यात्मिक एवं सेवा कार्यों की विवेचना की। ट्रस्ट अध्यक्ष दिव्य कुमार ने गुरुदेव की कृपा से अधूरे कार्यों को पूर्ण करने की प्रेरणा पर अपने विचार व्यक्त किए। सामूहिक श्रद्धांजलि सभा में गोपाल महात्मा, विष्णु शर्मा हितेषी (वरिष्ठ पत्रकार), उमेश शर्मा, हिम्मत सिंह पोखरना, प्रेम शंकर श्रीमाली, कमलेश वैष्णव, जमनालाल सुथार, नरेंद्र, युधिष्ठिर सिंह चौहान, लोकेश महाराज, एडवोकेट भरत कुमावत, ट्रस्ट उप मुख्य संरक्षक अशोक कुमार मारू, कु. विजय सिंह कच्छवाहा सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं ट्रस्टजन उपस्थित रहे, जिन्होंने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। ट्रस्ट के मीडिया प्रभारी विष्णु शंकर पालीवाल ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य पूज्य गुरुदेव डॉ. ओ. पी. महात्मा के आध्यात्मिक आदर्शों का स्मरण कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करना था।

### सावित्री बाई फुले जन्म जयंती समारोह



**उदयपुर (पुकार)।** ज्योति बा फुले टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज, उदयपुर द्वारा शनिवार को सावित्री बाई फुले की जन्म जयंती के उपलक्ष्य में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज के संस्थापक दिनेश माली ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में निदेशक दिवाकर माली उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान दिवाकर माली ने सत्य शोधक समाज द्वारा किए गए सामाजिक कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी और सावित्री बाई फुले द्वारा समाज में किए गए योगदान पर प्रकाश डाला।

महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. चेतना भारद्वाज ने सावित्री बाई फुले के जीवन संघर्ष और उनके सामाजिक उत्थान के कार्यों से छात्रों और शिक्षकों को परिचित कराया। उन्होंने बताया कि सावित्री बाई फुले नारी शिक्षा, समाज सुधार और सशक्तिकरण के क्षेत्र में एक महान अग्रणी थीं। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी संगम सदस्य और छात्र-शिक्षक वर्ग ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और सावित्री बाई फुले के योगदान को सम्मानित किया।

कार्यक्रम का समापन सभी उपस्थित लोगों ने एकजुट होकर सावित्री बाई फुले के प्रेरणादायक कार्यों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

### महान समाज सेविका सावित्रीबाई फुले की जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित

**उदयपुर (पुकार)।** देश की पहली महिला शिक्षिका, नारी मुक्ति आंदोलन की प्रणेता और महान समाज सेविका सावित्रीबाई फुले की जयंती के अवसर पर शनिवार को रक्षाबंधन धानमंडी स्थित कांग्रेस मीडिया सेंटर पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं प्रवक्ता पंकज कुमार शर्मा ने सावित्रीबाई फुले की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया।

पुष्पांजलि अर्पित करते हुए शर्मा ने कहा कि सावित्रीबाई फुले ने शिक्षा के माध्यम से समाज में व्याप्त कुरीतियों, जातिगत भेदभाव और महिला उत्पीड़न के खिलाफ ऐतिहासिक संघर्ष किया। उन्होंने न केवल महिलाओं के शिक्षा अधिकार की नींव रखी, बल्कि सामाजिक समानता और न्याय की दिशा में देश को नई सोच दी। उनका जीवन आज भी समाज सुधार और महिला सशक्तिकरण के लिए प्रेरणास्रोत है।

शर्मा ने आगे कहा, सावित्रीबाई फुले का योगदान केवल शिक्षा तक सीमित नहीं था, बल्कि उन्होंने नारी स्वाभिमान, सामाजिक चेतना और मानवता के मूल्यों को मजबूत किया, जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता।

इस श्रद्धांजलि कार्यक्रम में कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे, जिनमें सुभाष चित्तौड़ा, गोविंद सक्सेना, कृपाशंकर मिश्रा, सज्जाद खान, नरेंद्र सर्राफ, ओम प्रकाश आगाल, नरेश साहू, मोहनलाल मेघवाल, जमना गिरी और यशपाल शर्मा जैसे नाम शामिल थे। सभी ने सावित्रीबाई फुले के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

#### पेराफेरी संघर्ष समिति की मांगों पर प्रशासन का रुख सकारात्मक

# पेराफेरी पट्टा आंदोलन पर प्रशासन का बड़ा कदम, पंचायत-निगम को बसावट भूमि हस्तांतरण की प्रक्रिया शुरू

**उदयपुर (पुकार)।** यूडीए पेराफेरी के 205 गांवों में आबादी बसावट पर पट्टे जारी करने की मांग को लेकर चल रहे पेराफेरी संघर्ष समिति के आंदोलन पर प्रशासन ने सकारात्मक रुख अपनाया है।

प्रशासन ने आबादी बसावट वाली भूमि को संबंधित नगर निगम व पंचायतों को हस्तांतरित करने पर सहमति जताई है। इस प्रक्रिया को पूर्ण करने के लिए प्रशासन ने संघर्ष समिति की कोर टीम से 15 जनवरी तक का समय मांगा है।

शनिवार को प्रशासनिक चर्चा के बाद संघर्ष समिति की कोर टीम और सर्व समाज की संयुक्त बैठक आयोजित हुई।

इसके पश्चात आयोजित प्रेस वार्ता में संघर्ष समिति ने अब तक की प्रशासनिक सहमति, आंदोलन की आगामी रणनीति और जनहित से जुड़े मुद्दों पर विस्तृत जानकारी दी।

प्रेस वार्ता में संघर्ष समिति संयोजक चंदन सिंह देवड़ा, पेराफेरी पंचायतों के जनप्रतिनिधि, सर्व समाज के प्रतिनिधि, मेवाड़ किसान सभा, करणी सेना सहित सर्व समाज के 24 संगठनों के पदाधिकारी मौजूद रहे, जिससे आंदोलन में व्यापक सामाजिक एकजुटता स्पष्ट दिखाई दी।



### यह बनी प्रशासन और संघर्ष समिति के बीच सहमति

नगर निगम विस्तार में शामिल पेराफेरी की 23 पंचायतों के 43 गांवों में आबादी बसावट वाले खसरों को यूडीए द्वारा कलेक्टर से किस्म आबादी दर्ज करवा नगर निगम को हस्तांतरित किया जाएगा। इनमें 1992 के नियमों के बजाय पूर्व में 2018 तक जारी 69-ए के पट्टों के आधार पर पट्टे जारी करने को लेकर जिला प्रशासन राज्य सरकार को संशोधन एवं मार्गदर्शन हेतु पत्र भेजेगा। इसके बाद निगम अग्रिम आदेशों पर नियमानुसार पट्टे जारी कर सकेगा।

नगर निगम क्षेत्र से बाहर स्थित यूडीए पेराफेरी पंचायतों में आबादी बसावट वाली भूमि को किस्म आबादी दर्ज कर संबंधित पंचायतों को हस्तांतरित किया जाएगा, जिससे पंचायतें नियमानुसार पट्टे जारी कर सकेंगी।

नए शामिल गांवों में चरागाह भूमि यूडीए के नाम रहेगी, लेकिन उसकी किस्म नहीं बदली जाएगी, ताकि वह सुरक्षित रहे और भविष्य में किसी प्रकार का आवंटन किसी संस्था को न हो सके।

घुमंतू व अर्द्ध-घुमंतू समुदायों को भूमि हस्तांतरण के पश्चात संबंधित एजेंसियों के माध्यम से नियमानुसार पट्टे जारी किए जा सकेंगे। वहीं, जिन पहाड़ी गांवों को यूडीए से बाहर रखने की मांग है, उस विषय में प्रशासन पुनः राज्य सरकार को वस्तुस्थिति से अवगत कराएगा।

### संघर्ष समिति ने आरोपों को किया सिरे से खारिज

संघर्ष समिति ने हाल ही में लगाए गए आरोपों को पूरी तरह खारिज करते हुए स्पष्ट किया कि आंदोलन केवल वर्षों से आबादी बसावट में रह रहे लोगों को पट्टे दिलाने के लिए है, न कि खाली जमीनों या अतिक्रमण के समर्थन में।

समिति ने कहा कि वह प्रशासन और सरकार से नियमों के तहत न्यायसंगत प्रक्रिया की मांग कर रही है। किसी भी प्रकार की राजनीतिक साजिश या भ्रामक बयानबाजी को जनता स्वयं जवाब देगी। समिति ने दोहराया कि उसका लक्ष्य आमजन को वैधानिक रूप से पट्टे दिलवाना है।

### बैठक में ये रहे शामिल

प्रकाश प्रजापत, शंकर गमेती, मोहन लाल डांगी, विष्णु पटेल, नंदलाल वेद, मांगीलाल,शोभालाल भील, लोकेश पालीवाल, हेमराज गुर्जर, चेनराम, ईश्वर पारगी, सत्यनारायण, नारायण लाल, बाबूलाल, देवकिशन सुथार, संजय शर्मा, हिम्मत सिंह भाटी, देवेंद्र वैष्णव, अर्जुन सिंह चुंडावत, जीवन सिंह, धर्मचंद मीणा, शंभुलाल डांगी सहित कई सरपंच, उपसरपंच सर्व समाज संगठनों के प्रतिनिधि मौजूद थे।

#### संभाग स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का भव्य समापन

## आज आएंगे द ग्रेट खली



**उदयपुर (पुकार)।** बजरंग क्लब कविता गांव के तत्वावधान में आयोजित की जा रही संभाग स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता एक बार फिर खेल प्रेमियों के आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। पिछले पच्चीस वर्षों से निरंतर आयोजित हो रही इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता ने क्षेत्र को कई राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय वॉलीबॉल खिलाड़ी दिए हैं, जिससे कविता गांव की पहचान खेल नगरी के रूप में स्थापित हुई है। प्रतियोगिता का आयोजन कविता उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर में किया जा रहा है, जहां संभाग भर से आई टीमों के बीच रोमांचक मुकाबले खेले जा रहे हैं। खेलों के प्रति युवाओं का उत्साह और दर्शकों की भारी उपस्थिति इस प्रतियोगिता की लोकप्रियता को दर्शाती है। रविवार को होगा भव्य समापन, जिसमें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अंतरराष्ट्रीय रेसलर 'द ग्रेट खली' शिरकत करेंगे। खली के आगमन को लेकर खिलाड़ियों और ग्रामीणों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। कार्यक्रम के संयोजक अर्जुन पालीवाल ने बताया कि द ग्रेट खली जैसे अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी की उपस्थिति से युवाओं और खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ेगा तथा उन्हें आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी। उन्होंने कहा कि बजरंग क्लब का उद्देश्य ग्रामीण प्रतिभाओं को मंच देना और खेल संस्कृति को निरंतर आगे बढ़ाना है।

## जेके फिजियो एंड रिहैब मकर संक्रांति खेलोत्सव का आगाज

#### शहर विधायक ताराचंद जैन ने टॉस उछालकर किया शुभारंभ

**उदयपुर, (पुकार)।** खेल स्वास्थ्य के लिए लाभदायी तो हैं ही, वे सामूहिकता और एकजुटता अर्थात टीम वर्क की सीख भी देते हैं।

यह बात उदयपुर शहर विधायक ताराचंद जैन ने शनिवार को यहां आरसीए मैदान में उदयपुर नगर माहेश्वरी युवा संगठन के तत्वावधान में चल रहे जेके फिजियो एंड रिहैब मकर संक्रांति खेलोत्सव 3.0 की प्रमुख प्रतियोगिताओं के शुभारंभ पर कही। टॉस उछालकर क्रिकेट मैच का आरंभ करने के दौरान उन्होंने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल समाज की सेहत के लिए भी लाभदायक हैं। जब समाज के युवा एक टीम के रूप में लक्ष्य को पकड़ने का प्रयास करते हैं, यही बात उन्हें जीवन में भी टीम वर्क के रूप में लक्ष्य को प्राप्त करना सिखाती है।



विधायक जैन ने माहेश्वरी समाज और उदयपुर नगर माहेश्वरी युवा संगठन को बधाई दी और समाज के वरिष्ठ समाजसेवियों मदन लाल धुप्पड़, मदन लाल मूंदड़ा, अर्जुन लाल मंत्री, जानकी लाल मूंदड़ा आदि के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान के लिए जिक्र किया। उदयपुर नगर माहेश्वरी युवा संगठन के अध्यक्ष मयंक मूंदड़ा ने बताया कि शनिवार सुबह क्रिकेट प्रतियोगिताएं शुरू हुईं और शाम को वॉलीबॉल के मैच हुए। इनके फाइनल मैच 4 जनवरी रविवार सुबह से होंगे। इसके बाद ही सितोलिया व एथलेटिक्स प्रतियोगिताएं भी होंगी। इन प्रतियोगिताओं में बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक भाग ले सकेंगे।

उपाध्यक्ष मयंक दिलीप मूंदड़ा ने बताया कि कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में भीण्डर के उपखण्ड अधिकारी राजेश बहेड़िया, जेके फिजियो एंड रिहैब (फिजियोथैरेपी-मेडिकल जिम-रिहैब) के निदेशक पीयूष देवपुरा, महेश सेवा संस्थान चित्रकूट नगर के सचिव जीतेन्द्र ईनाणी, समाजसेवी देवेन्द्र मालीवाल व समाज के वरिष्ठजन मौजूद थे।

माहेश्वरी युवा संगठन के मंत्री मोहित मूंदड़ा ने बताया कि समापन समारोह 4 जनवरी शाम साढ़े पांच बजे आरसीए के ही ऑडिटोरियम में होगा। मुख्य समारोह में चित्तौड़गढ़ सांसद सी.पी. जोशी, राज्य के सहकारिता मंत्री गौतम दक, राजसमंद विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष अलका मूंदड़ा, चेम्बर ऑफ कॉमर्स उदयपुर संभाग के अध्यक्ष पारस सिंघवी, दक्षिणी राजस्थान प्रादेशिक माहेश्वरी युवा संगठन के प्रदेश अध्यक्ष राघव कोठारी मुख्य अतिथि होंगे। उदयपुर नगर माहेश्वरी युवा संगठन के कार्यकर्ता हर्ष ईनाणी ने बताया कि मुख्य समारोह में उदयपुर नगर माहेश्वरी युवा संगठन की ओर से गत वर्ष की तरह समाज की विभूतियों को पावर आइकन्स सम्मान से विभूषित किया जाएगा। मोहित बाहेती ने बताया कि समारोह में विजेताओं को नकद पुरस्कार बांटे जाएंगे।

## पीड़ित और जरूरतमंद को सस्ता और सुलभ न्याय दिलाने के लिए हों प्रयास : देवनानी

#### बार एसोसिएशन उदयपुर की नवीन कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह

**उदयपुर (पुकार)।** राजस्थान विधानसभा के अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि अधिवक्ता समाज की महत्वपूर्ण धूरी है। न्याय के प्रति विश्वास को कायम रखने में उनकी विशेष भूमिका है। अधिवक्ता अपने कार्य में शुचिता, सौहार्द और संवेदनशीलता का सम्मिश्रण करते हुए पीड़ित और जरूरतमंद को सस्ता और सुलभ न्याय दिलाने के लिए प्रयास करें।

देवनानी शनिवार को आरएनटी मेडिकल कॉलेज के न्यू ऑडिटोरियम में उदयपुर बार एसोसिएशन की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी के शपथ ग्रहण समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला एवं सत्र न्यायाधीश ज्ञानप्रकाश गुप्ता ने की। विशिष्ट अतिथि उदयपुर शहर विधायक ताराचंद जैन, राज्य मानवाधिकार आयोग के सदस्य जस्टिस रामचंद्रसिंह झाला तथा अतिरिक्त महाधिवक्ता डॉ प्रवीण खण्डेलवाल रहे। प्रारंभ में अतिथियों ने दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। निवर्तमान अध्यक्ष चंद्रभानसिंह शक्तावत, महासचिव महावीरप्रसाद शर्मा, नव निर्वाचित अध्यक्ष जितेंद्र जैन, महासचिव लोकेश गुर्जर सहित पदाधिकारियों ने अतिथियों का स्वागत किया। बार एसोसिएशन उदयपुर की परंपरा के अनुसार निवर्तमान अध्यक्ष शक्तावत ने नवीन अध्यक्ष जैन को शपथ दिलाई। वहीं अध्यक्ष जैन ने महासचिव सहित कार्यकारिणी को शपथ ग्रहण कराई।



### आजादी की लड़ाई में वकीलों की महती भूमिका

समारोह को संबोधित करते हुए विधानसभा अध्यक्ष देवनानी ने कहा कि भारतीय न्याय व्यवस्था का इतिहास काफी प्राचीन है। मनुस्मृति और कौटिल्य अर्थशास्त्र में भी इसका उल्लेख है। भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में अधिवक्ताओं का बड़ा योगदान रहा है। महात्मा गांधी, सरकार वल्लभभाई पटेल, लाला लाजपत राय, चक्रवर्ती राजगोपालाचार्य, चितरंजन दास जैसे अनेकों अनेक स्वतंत्रता सैनानी पेशे से वकील रहे हैं। आजादी के बाद भारत के संविधान की रचना में भी अधिवक्ताओं की खास भूमिका रही है। समाज में न्याय की प्रतिष्ठा और सामाजिक संतुलन को बनाए रखने में आज भी अधिवक्ताओं की प्रासंगिकता स्वयं सिद्ध है।

### केवल मुकदमा जीतना नहीं, न्याय की सुनिश्चितता का रखें ध्येय

देवनानी ने कहा कि अधिवक्ता का कार्य सिर्फ अपने मुवक्किल के पक्ष में मुकदमा जीतना नहीं होना चाहिए, अपितु न्याय की सुनिश्चितता का ध्येय सर्वोपरि होना चाहिए। कानून पर समाज का भरोसा कायम रखने की जिम्मेदारी शासन-प्रशासन और बैंच-बार की समान रूप से है। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ अधिवक्ता युवाओं को प्रेरित और संस्कारित करें, ताकि न्याय की गरिमा बनी रहे।

### न्याय की देवी के आंखों से हटी पट्टी

देवनानी ने कहा कि न्याय की देवी की आंखों पर पट्टी थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने वह पट्टी हटा दी है। इससे न्याय के प्रति पारदर्शिता और निष्पक्षता के भाव और अधिक मजबूत होंगे।

### सेतु की भूमिका निभाने का आश्वासन

कार्यक्रम में बार एसोसिएशन पदाधिकारियों ने विधानसभा अध्यक्ष से उदयपुर में हाईकोर्ट बैंच की लंबित मांग को पूर्ण कराने में सहयोग की अपील की। इस पर देवनानी ने आश्वस्त किया कि बार प्रतिनिधिमंडल के जयपुर आगमन पर मुख्यमंत्री, कानून मंत्री आदि से मुलाकात में वे सेतु की भूमिका निभाएंगे। साथ ही अपनी ओर से भी इसके लिए वकालत करेंगे।

### शिल्पग्राम में 'शिव महिमा' का मंचन आज

**उदयपुर (पुकार)।** पश्चिम क्षेत्र सास्कृतिक केंद्र उदयपुर द्वारा आयोजित मासिक नाट्य संध्या 'रंगशाला' के अंतर्गत रविवार को 'शिव महिमा' नाटक का मंचन किया जाएगा। पश्चिम क्षेत्र सास्कृतिक केंद्र उदयपुर के निदेशक फुरकान खान ने बताया की प्रति माह आयोजित होने वाली मासिक नाट्य संध्या रंगशाला के अंतर्गत परंपरा नाट्य समिति जयपुर द्वारा शिव महिमा का मंचन रविवार को सायं 7 बजे शिल्पग्राम उदयपुर स्थित दर्पण सभागार में किया जाएगा। यह नाटक तमाशा शैली पर आधारित संगीतमय प्रस्तुति है जिसकी परिकल्पना एवं निर्देशन दिलीप भट्ट द्वारा की गई। इस कार्यक्रम में आमजन का प्रवेश निःशुल्क रहेगा।

### किंचिन किड्स में 101 पौधे वितरित



**उदयपुर (पुकार)।** वृक्षम अमृतम सेवा संस्थान और किंचिन किड्स प्री स्कूल एवं चाइल्ड डे केयर भोपालपूरा के संयुक्त तत्वावधान में नव कोपल कार्यक्रम के तहत 101 पौधों का निशुल्क वितरण किया गया। इस अवसर पर विद्यालय समन्वक शालिनी उपाध्याय, प्रधानाचार्या कृष्णा उपाध्याय, वृक्षम अध्यक्ष गोपेश शर्मा, सचिव यशवंत त्रिवेदी, सह सचिव निलेश पालीवाल, एग्जीक्यूटिव सदस्य लविश चपलोत, वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर मनोज आंचलिया, समस्त अभिभावक और किड्स उपस्थित रहे।

महेश उपाध्याय ने सभी अतिथियों को सम्मानित करते हुए वृक्षम नारी शक्ति सम्मान प्राप्त डॉ. सीमा वेद और पुष्पा खमेसरा को उपरना और तस्वीर देकर सम्मानित किया। गोपेश शर्मा ने ऑक्सीजन और पर्यावरण के महत्व पर प्रकाश डाला। वहीं, मनोज आंचलिया ने गुमनाम शहीदों की अमर गाथा साझा की, जिनका नाम इतिहास में दर्ज नहीं है, और पधारे हुए अतिथियों को उनके योगदान के बारे में बताया। कार्यक्रम के दौरान, बच्चों और उपस्थित लोगों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने का महत्वपूर्ण संदेश दिया गया।

## संस्कृति, संस्कार व सांस्कृतिक आदान प्रदान करने भारत व चार देशों के बच्चों का 5 जनवरी से उदयपुर में होगा संगम

#### वन वर्ल्ड-इंटरनेशनल 2026 की थीम पर चार दिन तक उदयपुर में होंगे आयोजन

#### विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से एक दूसरो को जानेंगे बच्चे



**उदयपुर (पुकार)।** जाति, धर्म एवं ऊंच-नीच जैसे सभी भेदभाव को समाप्त करके विभिन्न देशों से आए बच्चों के साथ ही भारत के बच्चों में नेतृत्व, अभिव्यक्ति, आत्मविश्वास एवं वैश्विक दृष्टिकोण की भावना विकसित करने तथा संस्कृति का आदान प्रदान करने के उद्देश्य से हर आर्ट ग्लोबल वेलनेस फाउंडेशन व सनराइज ग्रुप ऑफ कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान तथा रोटरी क्लब ऑफ मीरा के कार्यक्रम रोटरी यूथ लीडरशिप अवार्ड (रायला) के साझे में वन वर्ल्ड-इंटरनेशनल 2026 का आयोजन 5 जनवरी से 10 जनवरी तक उदयपुर में हो रहा है। हर आर्ट की फाउंडर ललिता स्वामी ने बताया कि इस अंतरराष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम में पांच देशों मलेशिया, श्रीलंका, नेपाल, मॉरीशियस के अलावा भारत के विभिन्न शहरों के 135 बच्चे सहभागिता करेंगे। इनके अलावा राजस्थान व उदयपुर के कुल मिलाकर लगभग 400 बच्चों की सक्रिय भागीदारी रहेगी। जाति, धर्म एवं ऊंच-नीच जैसे सभी भेदभाव को समाप्त करते हुए इस कार्यक्रम में पूरे विश्व से बच्चे भाग ले रहे हैं, ताकि उनका सर्वांगीण विकास हो सके और वे एकजुट होकर विश्व शांति एवं सकारात्मक परिवर्तन के लिए तैयार हो सकें।

ललिता स्वामी के अनुसार कार्यक्रम का शुभारंभ 5 जनवरी को गीतांजलि मेडिकल कॉलेज के सभागार में होगा जहां मुख्य अतिथि के रुप में केंद्रीय मंत्री गजेंद्र शेखावत को आमंत्रित किया गया है। अध्यक्षता लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ करेंगे। विशिष्ट अतिथि रोटरी डिस्ट्रिक्ट गवर्नर प्रज्ञा मेहता, इस्कॉन के महात्मा दास, आईआरएएस जैगम अली खान संतुलन दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान प्रमुख साध्वी दीपिका व राज्यसभा सांसद चुन्नीलाल गरासिया होंगे।

स्वामी ने बताया कि इस पांच दिवसीय कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में कला, नाट्य, वाद-विवाद प्रतियोगिताओं एवं विविध सृजनात्मक गतिविधियों के माध्यम से व्यक्तित्व विकास की सशक्त आधारशिला रखना है। कार्यक्रम में बच्चों को नेतृत्व, अभिव्यक्ति, आत्मविश्वास एवं वैश्विक दृष्टिकोण विकसित करने का अवसर प्रदान किया जाएगा। कार्यक्रम की थीम वन वर्ल्ड पर आधारित है, जो समावेशन, समानता एवं वैश्विक एकता का संदेश देती है।

सनराइज ग्रुप ऑफ कॉलेज के संस्थापक हरीश राजानी ने बताया कि यह कार्यक्रम बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए एक अनूठा मंच सिद्ध होगा, जहां विभिन्न देशों एवं संस्कृतियों के प्रतिभागी आपसी संवाद और रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से एक-दूसरे से सीखेंगे। उन्होंने कहा कि देश-विदेश के बच्चों को आतिथ्य प्रदान करके हमें खुशी हो रही है। यहां की संस्कृति और स्वाभिमान को बच्चे सिखेंगे यह हमारे लिए गौरव की बात होगी।

रोटरी क्लब उदयपुर मीरा की अध्यक्षा डॉ. रेखा सोनी ने बताया कि यह आयोजन न केवल युवाओं में नेतृत्व क्षमता को प्रोत्साहित करेगा, बल्कि उन्हें एक जिम्मेदार एवं संवेदनशील वैश्विक नागरिक बनने की दिशा में भी प्रेरित करेगा।

रायला निदेशक डॉ. हर्षा कुमार एवं रोटरी क्लब उदयपुर मीरा ट्रेनर विजयलक्ष्मी गलूंडिया ने बताया कि कार्यक्रम के अंतर्गत कला प्रतियोगिता, नृत्य प्रतियोगिता, वाद-विवाद प्रतियोगिता एवं नुक्कड़ नाटक जैसी विविध गतिविधियां आयोजित की जाएँगी। सचिव कविता बलदेवा ने बताया कि उदयपुर शहर से राजकीय उच्च माध्यमिक प्रज्ञा चक्षु विद्यालय अंबामाता, विद्याभवन सीनियर सैकंडरी स्कूल, फतहपुरा, पं.खेमराज राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय आयड, उदयपुर, अभिलाषा विशेष विद्यालय, स्वीट वॉयस, जयपुर, प्राच्य शोध पीठ समिति, प्रयास, सिटी प्राइड पब्लिक स्कूल, विवेकानंद केंद्रीय विद्यालय तथा घुमंतू विद्यार्थी इसमें सहभागिता करेंगे। कार्यक्रम की तैयारियाँ जोर-शोर से चल रही हैं।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक लोकेश कुमार आचार्य द्वारा पुकार प्रिंटिंग प्रेस 311-ए, चित्रकूट नगर, भुवाणा, पत्रकार विहार, नांदी फाउण्डेशन के सामने, उदयपुर (राज.) में मुद्रित एवं पुकार प्रकाशन संस्थान कार्यालय 311-ए, चित्रकूट नगर, भुवाणा, पत्रकार विहार, नांदी फाउण्डेशन के सामने, उदयपुर (राज.) से प्रकाशित। सम्पादक : लोकेश कुमार आचार्य। केन्द्रीय कार्यालय : प्रेम कुंज 92 नेहरू बाजार उदयपुर। फोन/फैक्स : (0294) 5103299. मोबाइल : 98290 05007, 94140 58114. प्रबंध सम्पादक : लीला राय आचार्य, उप सम्पादक : अजय कुमार आचार्य।। जयपुर कार्यालय : कुंभामार्ग प्रतापनगर, सांगानेर, जयपुर, फोन : (0141) 3271115, E-mail: dainikpukar@yahoo.com.